सूर्योदय : 6:00
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-131 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 18 अक्टूबर 2023
02 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा

www.avadhnama.com
G20



सीएम योगी ने बुलंदशहर को दी 632 करोड़ की सौगात

## अपराधियों को पाताल से भी ढूंढ लायेंगे: योगी

- यूपी में पहले अराजकता थी
- अब दंगाई गले में तख्ती डालकर जान की भीख मांगते हैं
- मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को देंगे सरकारी नौकरी



**बुलंदशहर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में मंगलवार को 632 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस मौके पर उन्होंने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूर्व की सरकारों पर भी हमला बोला। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सुरक्षा में सेंध लगाने की छूट हमारी सरकार नहीं देती। बहन-बेटियों की सुरक्षा में जो सेंध लगाएगा उसको सरकार पाताल से भी खोज कर लाएगी। इसका कार्य हो रहा है। सुरक्षा होगी तो निवेश रोजगार रामराज्य आएगा। जहां पहले गुंडा टैक्स लगता था, आज वहां निवेश के प्रोजेक्ट लग रहे हैं। योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्र में मैं आपके अभिनंदन के लिए स्वयं आया हूं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री को उत्तर प्रदेश की मातृ शक्ति की ओर से अभिनंदन, धन्यवाद। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का ही परिणाम है कि प्रदेश की महिलाओं ने एशियन गेम्स में अपना परचम लहराया है। एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली अन्नू और पारुल चौधरी को न केवल इनाम के तौर पर तीन-तीन करोड़ रुपये दिए जाएंगे, बल्कि उन्हें सीधे डिप्टी एसपी की नौकरी भी दी जाएगी। इसके अलावा मेडल जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी के साथ सहायता राशि दी जाएगी। उन्होंने न केवल प्रदेश बल्कि देश का भी मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत को देखा, शक्तिशाली और वैभवशाली भारत देखा। यही भारत 2014 से पहले असुरक्षा का भारत था, घुसपैठिये घुसपैठ करते थे।

### हापुड़ में 37 परियाजनाओं का लोकार्पण किया

**हापुड़।** मुख्यमंत्री योगी ने बटन दबाकर जिले में विकास पर लगाने के लिए कुल 135.66 करोड़ रुपये की 102 विकास कार्यों की परियोजनाओं की जिलेवासियों को सौगात दे दी। इनमें से उन्होंने 72.21 करोड़ रुपये के 37 परियाजनाओं का लोकार्पण व 63.45 करोड़ रुपये की 65 विकास कार्यों की परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

## समलैंगिक शादी को मान्यता नहीं

**22** नवंबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

"दो समलैंगिक जोड़ों ने विशेष विवाह अधिनियम के तहत समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसके बाद अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी किया।



सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

न शादी की इजाजत, न बच्चा गोद लेने का हक

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी अदालत ने समलैंगिक विवाह पर अपना फैसला सुना दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता नहीं दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 3-2 के बहुमत से फैसला देते हुए कहा कि यह विधायिका का अधिकार क्षेत्र है। सुप्रीम कोर्ट ने बाकी सिविल अधिकार के लिए जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर डाली है। कोर्ट ने स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव से मना किया। शुरू में जब चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपना फैसला पढ़ना शुरू किया था तो समलैंगिक कपल को उम्मीद जगी थी कि उन्हें बच्चे गोद लेने की इजाजत मिल सकती है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह परमिशन भी नहीं दी। इससे पहले राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने समलैंगिकों को बच्चा गोद लेने की इजाजत देने का विरोध किया था। आयोग ने कोर्ट में कहा था कि इस तरह का प्रयोग नहीं होना चाहिए। शोध के आधार पर तर्क दिया गया था कि समलैंगिक जिस बच्चे का पालन करेंगे उसका मानसिक और भावनात्मक विकास कम हो सकता है।

## पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट से 13 मरे

- राहत और बचाव कार्य जारी
- सीएम ने आर्थिक मदद का किया ऐलान



**चेन्नई।** पटाखा कारखानों में दो अलग- अलग विस्फोटों के परिणाम स्वरूप मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। एक कम्मापट्टी गांव में और दूसरा शिवकाशी में, दोनों विरुधुनगर जिले में हैं। पहले इसमें पांच लोगों के मौत की खबर थी। अग्निशमन एवं बचाव विभाग के अनुसार, प्रारंभिक विस्फोट उसी जिले में शिवकाशी के पास एक पटाखा निर्माण सुविधा में हुआ, जिसके बाद आग बुझाने वाली इकाइयों को तुरंत प्रतिक्रिया देनी पड़ी। पहले विस्फोट के बाद, दूसरा विस्फोट हुआ, इस बार कम्मापट्टी गांव की एक पटाखा फैक्ट्री में। पुलिस, दमकल एवं बचाव सेवा कर्मी एवं स्थानीय लोग मिलकर आग बुझाने और पीड़ितों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इन दुखद घटनाओं ने इस क्षेत्र में शोक पैदा कर दिया है, और विस्फोटों के कारणों का पता लगाने और भविष्य में इसी तरह की त्रासदियों को रोकने के लिए जांच चल रही है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 3 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को 1-1 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल हुए लोगों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की थी।

### मेरठ में दर्दनाक हादसा विस्फोट से चार की मौत

**मेरठ।** मेरठ में मंगलवार को सुबह लोहिया नगर इलाके में एक मकान में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए आज यहां बताया कि विस्फोट में पांच लोग घायल हुए थे और इलाज के दौरान उनमें से चार लोगों की मौत हो गयी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव के निर्देश दिये हैं। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से चार ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ऐसा लगता है कि यह लोग फैक्टरी में काम करने वाले मजदूर थे जिनकी विस्फोट में जान चली गई। उन्होंने बताया कि मौके से साबुन बनाने की सामग्री और साबुन का स्टॉक मिला, जिससे ऐसा लगता है कि यहां साबुन बनाने या साबुन की पैकिंग आदि का काम होता था।

गगनयान मिशन को लेकर पीएम मोदी ने की बैठक

## 2040 तक चंद्रमा पर इंसान भेजेगा भारत

- बनाया जाएगा मून एक्सप्लोरेशन का रोडमैप: पीएम
- शुक्र व मंगल ग्रह के लिए शुरू होगा मिशन




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को 2035 तक अंतरिक्ष में इंडियन स्पेस स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक चंद्रमा पर पहला भारतीय भेजने का लक्ष्य बनाने को कहा है। पीएम ने ये बात गगनयान मिशन की तैयारियों का जायजा लेते हुए कही। इस दौरान प्रधानमंत्री ने क्रू स्पेस एस्केप सिस्टम टेस्ट व्हीकल का पहला प्रदर्शन देखा, जिसे 21 अक्टूबर को लॉन्च किया जाना है।

इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने भारत के स्पेस ऑपरेशंस के भविष्य पर बात रखी और वैज्ञानिकों से वीनस ऑर्बिटर मिशन और मार्स लैंडर समेत इंटरप्लेनेटरी मिशन की दिशा में काम करने को कहा।

स्टेटमेंट में कहा गया, चंद्रयान-3 और आदित्य L1 मिशन समेत इंडियन स्पेस इनीशिएटिव्स की सफलता को देखते हुए प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भारत को अब नए और ज्यादा महत्वकांक्षी लक्ष्य बनाने होंगे। इनमें 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चंद्रमा पर पहले भारतीय को पहुंचाने के टार्गेट भी शामिल होंगे। इस विजन को साकार करने के लिए स्पेस डिपार्टमेंट, मून एक्सप्लोरेशन के लिए एक रोडमैप भी तैयार करेगा। स्पेस डिपार्टमेंट ने इस मौके पर गगनयान मिशन की तैयारियों का पूरा खाका पेश किया। डिपार्टमेंट ने बताया कि इस दौरान 20 बड़े टेस्ट किए जाएंगे, जिसमें ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल के तीन मानवरहित मिशन भी शामिल होंगे।

### 23,000 करोड़ की समुद्री परियोजनाओं की शुरुआत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 23,000 करोड़ रुपये की समुद्री परियोजनाओं की शुरुआत की और इसके साथ ही नीली अर्थव्यवस्था के लिए लॉन्ग टर्म विजन डॉक्यूमेंट जारी किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें बंदरगाह सुविधाओं में वृद्धि, सतत प्रथाओं को बढ़ावा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाए जाने के मकसद से रणनीतिक पहल की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने 'ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट' के तीसरे संस्करण के दौरान भारतीय समुद्री नीली अर्थव्यवस्था के लिए 23,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया या उनका शिलान्यास किया।

## सरकारी बंगले में ही रहेंगे राघव चढ्डा: दिल्ली हाईकोर्ट

- यह मकान या दुकान नहीं, संविधान को बचाने की लड़ाई है
- सत्य और न्याय की जीत हुई



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा मंगलवार को ट्रायल कोर्ट के पूर्व आदेश को रद्द करने के बाद आप सांसद राघव चड्ढा को अपना सरकारी बंगला खाली नहीं करना पड़ेगा। उच्च न्यायालय ने राज्यसभा सचिवालय को उन्हें आवंटित सरकारी बंगले से बेदखल करने से रोकने वाले निचली अदालत के अंतरिम आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका आज स्वीकार कर ली। इसकी को लेकर राघव चड्ढा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये मकान या दुकान की नहीं, संविधान को बचाने की लड़ाई है। अपने एक्स पोस्ट में राघव चड्ढा ने कहा कि ये मकान या दुकान की नहीं, संविधान को बचाने की लड़ाई है। अंततः सत्य और न्याय की जीत हुई। मुझे मेरे आधिकारिक आवास से बेदखल करने के अन्यायपूर्ण आदेश को रद्द करने के माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले पर मेरा बयान। उन्होंने कहा कि इस आवंटन को रद्द करना राजनीतिक प्रतिशोध का स्पष्ट मामला था, जिसका उद्देश्य एक युवा, मुखर सांसद को चुप कराना था। मेरे आधिकारिक आवास को रद्द करने का निर्णय मनमाना, अनुचित और अन्यायपूर्ण था, जो राजनीतिक प्रतिशोध में एक नए निचले स्तर का प्रतिनिधित्व करता है।

## सियासत के धोनी हैं शिवराज: राजनाथ

- शिवराज में है अद्भुत कला
- शिवराज फिनिश करना बहुत अच्छे तरीके से जानते हैं



**इंदौर।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी के साथ ही भाजपा ने एक बार फिर सत्ता में वापसी करने के लिए जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत कर दी है। मध्यप्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान को राजनाथ सिंह ने राजनीति का महेंद्र सिंह धोनी बताया।

राजनाथ सिंह ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम शिवराज सियासत के महेंद्र सिंह धोनी हैं। क्योंकि शुरूआत चाहे जैसी भी हो लेकिन शिवराज सिंह चौहान फिनिश करना बहुत अच्छे तरीके से जानते हैं। राजनाथ सिंह ने कमलनाथ सरकार के 15 महीने के कार्यकाल का हवाला देते हुए कहा कि राज्य की जनता ने कांग्रेस और बीजेपी दोनों का कार्यकाल देखा है। कांग्रेस के सीएम के तौर पर कमलनाथ के कार्यकाल को देखा और अब सीएम शिवराज सिंह चौहान को भी देख रहे हैं। ऐसे में राज्य की जनता खुद तय कर सकती है कि सही मायने में कौन जनता की सच्चे मन से सेवा कर रहा है। केंद्रीय रक्षामंत्री ने कहा कि वह पिछले 20 सालों से शिवराज सिंह को जानते हैं। वह एक अद्भुत कला के मालिक हैं। उन्होंने कहा कि सीएम शिवराज सिर्फ अपनी कला के दम पर ना सिर्फ चुनाव जीतना जानते हैं, बल्कि एक सच्चे सेवक की तरह जनता की सेवा भी करते हैं। क्योंकि वह जनता के सच्चे सेवक हैं। वहीं राजनाथ ने केंद्र की मोदी सरकार के भी कसीदे पढ़े। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के बारे में कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में साल 2001-02 में मध्यप्रदेश की जीडीपी जो केवल 71,594 करोड़ रुपये थी।

"सीएम शिवराज सिंह के नेतृत्व में यह बढ़कर 13 लाख 22 हजार करोड़ से अधिक हो गयी है। वहीं सीएम शिवराज ने नीमच की जनता से कहा कि आपके हमेशा अपना आशीर्वाद बीजेपी के साथ बनाए रखा है। साल 2018 में नीमच की तीनों सीटों और मंदसौर की चारों सीटों पर बीजेपी को जीत हासिल हुई थी। सीएम शिवराज ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने विकास का कोई काम नहीं किया और न कभी किसी के खाते में पैसे डाले। लेकिन इससे उलट बीजेपी सरकार ने विकास के कार्यो को किया है। वहीं सीएम ने घोषणा करते हुए कहा कि वह 3200 करोड़ की नीमच-जावद सूक्ष्म सिंचाई योजना को मंजूरी दे रहे हैं।

## वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

- अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर, कृति-आलिया को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला



**नई दिल्ली।** मंगलवार को 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पदक प्रदान किये।

इस दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहे। अवॉर्ड के विजेताओं की घोषणा 24 अगस्त को कर दी गयी थी। लीजेंड्री अदाकार वहीदा रहमान को 2021 के लिए दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसे भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च पुरस्कार माना जाता है। इस दौरान वहीदा रहमान कुछ भावुक नजर आयीं। उन्होंने अपना पुरस्कार इंडस्ट्री को समर्पित किया। तेलुगु सिनेमा के दिग्गज कलाकार अल्लू अर्जुन को पुष्पा- द राइज के लिए बेस्ट एक्टर श्रेणी में पुरस्कार दिया गया। अल्लू को पहली बार नेशनल अवॉर्ड दिया गया है। एक्टर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा- यह क्षण शब्दों से परे है।

मैं वास्तव में विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी आलिया भट्ट को गंगूबाई काठियावाड़ी और कृति सेनन को मिमी के लिए पुरस्कृत किया गया।

## संघ मानहानि मामले में राहुल ने किया बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख

- पांच दिसंबर को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की मानहानि से जुड़े एक मामले में अदालत का सामना कर रहे राहुल गांधी ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। साल 2017 में पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या को भाजपा-आरएसएस की विचारधारा से जोड़ने वाली टिप्पणी करने के लिए राहुल के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया गया था। अब राहुल ने अपनी टिप्पणी को लेकर दायर मानहानि की शिकायत को रद्द करने के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय का रुख किया है।

इस मामले में राहुल गांधी की याचिका में कहा गया है कि उनके खिलाफ मामले को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता सीताराम येचुरी के खिलाफ दायर मामले के साथ जोड़ कर नहीं देखा जा सकता है। दोनों ने अलग-अलग मौकों पर बयान दिए हैं। साथ ही वे अलग-अलगया यहां तक कि विपरीत विचारधारा वाले दो अलग-अलग दलों से संबंधित हैं। ऐसे में संयुक्त सुनवाई से राहुल गांधी के मामले पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। न्यायमूर्ति एस वी कोटवाल ने याचिका पर सुनवाई की तारीख पांच दिसंबर तय की। बता दें कि वकील धृतिमान जोशी ने 2017 में बॉम्बे की एक मजिस्ट्रेट अदालत में राहुल गांधी, उनकी मां और नेता सोनिया गांधी के साथ ही माकपा नेता सीताराम येचुरी के खिलाफ निजी शिकायत दायर की थी। इसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत कथित मानहानि के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। हालांकि साल 2019 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सोनिया गांधी के खिलाफ मामला खारिज कर दिया था, लेकिन राहुल गांधी और येचुरी को नोटिस जारी किया गया था।

### सपा के 10-12 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिये मंगलवार को अपने पक्के वादों का ऐलान कर दिया। कांग्रेस के साथ तालमेल नहीं हो पाने के कारण सपा मध्य प्रदेश की 10-12 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने पर विचार कर रही है। सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने यहां एक बयान में बताया, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 'पक्के वादे' जारी कर दिये हैं। उन्होंने कहा, यह चुनाव घोषणापत्र नहीं है बल्कि वादों की सूची है। पार्टी प्रत्याशियों की जीत के बाद सपा प्राथमिकता के आधार पर उन वादों पर अमल कराने को प्रतिबद्ध रहेगी। इस सवाल पर कि क्या मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्ष दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' के तहत कांग्रेस से तालमेल की सभी सम्भावनाएं खत्म हो गयी हैं, सपा प्रवक्ता ने कहा, इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिये है।

**तोहफा** अस्थाई कर्मचारी भी होंगे लाभान्वित

## केंद्रीय कर्मियों को दीपावली पर एडहॉक बोनस देने का एलान

- पार्ट टाइम कर्मी नहीं होंगे पात्र
- इस बार 46 प्रतिशत हो जाएगा डीए
- सीपीआई की दर 7.44 प्रतिशत रही है



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने केंद्र सरकार के कर्मियों को दीपावली के मौके पर नॉन-प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (एडहॉक बोनस) देने की घोषणा की है। इसके तहत सभी पात्र कर्मियों को 30 दिन के वेतन जितनी राशि मिलेगी। केंद्र सरकार के ग्रुप बी और ग्रुप सी के अंतर्गत आने वाले वे अराजपत्रित कर्मचारी, जो किसी प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस स्कीम के तहत नहीं आते हैं, उन्हें भी यह बोनस दिया जाएगा। एडहॉक बोनस का फायदा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सभी योग्य कर्मियों को भी मिलेगा। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, एडहॉक बोनस के तहत जो रकम दी जाती है, उसका निर्धारण करने के लिए एक नियम बनाया गया है। कर्मियों का औसत वेतन, गणना की उच्चतम सीमा के अनुसार, जो भी कम हो, उसके आधार पर बोनस जोड़ा जाता है। यदि किसी कर्मी को सात हजार रुपये मिल रहे हैं, तो उसका 30 दिनों का मासिक बोनस लगभग 6907 रुपये रहेगा। इस तरह के बोनस का फायदा, केंद्र सरकार के उन कर्मचारियों को ही मिलेगा, जो 31 मार्च 2023 को सेवा में रहे हैं। उन्होंने साल 2022-23 के दौरान कम से कम छह महीने तक लगातार ड्यूटी दी है। वित्त मंत्रालय के आदेश में कहा गया है, जो कर्मचारी अस्थायी तौर से एडहॉक बेस पर नियुक्त हुए हैं, उन्हें भी ये बोनस मिलेगा, बशर्ते उनकी सेवा के बीच कोई ब्रेक न रहा हो। ऐसे कर्मचारी जो, 31 मार्च 2023 को या उससे पहले सेवा से बाहर हो गए।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरुक



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को बाबू सिंह इंटरकालेज मे थाना प्रभारी राजीच सिंह व महिला पुलिस कर्मियों ने छात्रों व महिला शिक्षकों को जागरुक किया। छात्राओं व महिला शिक्षकों को जागरूक करते हुये थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि सभी बेटियां स्कूल से जाने व आने पर रास्तों मे यदि कोई व्यक्ति परेशान करता है। तो निसंकोच वह नजदीक पुलिस स्टेशन पर शिकायत करें।

उन्होंने 1090, 101, 108, 102,112 फोन नंबर बताये। कहीं पर भी 112 डायल करने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचती। इसके अलावा कही पर भी हादसा या अन्य गंम्भीर बीमारियों पर 108 व 102 डायल करने से मौके पर ही एम्बुलेंस सेवा उपल्बध हो जाती है। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने मोबाईल से आन लाईन ठगी करने के मामले मे भी जागरूक किया। बताया सभी अपने परिजनों को भी जागरूक करें कि मोबाईल पर किसी तरह की बिजली काटने,,एटीएम कार्ड नवीनीकरण से लेकर ईनाम का लालच देकर तथा रिस्तेदार बनकर व अन्य कई तरह से ठग ओटीपी लेकर खातों से रूपया ऑनलाईन निकाल लेते है। सभी बेटियां निसंकोच होकर अपने घरों मे भी परिजनों को बतायें तथा थाने पर शिकायत करें। जो गोपनीय रखा जायेगा। इस अवसर पर महिला सिपाही छाया व रेनू ने छात्राओं को रास्ते मे छींटाकशी करने वाले अपराधियों से निपटने का तरीका बताया। अवसर पर शिक्षक अशोक सिंह, देवेश सिंह, झरना सिंह आदि मौजूद रहे।

## हत्या के आरोपी पिता व पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** गत 15 अक्टूबर को रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में शबाना की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में शबाना के पिता छोटकन्ने पुत्र विस्मिल्लाह व भाई सिराजुद्दीन पुत्र छोटकन्ने के खिलाफहत्या आदि धाराओ में केस दर्ज किया गया था। वारदात के बाद से दोनों फरार चल रहे थे।

मंगलवार को रामकोट थाना पुलिस ने घटना का राजफाश किया। रामकोट थाना पुलिस ने नवीन चौक के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने छोटकन्ने व सिराजुद्दीन को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि शबाना की हत्या प्रेम संबंध में हत्या कर दी गई थी। पिता व भाई को शबाना का प्रेम मंजूर नहीं था। जिसके चलते उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कार को बरामद किया है। गिरफ्तारीर करने वाली पुलिस टीम में रामकोट थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द, निरीक्षक अपराध कौशलेश कुमार सिंह, पुलिसकर्मी मानवेन्द्र सिंह ढाका, मयंक कुमार, अमित कश्यप, धर्मेन्द्र कुमार आदि शामिल हैं।

# कुंभी चीनी मिल में बिजली के पोल पर चढ़कर काम करते समय गिरा मजदूर

■ अस्पताल में इलाज के दौरान मौत
■ चीनी मिल के गेट पर शव रखकर हंगामा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल में बिजली के पोल पर चढ़कर काम करते समय एक मजदूर पोल टूट जाने से गिरकर घायल हो गया था। खैराबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक 35 वर्षीय अनिल कुमार कोटनाथ का निवासी था उसका शव रात में उसके गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार सुबह परिजन और किसान यूनियन के सदस्यों ने चीनी मिल के गेट के सामने बैठकर धरना देना शुरू कर दिया। चीनी मिल के अधिकारियों से 25 लाख रुपये के मुआवजे की मांग के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने की मांग कर रहे थे अधिकारियों ने जब मांगें नहीं मानी तो चीनी मिल के गेट पर शव रख दिया गया। तब जाकर चीनी मिल के अधिकारी मृतक के परिजनों की मांग को मानने के लिए तैयार हो गए। चीनी मिल की इकाई प्रमुख डॉ सुनील कुमार यादव ने धरने पर बैठे लोगों के बीच में आकर परिजनों को 16 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा कीइकाई प्रमुख डॉ सुनील कुमार यादव ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया, तब जाकर धरना समाप्त हुआ। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त प्रमोद पुत्र शिवराम निवासी गोडवा थाना शारदानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## मतदेय स्थलों की सूची प्रकाशित, आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध

**लखीमपुर खीरी।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1961 की धारा 25 के उपबंधो के अनुसरण में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र बहादुर सिंह ने एतद्द्वारा निर्वाचन आयोग के पूर्व अनुमोदन से संसदीय/विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए संलग्न सूची में विनिर्दिष्ट मतदान केन्द्रों का प्रत्येक के सामने उल्लिखित मतदान क्षेत्रों अथवा मतदान-समूह के लिये उपबन्ध के अधीन 137-पलिया, 138-निघासन, 139-गोला गोकरननाथ, 140-श्रीनगर (अ.जा.), 141-धौरहरा, 142-लखीमपुर, 143-कस्ता (अ.जा.) एवं 144-मोहम्मदी की मतदेय स्थलों की सूची को प्रकाशित कर दिया गया है, जो जिला निर्वाचन कार्यालय, खीरी के ऑनलाइन डी0ई0ओ0 पोर्टल पर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, खीरी तथा सम्बन्धित तहसील में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी

**लखीमपुर खीरी।** नवरात्र व दशहरा त्योहार को देखते हुए मिलावटी खाद्य और पेय पदार्थों की बिक्री रोकने को अभियान चल रहा है। कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सूखे मेवे व अन्य फलाहार के साथ हानिकारक रसायनों से पकाए जाने वाले केला व अन्य फलों की बिक्री रोकने को खाद्य सुरक्षा विभाग अभियान चला रहा है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि धौरहरा तहसील में अभियान चलाकर रमियाबेहड़ से मूगफली दाना और सिसैया चौराहा से साबूदाना का नमूना लिया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामाशीष मौर्य, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार, मनोज कुमार, नाथू कुशवाहा व कुलदीप कुमार दीक्षित सम्मिलित रहे।

## मंदिर में हुआ हवन पूजन



**सीतापुर।** महोली क्षेत्र के हनुमान मंदिर उरदौली में चल रहे गायत्री मंदिर वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान दूसरे दिन हवन पूजन किया गया। दोपहर मे गायत्री यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किए गए। हवन पूजन गायत्री परिवार के द्वारा संपन्न कराए गए। कार्यक्रम के बाद गायत्री परिवार के लोगो ने प्रवचन के दौरान मां गायत्री की महिमा का वर्णन श्रद्धालुओं को बताया गया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक कमलेश कुमार सोनी द्वारा गायत्री परिवार के परिजनों का सम्मान किया गया।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार




*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** खैराबाद पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम असोढ़र निवासी नजीबुल्लाह पुत्र समीउल्लाह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफखैराबाद थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## जिलाधिकारी ने बैठक कर सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी पर की चर्चा

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था पर चर्चा की गई। इसके अन्तर्गत खाद्यान्न भेजने एवं प्राप्ति तथा खाद्यान्न के परिवहन आदि में आने वाली समस्याओं के निराकरण को लेकर जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने बैठक में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में आधार लिंकेज कराये जाने के संबंध में संबंधित को निर्देश दिये कि आधार लिंक का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जायै। जिसके लिये गैस एजेन्सी एवं पूर्ति निरीक्षक आपस में समन्वय स्थापित करें। ताकि कार्य में प्रगति लायी जा सके। उन्होंने डोर स्टेप डिलीवरी हेतु संबंधित को निर्देश दिये कि ऐसे राशन की दुकानों की सूची तैयार कर ली जाये, जिनको डोर स्टेप के माध्यम से राशन प्राप्त करने में असुविधा हो रही है। राशन उठान के दौरान पूर्ति निरीक्षक कोटेदारों से समन्वय स्थापित करते हुये प्राप्त हुये राशन की सूची उपलब्ध करायेंगे। राशन की दुकानों को मुख्य मार्गों पर लाने हेतु उचित कार्यवाही करें।ऐसी राशन की दुकानें जहां खाद्यान्न पहुंचनें में असुविधा होती है, उसके लिये वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि रिक्त दुकानों हेतु प्राप्त आवेदनों का निस्तारण जल्द से जल्द कर दिया जाये। पेंशनरों का राशन कार्ड जारी कर दिये जायें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा आदि मौजूद रहे।



## बाघ के हमले से घायल हुआ गोवंश



**सीतापुर।** महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पकरिया पांडेय निवासी कृष्ण कुमार दीक्षित की गांय की बछिया घर के बाहर बंधी थी। अचानक वहां बाघ पहुंच गया और उसने बछिया पर हमला कर दिया।

बाघ के गुर्राने व बछिया की आवाज सुनते ही ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर शोर मचाते हुए दौड़ पड़े। इसी बीच बाघ गांव से भागकर खेतों में चला गया। हालांकि तब तक बाघ के हमले से बछिया जख्मी हो चुकी थी। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग से वनरक्षक नंदलाल सहित अन्य वनकर्मी गांव पहुंचे। वनकर्मियों ने घटना स्थल को देखा और पगचिन्ह देख बाघ होने की पुष्टि भी की। वन विभाग की टीम ने गांव के आस पास काबिंग की। इस दौरान कई जगहो पर बाघ के पग चिन्ह मिले। वनकर्मियों ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की हिदायत दी। वहीं बाघ दिखने पर सूचना वन विभाग को देने को कहा। इधर क्षेत्र कें कारे देव मंदिर के निकट भी ग्रामीणों ने बाघ देखे जाने की बात कही है।

## उत्तर प्रदेश के विकास यात्रा की प्रदर्शनी राजकीय इंटर कॉलेज में लगी

**रायबरेली।** जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने राजकीय इंटर कॉलेज में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगी उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया है। यह प्रदर्शनी 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक लगी रहेगी। जनपदवासी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किसी भी समय जाकर इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं। प्रदर्शनी में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा,ऊर्जा, मिशन शक्ति आदि से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई है।

प्रदर्शनी का उद्देश्य आम जनमानस को सरकार की योजनाओं से परिचित कराना है जिससे कि वह लाभान्वित हो सके। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों ने भी प्रदर्शनी को देखा और सरकार की विकास योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

## मूर्ति विसर्जन को लेकर जिलाधिकारी ने किया राजघाट का निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने मूर्ति विसर्जन को लेकर राजघाट में हुई तैयारी का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने वहां पर साफ सफाई और मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाए की मूर्ति विसर्जन करते समय प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम हो। विसर्जन के समय नदियों में थर्माकोल,प्लास्टिक, केमिकल आदि न विसर्जित किया जाए। साथ ही मूर्ति विसर्जन वाले स्थान पर बैरिकेडिंग भी की जाए जिससे कि लोगों को किसी प्रकार के नुकसान ना हो। मूर्ति विसर्जन करते समय इस बात का खास ख्याल रखा जाए कि लोग लाउडस्पीकर से अत्यधिक ध्वनि ना करें।

# बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने योग प्रशिक्षक महिला के रिक्त पदों को भरने के लिए कहां। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भाँगयुक्त दवाओं की बिक्री पर गहन निरीक्षण कर रोक लगायी जाये।

जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित हेल्थ वेलनेस सेण्टर में पेयजल की व्यवस्था हेतु प्रत्येक हेल्थ वेलनेस सेण्टर में आरओ लगाने के निर्देश दिए। हेल्थ वेलनेस सेण्टर में औषधि वाटिका के रख-रखाव एवं औषधीय पौधों को रोपित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं मनरेगा से सहयोग लेने का सुझाव दिया। आयुर्वेदिक एवं यूनानी औषधियों की गुणवत्ता हेतु औषधियों की सैम्पलिंग कर राजकीय विश्लेषक से परीक्षण कराया जाये। परीक्षणोपरान्त अधोमानक पायी गयी औषधि निर्माता कम्पनी के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में किराये के भवनों में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालयों को निकटतम स्थापित शासकीय भवनों में स्थानांतरित करने हेतु सुझाव दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## कसमंडा क्षेत्र में शिक्षकों को वितरित किए गए टैबलेट

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कसमंडा में शिक्षकों को टैबलेट वितरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कसमंडा संतोष मिश्रा ने शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए।। टैबलेट मिलने से शिक्षकों को पाठन कार्य करने में और आसानी हो रही है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि टैबलेट मिलने से विभागीय महत्वाकांक्षाओं को गति मिलेगी। व्यक्तिगत फोन में भार कम होगा। बीईओ ने बताया की टैबलेट से एमडीएम में बच्चों फेस हाजिरी, देर से आना जल्दी जाने पर लगाम लगेगी। सूचनाओं का अभिलेखीय कार्य टैबलेट से किया जाएगा। समस्त शिक्षा संबंधी सूचनाओं विभाग के एप भी टैबलेट से चलाए जाएंगे। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय सरैया अकबरपुर प्राथमिक विद्यालय गढी करौंदी, थानापट्टी रंगामऊ, नवागांव, गोविंदापुर, सुरैचा, भानपुर ,जैतनपुर, प्रताप बेहड़, पताराकला, मरेली विद्यालयों में टैबलेट वितरण किए गए।



## पिसावां क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की बिजली गुल

**सीतापुर।** सोमवार को आंधी व बारिश के कारण पिसावां क्षेत्र में तमाम स्थानों पर बिजली के तारों पर पेंड गिर गए। कई जगहों पर बिजली के खंभे टूट गए। इस वजह से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की बिजली गुल हो गई।

पिसावां क्षेत्र के नेरी बरगावां तथा पिसावां के उपकेंद्रों के सैकडों गांव की बिजली आपर्ति 24 घटे के बाद भी बहाल नहीं हो सकी है। मंगलवार को बिजली कर्मचारी लाईन मरम्मत के कार्य में जुटे नजर आए। क्षेत्र के जेई सुनील कुमार कन्नौजिया ने बताया कि क्षेत्र के ससुर्दीपुर, मूडा खुर्द, , सेज खुर्द, पथरी आदि अधिकतर गांवों मे आंधी की वजह से कई पेंड टूटकर बिजली के तारों पर गिर गये हैं। जिससे कहीं तार तो कहीं खम्भे टूट गए है। सभी स्थानों पर बिजली आपूर्ति बहाल हो सके, इसके लिये खंम्भा व तारों की मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया देर शाम तक मरम्मत कार्य पूरा होने की उम्मीद है। जिसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी।

## टैबलेट का प्रयोग करके किया जाए बच्चों का निपुण टेस्टः मो. मतीन

**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अमावां ब्लॉक के कोड़रस बुजुर्ग संकुल की बैठक प्राथमिक विद्यालय लालूपुर चौहान गांव में सम्पन्न हुई। संकुल शिक्षक बैठक में विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। इसके अलावा शिक्षक संकुल के विद्यालयों को दिसंबर तक निपुण विद्यालय बनाने के लक्ष्य पर चर्चा की गई। बता दें शिक्षक संकुल कें विद्यालयों को दिसंबर 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य दिया गया है।प्राथमिक विद्यालय लालूपुर चौहान में आयोजित संकुल बैठक की अध्यक्षता करते हुए नोडल शिक्षक मो0 मतीम खां और शिक्षक संकुल लक्ष्मी सिंह ने दिसंबर 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने के लिए पांच बिंदु के टूलकिट का प्रयोग करने पर चर्चा की। इसके तहत शिक्षकों का कक्षा आवंटन व कार्य विभाजन, संदर्शिका आधारित शिक्षण योजना का प्रयोग, छात्रों का आंकलन व रेमेडियल शामिल हैं। साथ ही समुदायिक सहभागिता व अभिभावक के साथ संपर्क, शिक्षक छात्र के बीच आत्मीय संबंध बनाना शामिल है।

# फुहारों से गिरी फसलों की बालियों को नुकसान किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र में सोमवार शाम तेज हवा के साथ हुई बारिश से तैयार धान की फसलें खेतों में गिर गईं। वहीं रात में रुक-रुक कर हो रही बारिश की फुहारों से गिरी फसलों की बालियों से नुकसान देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें आ गई हैं। इसका उत्पादन पर खासा प्रभाव पड़ने की किसानों ने उम्मीद जताई है आपको बता दें कि, लगता है अन्नदाताओं से भाग्य ही नाराज है। रोपाई के समय समितियों से खाद गायब थी। किसानों ने किसी तरह धान की फसलें तैयार की, सफल होते ही सोमवार शाम मौसम ने ऐसा तांडव मचाया कि, हजारों बीघे धान की फसल खेतों में गिर गई। अगैती प्रजाति के धान के फसल की तो कटाई भी शुरू हो गई है। लेकिन मौसम के रुख में बदलाव से किसान परेशान हैं। जिस खेत में धान की बालियां सही लगी थीं वह गिर गई। अगर अब लगातार बारिश हुई तो खेतों में जल भराव की स्थिति बन सकती है। ऐसे में कटाई में दिक्कत होगी। जिससे उत्पादन पर खासा प्रभाव पड़ेगा।

आपको यह भी बता दें कि, सोमवार रात हुई बारिश और आंधी से खेतों में तैयार धान की फसलों को बर्बाद कर दिया है। साथ ही किसानों द्वारा खेतों में बुआई की गई मूली, मटर, लहसन, आलू, सरसों आदि कई फसलों पर बेमौसम पानी फेर दिया। महराजगंज क्षेत्र के किसानों रमाकांत अवस्थी, शिव बहादुर पांडेय, डीडी मिश्रा, ज्योत प्रकाश अवस्थी उर्फ दीपू, रामू शुक्ला, अमरेश अवस्थी ने बताया कि, बेमौसम हुई बारिश से फसलों को फायदा कम, नुकसान ज्यादा हुआ है। इसमें फसलों की बोआई के बाद खेतों में पानी भरने से उनको काफी नुकसान पहुंचा हैं। इसके अलावा खेतों में तैयार खड़ी धान की फसल और कटाई के बाद खेतों में पड़े बड़े पैमाने पर धान भीगने से खराब हो गया है।

मऊ गांव के निवासी किसान कल्लू कबरिया ने बताया कि, उन्होंने ढाई बीघे जमीन बटाई पर ले रखी है, जिसमें धान की तैयार फसल बारिश और तेज आंधी से खेतों में गिर गई। घर चलाने का सिर्फ खेती ही सहारा थी। फसल बर्बाद होने पर घर चलाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। गांव के ही किसान रमाकांत अवस्थी ने बताया कि, उनकी भी करीब ढाई बीघे है धान की फसल तेज आंधी और बारिश से गिरकर खराब हो गई है।

## राम राज्य अभिषेक की घोषणा दशरथ कैकेयी संवाद राम वनवास

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा घण्टा रामलीला मैदान में सोमवार को श्री राम की राज्याभिषेक की धोषणा, दशरथ कैकयी संवाद से राम को वनवास तक की लीला का मंचन किया गयाइसमें राजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ को बुलाकर राम को अयोध्या राज्य का उतराधिकारी बनाने के बारे में चर्चा की और कहा कि राम को अयोध्या का राज सौंप दिया जाना चाहिए। गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ से कहा कि आपका विचार उत्तम और राम को राज सा. *पने का सही समय भी है। गुरु वशिष्ठ से आज्ञा लेने के बाद दशरथ जी ने मुनादी करवा राम के राज तिलक की तैयारी शुरू कर दी। भगवान राम को अयोध्या का राजा बनाए जाने पर पूरी नगरी में खुशी का माहौल था और सभी नर-नारी प्रसन्न थे। पर जैसे ही यह बात मंथरा के कान में पड़ती है तो उसे बड़ा दुख होता है और वह क्रोधित होकर कैकेई के पास पहुंचती है। मथरा कैकेई के पास जाकर उसके कान भरती है लेकिन पहले तो वह नहीं मानती फिर बाद में योगमाया कैकेई की बुद्धि फेर देती और वह कोपभवन में जाकर बैठ जाती है। राजा दशरथ को जब कैकेई के कोप भवन में जाने का समाचार मिलता है तो वे उसके पास मिलने जाते हैं और कैकेई को बहुत समझाते है पर वह नहीं मानती। कैकेई राजा दशरथ से दो वर मांग लेती है जिसमें पहले में भरत को राज तिलक व दूसरे में तपस्वी वेष रख कर राम को चौदह वर्ष का वनवास। राम की सौगंध से मजबूर राजा दशरथ रानी कैकेई के दोनों वरदानों को सुन कर बेसुध होकर गिर जाते हैं और श्री राम के वनवास तक की लीला के बाद आज की लीला को विराम दे दिया जाता है। आज की लीला में मुख्यतया अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरो, उस्ताद अशोक गोयल, कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे, शिव ओम बंसल, संजीव मित्तल, अनिल चौधरी, आलोक गर्ग, ज्ञान प्रकाश गोयल, राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, विनय सिंघल, सुधीर गोयल, सुंदर लाल, राघवेंद्र, सुनील कुमार शीलो, पार्षद नीरज गोयल, मोहित मित्तल, राकेश स्वामी, दिनेश गोयल, श्री कांत राही, मनमोहन मित्तल, प्रेम चंद गुप्ता, नंद किशोर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# शहीद सैनिकों को पितृपक्ष में जल समर्पित श्रद्धा नमन कियाः अंकित शुक्ला

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के तत्वावधान में शहर स्थित शहीद स्मारक गांधी भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके तहत शहीद सैनिकों को पितृपक्ष में श्रद्धा नमन- शहीद सैनिक श्राद्ध कार्यक्रम कराया गया कार्यक्रम संयोजक अंकित शुक्ला ने कहा कि, स्वातंत्रय समर, राष्ट्र विभाजन, राष्ट्र रक्षा शहीद सैनिकों असंख्य बलिदानियों और अनगिनत क्रान्तिकारियों जिन्होंने देशहित में परिणय को स्वीकार नहीं किया उन्हें पितृपक्ष में क्योंकि उनका बलिदान हम सबके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला थी उनकी वंशावली पर लौकिक विराम लगा अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि, स्वतंत्र एवं समृद्ध राष्ट्र जिसका ध्येय था उन शहीद सैनिकों पितृपक्ष में जल समर्पित श्रद्धंजलि अर्पित करने का हम सभी ने संकल्प लिया है उन्होंने कहा कि, सुमंगलम द्वारा भारतीय आदर्श परंपरा, मूल्यों एवं संस्कृति के संरक्षण, संबर्धन के निमित्त सकल लोक मंगल अनुष्ठान में शहीद सैनिकों को पितृपक्ष अमावस्या तदनुसार 14 अक्टूबर दिन शनिवार को शहीद पितरों को तर्पण बंदन कर ÷शहीद पितृपक्ष श्रद्धा नमन- शहीद श्राद्ध÷ किया गया अंकित शुक्ला ने बताया कि कई सैकड़ो सैनिक एवं अधिवक्ता पत्रकार समाजसेवी का तता लगा रहा एक्स एनसीसी अध्यक्ष अजीत सिंह ने अंकित शुक्ला की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे युवा कि इनकी प्रशंसा करने के लिए शब्द नहीं है पूर्व सैनिक कर्नल दयाशंकर दुबे जी ने अंकित शुक्ला की भूर-भर प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम करने पर इनकी जितनी भी सराहना की जाए वह कम है सुदर लाल लोधी ने एक ऐसे युवा जिसे हम सब सीख ले रहे हैं पूर्व सैनिक राजेश कुमार यादव ने अंकित शुक्ला की प्रशंसा की एवं यह समाजसेवी भी है एवं समाज को ऐसा संदेश दे रहे हैं जो अभी तक कोई नेता नहीं दे पाया अमित मिश्रा ने अंकित शुक्ला की प्रशंसा की एवं कहा कि इनके कहने पर जब सैकड़ो लोग आ सकते हैं तो यह आने वाले समय में समाज को एक नया मार्गदर्शन देंगे ने अंकित शुक्ला की भूरी-भूरी प्रशंसा की जनपद हुआ क्षेत्र में खुशी की लहर एवं अंकित शुक्ला की प्रशंसा चर्चा में हुई तेजी इस अवसर पर मेजर कैप्टन ब्रिगेडियर के रैंक तक आए गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उप्र राज्य वन्य जीव बोर्ड की 15वीं बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आज उनके सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड की 15वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की जैव विविधता को संरक्षित करने तथा प्रदेश में ईको टूरिज्म की सम्भावनाओं को विस्तार देने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित दुधवा नेशनल पार्क, चुका टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेन्चुरी जैसे ईको स्पॉट्स के लिए हेलीकाप्टर सेवा, फोरलेन रोड कनेक्टिविटी, गाइड, ठहरने एवं खाने-पीने जैसी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर विकसित की जाएं। वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों की सड़कों के किनारे साइनेज लगाये जाएं। इन साइनेज में हॉर्न न बजाने, वाहन गति सीमा, फायर प्रोटेक्शन जैसे विभिन्न निर्देश उल्लेखित किये जाएं। जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में हमें अपने प्रयास सतत रूप से जारी रखने होंगे। यह सुखद है कि नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से अविरल और निर्मल हो रही गंगा जी में डॉल्फिन की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। वर्तमान में प्रदेश की अन्य नदियों में भी डॉल्फिन देखी जा सकती हैं। लोगों में डॉल्फिन के संरक्षण व संवर्द्धन की जागरूकता हेतु डॉल्फिन मित्र नियुक्त करें। प्रदेश के राज्य पशु 'बारहसिंघा' और राज्य पक्षी 'सारस' के संरक्षण के लिए चरणबद्ध ढंग से कार्यों को आगे बढ़ाया जाए। वन्यजीवों के संरक्षण एवं उनके संवर्द्धन के लिए नियोजित प्रयासों को और तेज किया जाए। नियोजित प्रयासों से ही प्रदेश में बाघों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वन्य जीवों के रेस्क्यू में संवेदनशीलता के साथ मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। राज्य में वेटलैण्ड संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण प्रदेश में

- डॉल्फिन के संरक्षण व संवर्द्धन की जागरूकता हेतु डॉल्फिन मित्र नियुक्त करें: सीएम योगी

अब तक 10 रामसर साइट घोषित किए गए हैं। वेटलैण्ड संरक्षण के लिये लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए तथा यहां पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाए। जनपद संतकबीरनगर की बखीरा झील ईको टूरिज्म की अपार सम्भावनाओं को समेटे हुए है। यहां के विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करें।

यह प्रयास स्थानीय स्तर पर रोजगार की नवीन सम्भावनाओं को भी जन्म देने वाला होगा। जनपद महराजगंज के अन्तर्गत सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग में स्थित महाव नाले के चैड़ीकरण और गहरीकरण के कार्य को तत्परता के साथ पूर्ण किया जाए।

## बसपा नेता के पैलेस पर रात तक चला बुलडोजर

**फर्रुखाबाद।** बसपा नेता और गैंगस्टर अनुपम दुबे का करीब बीस करोड़ रुपए की लागत से निर्मित श्री गुरुशरण पैलेस पर देर रात तक बुलडोजर चलाकर प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। प्रशासन की यह कार्रवाई देर रात तक करके होटल को पूरी तरह से जमींदोज कर दिया है। बसपा नेता ने अपना होटल कब्रिस्तान की जमीन पर बना लिया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। बसपा नेता की पत्नी के विरोध के बाद भी बुलडोजर नहीं रुका।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने मीडिया को बताया है कि यह होटल अवैध तरीके से कब्रिस्तान की भूमि पर बनाया गया था। पुलिस अधीक्षक ने मीडिया को बताया है कि अनुपम दुबे के खिलाफ 63 मुकदमे पंजीकृत है। उनकी अभी तक कुल 91 करोड़ की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया है कि किसी भी अपराध करने वाले अपराधी को नहीं बख्शा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उन्होंने यह संपत्ति अबैध तरीके से अर्जित की थी।

# अग्रवाल सेवा समिति जालौन के तत्वावधान में भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जालौन।** अग्रवाल सेवा समिति जालौन के तत्वावधान में भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय दाऊ जी गार्डन परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा को भी सम्मानित किया गया। अग्रवाल सेवा समिति जालौन द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत संपन्न हुआ। इस आयोजन में दिव्य झांकियों एवं सुंदर भजनों की प्रस्तुति के साथ भव्य देवी जागरण देर रात्रि तक संचालित हुआ। नवदुर्गा के दौरान आयोजित समारोह में मां दुर्गा, श्री गणेश, हनुमान जी, भैरव बाबा, भोलेनाथ भगवान शिव की सुंदर मूर्तियां मंच पर स्थापित की गई थीं। मातारानी की ज्योति प्रज्वलित करने के उपरांत भजन संध्या का शुभारंभ श्री गणेश वंदना से हुआ। इसके उपरांत विभिन्न गायको के सुंदर भक्तिपूर्ण भजनों ने संपूर्ण पंडाल को भक्ति से सरोबार कर दिया। मां काली द्वारा असुर मर्दन, व राधा कृष्ण की रासलीला के सुंदर रंगमंचीय प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। अग्रवाल सेवा समिति की ओर से आयोजित इस समारोह में नगर की नवनिर्वाचित चेयरमैन श्रीमती नेहा पुनीत मित्तल का नागरिक अभिनंदन करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह समाज के संरक्षक उमा अग्रवाल, मधु सिंघल, विवेक अग्रवाल (अध्यक्ष) आदि ने भेंट किया। समाजसेवी दीपक मित्तल व नितिन मित्तल ने नगर के सभासद शुभम अग्रवाल को सम्मानित किया। जबकि देवांशु अग्रवाल (रामजी), पंकज गर्ग, मनोज मित्तल ने दाऊजी गार्डन के मालिक सेठ उमा अग्रवाल व आशीष अग्रवाल को समाज के प्रति अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। समारोह का संचालन पवन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर भंडारा व प्रसाद वितरण भी किया गया। देवी जागरण का समापन मां दुर्गा व महाराज अग्रसेन की आरती से हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिलीप अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अमन सिंघल, अंशुल अग्रवाल, संकल्प गर्ग, कपिल बंसल, नरेंद्र अग्रवाल, शिव मोहन, नीतेश बंसल, नीलू अग्रवाल, अशोक (लाला), अनिल अग्रवाल, अरविंद बब्बा, अनिल मित्तल, संतोष, विपुल अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, लालजी प्रसाद, मोहित, प्रसून, अर्पित, संदीप, रमेश अग्रवाल, रमा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, मनीष, आकाश गर्ग, मदन मोहन, विष्णु अग्रवाल, प्रीतम अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, ललित अग्रवाल (पूर्व सभासद), नरेश अग्रवाल, कमलेश मामा, महेश मामा, रवि गर्ग, रामजी अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राजेश अग्रवाल आदि ने भक्तिपूर्ण वातावरण में दिव्य देवी जागरण के आयोजन में सक्रिय योगदान किया।

## शाहिद की पत्नी का सम्मान



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** एक मुट्ठी मिट्टी शहीदों के नाम, आज नगर पालिका परिषद में हरिमोहन यादव शाहिद की पत्नी को शाल पहनाकर मैनपुरी नगर पालिका अध्यक्ष संगीता गुप्ता ने और आलोक गुप्ता ने हरि मोहनयादव की धर्मपत्नी को सम्मानित किया और नगर पालिका परिषद के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों ने एक-एक मुट्ठी मिट्टी घड़े में शहीदों के नाम डाली। मौके पर शशि अधिकारी नगर पालिका लालचंद भारती मौजूद रहे।

## ओबीसी महिलाओं को अनुपात से आरक्षण मिले

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर 4 सूत्री मांगों का ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पदम सिंह को दिया है जिसमे मांग की हैं कि महिला आरक्षण के अंतर्गत ओबीसी महिलाओं को भी संख्या के अनुपात में सीट आरक्षित की जाएं, महिला आरक्षण के अंतर्गत एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण को सेपरेट इलेक्टोरेट के साथ लागू किया जाए, ओबीसी समाज को पॉलीटिकल रिजर्वेशन लागू नहीं किया गया है। इसलिए हमारी मांग है कि ओबीसी को संख्या के अनुपात में सेपरेट इलेक्टोरेट के साथ आरक्षण लागू किया जाए, एससी एसटी के पॉलिटिकल रिजर्वेशन में भी सेपरेट इलेक्टोरेट लागू किया जाए। इस मौके पर धनीराम पाल एडवोकेट जिला अध्यक्ष बीएमपी रामनिवास कठेरिया रामबाबू वर्मा राम प्रकाश राम तीरथ राजपूत अन्य सभी राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिलाओं ने की शराब दुकान हटाए जाने की मांग

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जनपद के ग्राम ज्योंता की महिलाओं और पुरुषों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर देसी शराब की दुकान को हटाए जाने की मांग की है। महिलाओं नेअतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा है जिसमें उनका कहना है कि देसी शराब की दुकान बीच बाजार में खुली है ।दुकान के पास मुख्य बाजार लगता है। जहां पर लोग बैठकर शराब पीकर गंदी-गंदी गालियां देते हैं। राह चलते हुए बच्चों को लड़कियों व महिलाओ से छींटाकशी करते हैं। जिससे वहां का माहौल काफी खराब हो गया है।

## के.रि.पु.बल की महिला बाइकर्स यशस्विनी टीम शिलांग से लखनऊ पहुंची



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** के.रि.पु.बल की महिला बाइकर्स यशस्विनी टीम शिलांग से लखनऊ पहुंची, जिनका 1090 चौराहा गोमतीनगर, लखनऊ में मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष नागरिक अभिनंदन किया गया। विश्व के सबसे बडे अर्धसैनिक बल, सीआरपीएफ की महिला बाइकर्स दल जो तीन टीमों में विभाजित होकर उत्तर में श्रीनगर दक्षिण में कन्या कुमारी, तथा पूर्वोत्तर में शिलांग से चल कर एकता नगर गुजरात जा रही है। शिलांग मेघालय से चला दल लगभग 40 जिलों से गुजरते हुए द 13 अक्टूबर को उ.प्र. के चंदौली, प्रयागराज होकर 16 को लखनऊ पहुंची, लगभग 3291 किलोमीटर का सफर तय करते हुए 31 अक्टूबर को एकतानगर गुजरात पहुचेंगीं। मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उ.प्र. सरकार नें अपने सम्बोधन में केरिपुबल की इन विरांगनाओं जो देश के प्रत्येक कोने का भ्रमण कर नारी शक्ति के विकास पथ को आगे बढाने का काम किया उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं अर्पित की। इस पावन अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्य व रंगमंचीय कार्मियों ने कला एवं सांस्कृति का भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथिगणों में श्रीमति सुषमा खरकवाल, मेयर, लखनऊ, श्री सतपाल रावत, महानिरीक्षक, मध्य सेक्टर, श्री भुपेन्द्र कुमार, उप महानिरीक्षक, रेंज लखनऊ, श्री शशि प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र लखनऊ, श्री सुनिल कुमार, उप महानिरीक्षक, मध्य सेक्टर, लखनऊ समिलित हुए।

# पालिका व नगर पंचायत में एक वार्ड को बनाया जाये आदर्श: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग द्वारा प्रदान की गई निर्दिष्ट अनुदान एवं बुनियादी निकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों, आगणन के स्वीकृति हेतु कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त प्रस्तावों व आगणन की विस्तृत रूप से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए कार्य पूरा कराया जाये। किसी भी निर्माण कार्य व सामग्री क्रय के लिए डुप्लीकेसी न हो। इस आशय का प्रमाण पत्र समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को देना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ पानी निकासी (नाली/नाला) की व्यवस्था यदि प्रस्ताव में शामिल नहीं है तो शामिल कराएं और आबादी वाले स्थानों पर अब नाली व नाला ढक्कनदार बनाएं। डीएम ने अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतो में एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाये। जिसमें सभी बुनियादी सुविधाएं साफ सफाई, जल निकासी, विद्युत, शुद्ध पेयजल, ढक्कनदार नाली आदि से संतृप्त हो। उन्होंने कहा कि हर घर को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाये।

जल निगम शहरी, विद्युत, नगर पालिका के साथ बैठक कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए प्रस्ताव बनाया जाये। सरकारी भूमि में अतिक्रमण न होने पाए। जहां अतिक्रमण है उसे चिन्हित करते हुए सूची बनाकर रिपोर्ट से अवगत कराते हुए अतिक्रमण हटाकर कब्जामुक्त किया जाये। उन्होंने अधिकारियो को निर्देशित किया कि अध्यक्षों से प्राप्त सुझावों को अमल में लाया जाए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सदर के अध्यक्ष राजकुमार मौर्या, नगर पालिका परिषद बिंदकी की अध्यक्ष राधा साहू, नगर पंचायत खागा की अध्यक्ष गीता सिंह, नगर पंचायत किशनपुर के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर, नगर पंचायत जहानाबाद के अध्यक्ष सैय्यद आबिद हसन, नगर पंचायत हथगाम के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत असोथर के अध्यक्ष नीरज सिंह, नगर पंचायत बहुआ के अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी खागा नन्द प्रकाश मौर्य, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## अमृतपुर के सैकड़ो गांव में छाया अंधेरा, बिजली गुल

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** तेज आंधी और बरसात में तहसील अमृतपुर क्षेत्र के सैकड़ो गांव की बिजली गुल हो गई है। अभी तक कोई सुधार न होने से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। आंधी के साथ हुई बारिश से गंगापार की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। रात मे आई अंधी के साथ बारिश के बाद से ही अमृतपुर तहसील के चारो उपकेंद्र अमृतपुर प्रथम, अमृतपुर द्वितीय, राजेपुर, सलेमपुर चारो उपकेंद्र पूरी तरह ठप पड़े हैं। विभागीय लोगों ने बताया 33000 लाइन ब्रेकडाउन होने से पूरे तहसील क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई है। फाल्ट ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। देर रात तक आपूर्ति बहाल होने की संभावना है। खबर लिखे जाने आपूर्ति शुरू नही हो पाई थी।

## 21 अक्टूबर को 01 दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दि. 21 अक्टूबर को 01 दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करहल रोड़ में किया जायेगा, इच्छुक अभ्यर्थी उक्त दिनांक को प्रातः 10 बजे अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो सहित निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकते है, एवं रोजगार मेले में चयन निःशुल्क किया जाता है, रोजगार मेले में अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है।

## किसान दिवस आज

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिला कृषि अधिकारी डा. सूर्य प्रताप ने बताया कि दि. 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान सभागार में किसानों की समस्याओं के निस्तारण हेतु किसान दिवस का आयोजन होगा। उन्होने बताया कि किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ कृषकों की आय बढ़ाने के उपाय, कृषि विपणन के सम्बन्ध में उपयोगी जानकारी, किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी, कृषि निवेश, उपकरणों, संचालित योजनाओं में लाभार्थी किसानों के चयन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी जायेगी। उन्होने बताया कि किसान दिवस में कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, विद्युत, सिंचाई, पशु पालन दुग्ध संघ कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, बैंक मैनेजर, इन्श्योरेंस कम्पनी प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे।

## आठवें डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ जिले में आठवें डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन दिनाँक 14 से 16 तक किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे 500 मीटर तथा 1000मीटर रोड रेस जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुया। प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों में मंधाता स्केटिंग स्पोर्ट्स अकेमेडिक की ओर से प्रतिभाग करने वाले शुभ सोनकर ने गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल प्राप्त कर जीत हासिल की। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने भरपूर आनंद लिया और उनमें भी उत्साह देखने को मिला।

## उपचार दौरान युवक की मौत

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** थरियांव थाना क्षेत्र के कौंडरपुर उसरैना के समीप पांच दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल युवक की जिला चिकित्सालय में मौत हो गई। वहीं मृतक के पास मिले आधार कार्ड के जरिये परिजनों को सूचना दी गई लेकिन कोई नहीं आया। जानकारी के अनुसार आगरा जनपद के थाना असरैना गांव जेपीनगर निवासी राजू बाबू का 35 वर्षीय पुत्र रवि 12 अक्टूबर को कौंडरपुर उसरैना के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बुरी तरह घायल हो गया था।

# अगले माह तक जनपद को टॉप-10 में शामिल करायें अधिकारी: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर योजनाओं की खराब प्रगति पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला कृषि अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि संबंधित अधिकारी डैशबोर्ड पर अपडेट रहें, कई योजनाओं में जनपद की प्रगति ठीक नहीं है, जिस कारण जनपद प्रदेश में 58-वें स्थान पर है।

उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि श्रम विभाग की संचालित कन्या विवाह सहायता योजना में जनपद 72-वें स्थान पर है जबकि मातृत्व बालिका शिशु योजना में डी-श्रेणी में है, कन्या विवाह सहायता योजना में 601 आवेदन पत्र अनिस्तारित है, जिस पर उन्होंने श्रम परिवर्तन अधिकारी को हिदायत देते हुए कहा कि अगले 10 दिन में सभी योजनाओं के लंबित आवेदन पत्रों को निस्तारित कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में विभागीय कार्यवाही हेतु संस्तुति की जाएगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि विद्युत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र में जनपद ई-श्रेणी में एवं शहरी क्षेत्र में डी-श्रेणी में है, जिस पर उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को चेतावनी देते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति सुधारी जाए। श्री सिंह ने ऑपरेशन कायाकल्प में सी-श्रेणी पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी विद्यालयों को 19 बिंदुओं से संतृप्त करना सुनिश्चित करें, जिला कृषि अधिकारी किसानों को बीज, कृषि यंत्र पर मिलने वाली धनराशि का भुगतान कर प्रगति सुधारें। उन्होंने सी.एम. डैशबोर्ड से संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन डैशबोर्ड पर नजर रखें, अगले माह तक प्रगति सुधार जनपद को टॉप-10 में शामिल करायें। पशु टीकाकरण में 70-वें स्थान एवं भारत पशुधन एप पर अपलोड की खराब प्रगति पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी पशुओं के टीकाकरण की प्रगति में सुधार लाएं।

# सर सैय्यद डे पर सम्मानित किये गये शिक्षा व समाजसेवा से जुड़े लोग

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद्, शायर, लेखक व समाजसुधारक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैय्यद अहमद खान की जयंती को सर सैय्यद डे के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने सरदार जसपाल सिहं, सुभाष चौधरी व नवल किशोर नाथानी, फारूख जमाल, मोहम्मद यूसुफ के नेतृत्व में शहर के शिक्षा व समाज सेवा से जुड़े लोगों से मिलकर के उनको दुशाला भेंट करके व सर सैय्यद अहमद खान की तस्वीर भेंट करके सम्मानित किया।

कार्यक्रम के संयोजक ई. मिन्नत गोरखपुर ने बताया कि इस अवसर पर गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन जी को, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के चैयरमैन चौधरी कैफूलवारा, राजकीय बौद्ध संग्रहालय के उपाध्यक्ष डॉ यशवंत सिंह, समाजसेवी व व्यापारी नेता नवल किशोर नाथानी, चन्दू साहनी, अमीरुन निशा स्वीटी, स्व. डॉ. रजनीकांत श्रीवास्तव नवाब की धर्मपत्नी, मियां साहब इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रबंधक महबूब सईद हारिस को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.पूनम टंडन ने कहा कि सर सैय्यद अहमद खान समाज सुधारक होने के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा के पक्षधर थे। वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यापारी नेता नवल किशोर नाथानी ने कहा कि सर सैय्यद अहमद खान उसे व्यक्ति का नाम है जिसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने शिक्षा जगत का पैगंम्बर कहा था। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के चैयरमैन चौधरी कैफूलवारा ने कहा कि शिक्षा व समाज में दिये गये योगदान के लिए सदैव जिंदा रहेंगे सर सैय्यद अहमद खान इस अवसर पर संबोधित करते हुए अमीरुन निशा स्वीटी ने कहा कि अलीगढ़ विश्वविद्यालय के रूप में सर सैय्यद अहमद का ख्वाब आज भी जिंदा है।

कार्यक्रम के सहसंयोजक आशिया खातून ने सभी के प्रति अपना कीमती समय देने के लिए धन्यवाद व्यापित किया। इस अवसर पर व्यापारी नेता दिनेश पाठक, कुलदीप पांडेय अध्यक्ष युवा जन कल्याण समिति, शैलेश गुप्ता, मिनहाज सिद्दीकी, इमरान खान, नाजो, आदि मौजूद रहे।

## मेरी माटी-मेरा देश के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में बैठक



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने 'मेरी माटी-मेरा देश' के अंतर्गत जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में आयोजित बैठक में उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ आयोजित हों, कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए, दि. 26 अक्टूबर को श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी की कादंबरी पंडाल में कार्यक्रम का आयोजन किया जाए, 25 अक्टूबर की सायं तक समस्त विकास खंडों, स्थानीय निकायों से अमृत कलश कादंबरी पंडाल पर पहुंचाये जाएं, जहां उन्हें पूरी सुरक्षा में सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, एन.सी.सी., एन.एस.एस. के बच्चों का प्रतिभाग सुनिश्चित कराकर स्कूली बैंड के साथ देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित कराये जाएं, मिट्टी गीत, राष्ट्रभक्ति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित कराने में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सहयोग करे। श्री सिंह ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को आदेशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल श्रीदेवी पंडाल में साफ-सफाई के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर पीने हेतु शुद्ध पेयजल, मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

# अनुकरणीय हैं फाइलेरिया उन्मूलन में महराजी गांव के प्रयास

अवधनामा संवाददाता



- महराजी एचडब्ल्यूसी पर सीडीओ, एडी हेल्थ और सीएमओ ने किया फाइलेरिया कार्नर का शुभारंभ

**गोरखपुर।** जनपद के पिपराईच ब्लॉक के महराजी गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पर मंगलवार से फाइलेरिया कार्नर का शुभारंभ किया गया। इस कार्नर पर दिल्ली, मुंबई, मद्रास जैसे शहरों में रहने वाले गांव के प्रवासियों को दीपावली, छठ और होली जैसे पर्व पर गांव लौटने पर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। सेंटर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सुषमा सिंह अपने सामने उन्हें दवा का सेवन कराएंगी।

आशा, आंगनबाड़ी और फाइलेरिया रोगी नेटवर्क प्रवासियों को फाइलेरिया कार्नर तक लाने में सहयोग करेंगे। इसका शुभारम्भ सीडीओ संजय कुमार मीणा, एडी हेल्थ डॉ आईबी विश्वकर्मा और सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने गांव पहुंच कर किया। कार्नर के शुभारम्भ कार्यक्रम में पहुंचे सीडीओ संजय कुमार मीणा, एडी हेल्थ गोरखपुर मंडल डॉ आईबी विश्वकर्मा, सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दूबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुभव कुमार मिश्र, नोडल अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा और जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने गांव के ग्रामीणों के प्रयासों की सराहना की जिनकी मदद से अभियान के दौरान गांव में उपलब्ध शत फीसदी लोगों को दवा का सेवन कराया जा सका। एडी हेल्थ डॉ आईबी विश्वकर्मा ने बताया कि महराजी गांव गोरखपुर मंडल का पहला ऐसा गांव रहा जहां शत फीसदी लोगों को सबसे पहले दवा का सेवन कराया जा सका है। इसमें स्वास्थ्यकर्मियों व गांव के लोगों के साथ फाइलेरिया रोगी नेटवर्क का विशेष योगदान रहा है। मंडल के गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया जनपद में फाइलेरिया रोगी नेटवर्क कार्य कर रहा है । इस गंभीर बीमारी से ग्रसित फाइलेरिया मरीज ही इस नेटवर्क का हिस्सा बन कर समुदाय को जागरूक कर रहे हैं। नेटवर्क की मदद से फाइलेरिया रोगियों को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लाइलाज बीमारी है जिसे हाथीपांव के नाम से भी जानते हैं। साल में एक बार लगातार पांच साल तक इससे बचाव की दवा बड़ी आबादी द्वारा खाई जाए तो इस बीमारी से समुदाय को मुक्त कराया जा सकता है।

### सम्मानित हुई अंग्रिमपंक्ति कार्यकर्ता

गांव की आशा कार्यकर्ता रंभा, बिघना देव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति, सत्या व पुष्पा को इस मौके पर उनके विशेष प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। फाइलेरिया रोगी नेटवर्क सदस्य दरशन, ढोढई, मैरुनिशा, हमीद और सतराम समेत 35 नेटवर्क सदस्यों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। **एमएमडीपी किट मिला:** फाइलेरिया कार्नर के शुभारंभ के मौके पर सीडीओ द्वारा गांव के प्रवासी रामकृपाल शर्मा (45) को दवा का सेवन कराया गया । फाइलेरिया मरीज अकलू, राजेंद्र, ढगीना, गीता देवी, मीना और राजमति को एमएमडीपी किट भी दी गयी । अकलू (65) ने बताया कि इस किट की मदद से फाइलेरिया प्रभावित अंग की साफ सफाई करेंगे और नियमित व्यायाम करेंगे। ऐसा करने से हाथीपांव नियंत्रित रहता है।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग के मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा आयुक्त सभागार में अयोध्या विजन तथा जनपद के विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गयी। इसमें मंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम समाप्त हो चुका है। दीपोत्सव एवं श्री राम मंदिर के उद्घाटन की तिथियां निश्चित है। विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यों को गति दे तथा समयबद्धता के साथ गुणवत्ता बनाए रखते हुये और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि विगत माह में मुख्यमंत्री द्वारा अयोध्या के विकास कार्यों की समीक्षा की गयी थी उस बैठक में विभागीय प्रमुख सचिवों के अलावा विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे जिसमें उनके द्वारा विशेष रूप से लोक निर्माण विभाग, आवास विभाग, नगर विकास आदि से सम्बंधित कार्यों को समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिये गये थे। मुख्यमंत्री के निर्देश घोषणा के अनुसार यहां के जनपदीय एवं मण्डलीय अधिकारी अपने-अपने विभागाध्यक्ष से अनुमोदन लेकर कार्यों में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि पंचकोसी व चौदह कोसी मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार कराने तथा वहां पर पार्किंग आदि की व्यवस्था के भी निर्देश दिये गये इसको भी पूरा किया जाय। मंत्री ने कहा कि अयोध्या के 37 मंदिरों एवं 41 कुंडों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिसमें 14 कुण्डों का जीर्णोद्धार हो चुका है शेष को भी गुणवत्ता बनाए रखते हुए जनप्रतिनिधियों एवं सम्बंधित संस्था के प्रमुखों को विश्वास में लेकर कार्यों को पूर्ण किया जाय। इस कार्य को पर्यटन विभाग एवं पर्यटन विकास निगम तथा सम्बंधित कार्यदायी संस्था समयबद्धता के साथ पूर्ण गुणवत्ता रखते हुए पूर्ण करायें।




## पियाजियो इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन शोरूम का मण्डलायुक्त ने किया उद्घाटन

**अयोध्या।** वंशादि मोटर्स, सहादतगंज बाईपास रोड अयोध्या पर पियाजियो इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन शोरूम का उद्घाटन मण्डलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल व नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के द्वारा रिबन काट कर किया गया। इस अवसर पर उल्लेखनीय उपस्थिति पियाजियो कम्पनी के जोनल मैनेजर ओमकार प्रियदर्शी व जोनल मैनेजर सर्विस अखिलेश श्रीवास्तव के अतिरिक्त शहर के गढ़ामान्य व्यापारी, उद्योगपति, समाजसेवी एवं पत्रकारों की रही। उल्लेखनीय सन्दर्भ निरंकार सिंह, अतुल सिंह, सरदार सुरेन्द्र सिंह गांधी, शक्ति सिंह, सरदार जसवीर सिंह, विनोद शर्मा, श्यामपाल चोपड़ा, गिरधारी चावला, विनोद पटेल, सरदार हरजीत सिंह लवली, ब्लॉक प्रमुख बीकापुर शिव कुमार सिंह, पार्षद दीप कुमार, लवलेश सिंह, पुष्कर श्रीवास्तव, महन्त रामदास, विजय अग्रवाल सहित सैकण्डो गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इटली की मसहूर कम्पनी पियाजियो इलेक्ट्रिक कारगो व पेंसेजर सहित दो मॉडल में शोरूम में उपलब्ध है वाहन की एक बार चार्ज करने पर चलने की क्षमता 150 किलोमीटर है। इसको 03 घण्टे में फुल चार्ज घरेलू बिजली कनेक्शन से ही किया जा सकता है।वंशादि मोटर्स के एमडी तरूण मित्तल व चन्द्रप्रकाश गुप्ता द्वारा सभी आगन्तुको का आभार प्रकट किया गया।



## सीओ कार्यालय के सामने दो दुकानों में लाखों की चोरी,पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना व सीओ कार्यालय के सामने स्थित दो दुकानों को बेखौफ अज्ञात चोरों द्वारा सोमवार की रात निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दुकान संचालकों ने पुलिस को तहरीर देते हुए घटना को अंजाम देने वाले चोरों की गिरफतारी व घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना के बगल तथा क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर कार्यालय गेट पर स्थित दो दुकानों डी के मोबाइल एवं जन सेवा केंद्र व शिव ऑनलाइन सर्विस एंड साइबर जोन को सोमवार की रात को बेखौफ अज्ञात चोरों द्वारा निशाना बनाते हुए दुकान का शटर काटकर अंदर रखे लाखों रुपए कीमती एंड्रॉयड फोन सहित नगदी पार कर दिया है। घटना की जानकारी तब हुई जब रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह दुकान संचालक अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला टूटा पड़ा है व दुकान में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। घटना की सूचना दोनों दुकान संचालकों द्वारा संयुक्त तहरीर देते हुए पुलिस को दी गई है। पीड़ित व्यवसाइयों ने बताया कि रोज की तरह सोमवार को कामकाज निपटाने के बाद दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। मंगलवार की सुबह जब डी के मोबाइल एवं जन सेवा केंद्र संचालक अरविंद कुमार पुत्र स्व राजाराम यादव निवासी तुलापुर तथा शिव ऑनलाइन सर्विस और साइबर जोन के संचालक राधेश्याम पुत्र यमुना प्रसाद निवासी भागीपुर दुकान पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला कटा पड़ा है तथा दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है। दुकान संचालकों ने बताया कि दुकान में रखे विभिन्न कंपनियों के 22 कीमती एंड्रॉयड फोन जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 60 हजार तथा शिव ऑनलाइन सर्विस एंड साइबर जोन दुकान के काउंटर में रखा 31 हजार रूपए नगदी चोरों द्वारा पर कर दिया गया है।




## एशियाई खेलो में रजत पदक विजेता प्राची का किया सम्मान

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने गांव झबीरण पहुंचकर एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली प्राची चौधरी का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह प्राची का सम्मान करने जयंत चौधरी सहारनपुर आयेंगे। गांव झबीरन में प्राची चौधरी के निवास पर पहुंचकर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने प्राची को ट्रॉफी देकर सम्मान करते हुए कहा कि प्राची बिटियां हमारे देश का गौरव हैं।प्राची ने केवल गांव झबीरन का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है। प्राची से हमारे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए।उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह पार्टी सुप्रीमो सांसद जयंत चौधरी गांव झबीरन में आकर प्राची का सम्मान करेंगे।इसके लिए बड़े सम्मान समारोह की तैयारी की जायेगी।

## गोबर बहाने वाली डेरियो और पॉलीथिन उपयोग वाली दुकानों पर जुर्माना

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए शहर की अनेक डेरियों का निरीक्षण किया। इस दौरान नालियों में गोबर बहाने वाली तीन डेरियो पर साढ़े 13 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ भी अभियान चलाते हुए 10 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर पांच हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

नगर निगम द्वारा आज पशु डेरियों की जांच तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अलग-अलग अभियान चलाया गया। शहर में बुखार के प्रकोप को देखते हुए संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा के नेतृत्व में करीब आधा दर्जन पशु डेरियों की जांच की गयी। इस दौरान कोर्ट रोड़ की तीन डेरियों को नालियों में गोबर बहाते हुए पाया गया। तीनों डेरियों को नोटिस देने के आदेश के अलावा उन पर 13500 रुपये का जुर्माना भी किया गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक चंद्रपाल व सफाई निरीक्षक सुधाकर, प्रवर्तन दल के शिवकुमार और पवन आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह के नेतृत्व में प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ भी शहर में अभियान चलाया गया। करीब एक दर्जन दुकानों की जांच की गयी और दुकानदारों को सचेत किया गया कि वे किसी भी कीमत पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करे। इस दौरान गुरुद्वारा रोड स्थित एक मिष्ठान भंडार की जांच में दस किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान कर अधीक्षक साहब सिंह के अलावा प्रवर्तन दल के जवान भी शामिल रहे।

# केंद्रीय शक्ति वाहिनी एवं महिला शक्ति वाहिनी की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के अध्यक्षता में केंद्रीय शक्ति वाहिनी एवं महिला शक्ति वाहिनी की बैठक स्थानीय लल्ली देवी गेस्ट हाउस रामलीला मैदान टकसाल में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा और रामलीला का पर्व पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न करना है जिसमें शक्ति वाहिनी की प्रमुख भूमिका रहती है। आप सभी लोग पूरी तन्मयता से पर्व की तैयारी में जुट जाएं। केंद्रीय शक्ति वाहिनी के प्रमुख रविकांत आर्य ने बताया कि शक्ति वाहिनी के कार्यकर्ता प्रमुख चौराहों पर लगे रहते हैं जहां पर वह ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में सहयोग करते हैं। इसके अलावा कुछ टीम में मेला क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहती हैं तथा अवांछनीय तत्वों पर निगाह रखती हैं। केंद्रीय शक्ति वाहिनी के कार्यकर्ता जीआईसी की नंबरिंग व्यवस्था में तथा विसर्जन घाट पर अंतिम मूर्ति तक अपने कर्तव्य में लगे रहेंगे।इस बार सभी पूजा पंडालो पारस शक्ति वाहिनी के कार्यकर्ताओं की ड्यूटी वालंटियर के रूप में लगाई जाएगी जिससे अपने-अपने पूजा पंडाल पर वह लोग भीड़ को नियंत्रित करेंगे तथा यातायात व्यवस्था में भी सहयोग प्रदान करेंगे। केंद्रीय महिला शक्ति वाहिनी की प्रभारी पूर्व पार्षद शकुंतला गौतम और रीना द्विवेदी ने कहा इस बार महिलाओं की पांच टीमें बनाकर उनको अलग-अलग पूजा पंडाल पर तैनात किया जाएगा। जिससे संपूर्ण मेला क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी निगाह रखी जा सके। शक्ति वाहिनी के पदाधिकारी नागेंद्र पांडे,मनोज तिवारी और पंकज सनाढ्य ने कहा कि शक्ति वाहिनी के लोग समर्पण भाव से दुर्गा पूजा एवं रामलीला के पर्व में अपना सहयोग प्रदान करते हैं।



## मिल्कीपुर में लावारिस 11 बाईकों की हुई नीलामी 90860 हजार रुपए का राजस्व हासिल

**मिल्कीपुर - अयोध्या।**अयोध्या जिले के थाना कुमारगंज परिसर में वर्षों से लावारिस पड़ी मोटरसाइकिलों की नीलामी विभागीय उच्चाधिकारियों की संस्तुति के बाद मंगलवार को नीलामी मजिस्ट्रेट की निगरानी में किया गया।

ग्यारह मोटरसाइकिलों की नीलामी में कुल 90 हजार 860 रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई है।

जिसे सरकारी कोष में जमा कराकर दिया गया है। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के थाना कुमारगंज परिसर में वर्षो पहले विभिन्न जगहों से बरामद लावारिस पड़ी बाईकों की नीलामी जिलाधिकारी की मंजूरी के बाद 11 बाईकों की नीलामी हेतु नियुक्त सक्षम मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार आनन्द प्रकाश राय की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक संजीव सिंह, उप निरीक्षक संतोष मौर्या, उप निरीक्षक कमलेश साहनी की मौजूदगी में सकुशल सम्पन्न हुई।

प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने बताया कि सभी 11 बाईकों का मूल्यांकन कराने के बाद 19 हजार 700 सौ रुपए कीमत निर्धारित थी। मालूम हो की बाइकों की नीलामी की जानकारी होते ही सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। वही इस प्रक्रिया के लिए नियुक्त कमेटी द्वारा 11 बाइकों की सर्वोच्च बोली लगाने वालों की बोली मंजूर की गई।

लावारिस बाइकों की नीलामी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में 11 बाईकों की हुई नीलामी से 90 हजार 860 रुपए के राजस्व की प्राप्ति हुई। राजस्व विभाग को 19 हजार 7 सौ के सापेक्ष 71 हजार 107 रुपए का फायदा हुआ। नीलामी के तहत मोटरसाइकिलों की खरीदारी में राम बहादुर, सूरज कुमार, शिव पदार्थ, राजेश, चंद्र प्रकाश, महेश, प्रदीप दुबे, रामधनी, दशरथ राम, रामधनी अजीत यादव द्वारा सर्वाधिक बोली लगाते हुए मोटरसाइकिले नीलामी ली गई।

# लूट की घटना में वांछित चल रहे 6 लुटेरे गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लूट की घटना का खुलासा कर वांछित 06 शातिर लुटेरो को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से लूट के 95000 रूपये व स्कूटी, महत्वपूर्ण दस्तावेज, 02 बाईक तथा अवैध असलाह बरामद किया गया है।

पुलिस लाईन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष लूट की घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 15 सितम्बर 2023 को गिरीश बजाज पुत्र विरेन्द्र बजाज निवासी डी-27 पैरा माउण्ट कालोनी थाना सदर बाजार ने काशीराम बस स्टैण्ड के पास मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों पर उसकी स्कूटी एक्टीवा व स्कूटी की डग्गी मे रखे बैग को लूट लिया था, जिसमें पैन कार्ड, आधार कार्ड, एसबीआई का क्रेडिट कार्ड, दुकान की चाबिया व लेन देन की पर्चिया व दुकान के हिसाब के रूपये रखे थे। जिसका मुकदमा थाना सदर बाजार पर पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने तत्काल घटना का संज्ञान लेकर लुटेरो की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए आदेश निर्देश दिये थे। थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द सिंह के नेतृत्व में थाना सदर बाजार व स्वाट टीम पुलिस टीम ने रात्रि को मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान मिनी बाईपास चौराहा रामनगर के पास मोटर साइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया, तो उन लोगों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, तभी हडबडाहट में बदमाशों की मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गयी। पुलिस टीम द्वारा तीनों बदमाशों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए बदमाशों में सन्नी मिर्जा उर्फ अबुल हसन पुत्र मिर्जा शखावत निवासी मौहल्ला संज्ञान थाना मण्डी, नावेद पुत्र माजिद निवासी पत्थर वाला कुआँ शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात, सोनू उर्फ शादाब पुत्र महताब उर्फ नोनू निवासी बडी तरफ शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात रूप में हुई। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने लूट की घटना अपने 04 अन्य साथियों के साथ कारित करना स्वीकार किया और बताया कि आज भी हम किसी अन्य घटना की फिराक में थे तथा हमारे 03 अन्य साथी भी यहीं पर हमसे मिलने वाले है। पुलिस टीम ने वही पर रूक कर जब इनके अन्य साथियों के आने का इन्तजार किया गया, तो एक मोटर साईकिल पर सवार 03 अन्य युवक आते दिखाई दिये, जिनकी पहचान कर अभियुक्तों पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। जिनकी शिनाख्त फराज पुत्र महताब निवासी दरवारा शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात,. अरशद मलिक पुत्र इरशाद निवासी पत्थर वाला कुआँ शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात तथा हुसैन हैदर जैदी पुत्र अजादार हुसैन निवासी पूजाँ हैप्पी मॉडल स्कूल वाली गली खलासी लाईन थाना सदर बाजार के रूप में हुयी। जिनके कब्जे से लूट के 95000 रूपये व स्कूटी, महत्वपूर्ण दस्तावेज, 02 बाईक तथा अवैध असलाह बरामद किया गया।



# एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में देश भक्ति के गूंजे तराने

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों से सभी में राष्ट्र भक्ति का जज्बा पैदा करने का काम किया। स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह से देश भक्ति और शहीदों के बलिदान को दर्शाते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शकों की करतल ध्वनि से पूरा सभागार गूंज उठा। जनमंच सभागार में मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, नगर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व मंत्री सरफराज खान, योगेश दहिया, गुरप्रीत बग्गा, प्रिंस बत्रा, सुष्मा बजाज, अनू बजाज, करण सचदेवा गौरव गाबा आदि लोगों ने पहुंच कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन नागरिक सुरक्षा के डिप्टी चीफ मोहम्मद आलम, कार्यक्रम संयोजक राजकुमार शर्मा, सहसंयोजक कपिल धीमान, भानु अग्रवाल, पत्रकार नीना जैन, बजाज इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन सुषमा बजाज, अनु बजाज, एमजीएम स्कूल के प्रिंसिपल सौरभ गुप्ता, इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स से तबस्सुम रईस आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन पुष्प भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ स्कूली बच्चों द्वारा किया गया। सत्तर वर्षीय श्याम दत्त शर्मा ने अपने अनूठे अंदाज में कविता प्रस्तुत पर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। इकबाल मंसूरी की गजलों से जिन्होंने देशभक्ति के ऊपर अपनी गजलें और नज्में गाकर पूरे सभागार को देशभक्ति माहौल में ढाल दिया। विभिन्न स्कूलों से आये बच्चों ने एक से बढकर एक प्रस्तुति देकर देश भक्ति का जज्बा पैदा किया। प्रदीप पागल की कलाकारों की टीम ने पूरे सभागार को देशभक्ति के गानों पर जुड़ने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक एवं पूर्व मंत्री सरफराज खान ने भिन्न-भिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## अविवि के 28 वें दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने संयोजकों के साथ समीक्षा बैठक की

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने 28 वें दीक्षांत समारोह को लेकर संयोजकों एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंगलवार को अपराह्न विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति ने बताया कि 29 नवम्बर को विश्वविद्यालय का 28 वां दीक्षांत समारोह होगा। इसमें कुल 123 स्वर्ण पदक प्रदान किए जायेंगे। इसके अलावा लगभग 700 उपाधियां प्रदान की जायेगी। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति व राज्यपाल करेंगी। इसके अतिरिक्त समारोह के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के नामों की घोषणा शीघ्र कर दी जायेगी। उन्होंने 23 समितियों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यो को 31 अक्टूबर तक निपटाने का दिशा-निर्देश प्रदान किया।

## विज्ञान सीखने में सहायक होंगीं कठपुतलियां

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के तत्वावधान में डायट पर मंगलवार को पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसमें ग्रामीण विकास के लिए लोक माध्यमों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार पर विस्तार से चर्चा हुआ। प्राचार्य सुरेश प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं बहुत ही उपयोगी हैं। यहां से सीख कर प्रशिक्षु वैज्ञानिक विषयों को रोचक ढंग से आम लोगों तक पहुंचा सकेंगे। उप प्राचार्य अभिजीत सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए लोक माध्यमों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार तथा गांव आउटरीच कार्यक्रम में 38 प्रशिक्षु प्रतिभाग कर रहे हैं। यह सभी पटकथा लेखन, उसका नाट्य रूपांतरण, कठपुतली निर्माण और उसका संचालन सीखेंगे। बाद में सभी आउटरीच कार्यक्रम के तहत विज्ञान कठपुतली नाटकों का ग्रामीण क्षेत्रों में मंचन करेंगे। डायट के नोडल प्रवक्ता सुनील कुमार भारती और सूरज कुमार मिश्र, विज्ञान संचारक डा. अनूप चतुर्वेदी, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के सीनियर रिसर्च फेलो रंजीत कुमार, संतोष त्रिपाठी, कठपुतली कलाकार श्रीनारायण श्रीवास्तव व सोनाली मौर्य ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। पहले दिन सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण, स्वास्थ्य, तकनीक और कृषि संबंधी विषयों पर नाटक लिखकर लाने को कहा गया बाद में इनका मंचन कराया जाएगा।



# एक माह के अंदर सूचना उपलब्ध कराए अधिकारी: राज्य सूचना आयुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागर मंगलवार को राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने विभागीय जनसूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इसमें राज्य सूचना आयुक्त ने विभिन्न विभागों में आरटीआई सबंधी आवेदनों के जवाब देने की व्यवस्था और लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि आरटीआई आवेदनों का जवाब तीस दिन के भीतर दें। यदि जवाब देना संभव नही है अथवा जवाब की प्रकृति अत्यंत व्यापक है तो भी जवाब न दिए जाने के कारण का उल्लेख करते हुए आवेदनकर्ता को सूचित कर दें। कार्यशाला में जन सूचना अधिकारियों के प्रश्नों का जवाब देते हुए सूचना आयुक्त ने बताया कि आरटीआई के तहत कार्यालय पत्रावलियों में दर्ज सूचनाओं को दिए जाने का प्रावधान है। यदि सूचना किसी अन्य कार्यालय से संबंधित है तो आवेदन को संबंधित विभाग को अंतरित कर दें अथवा स्पष्टीकरण के साथ प्रेषक कार्यालय को वापस कर दें। इससे पूर्व जिलाधिकारी अनुनय झा ने राज्य सूचना आयुक्त का स्वागत करते हुए कहा कि आरटीआई शासन में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने का माध्यम है। लेकिन अनेक बार कम जानकारी की वजह अथवा अस्पष्टता के कारण जनसूचना अधिकारी सही ढंग से जवाब नहीं दे पाते हैं। बैठक में अपर उप जिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा व महेंद्र प्रताप, सीओ सदर अजय सिंह चौहान, जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, एक्सईएन जल निगम आसिफ हुसैन, सीएमएस ए.के. भार्गव सहित सभी विभागों के जन सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।



## कचरा प्रबंधन व जल संरक्षण में महिलाओं की अहम भूमिका

**सहारनपुर।** नगर निगम ने मिशन शक्ति के अंतर्गत आज वार्ड 46 व वार्ड 38 में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को कचरा प्रबंधन तथा पर्यावरण व जल संरक्षण के प्रति जागरुक किया और किचन कचरे की होम कम्पोस्टिंग के लिए प्रेरित किया। महिला सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति फेस-4 के अंतर्गत आज वार्ड 46 बेहट रोड स्थित नीलकण्ठ मंदिर में क्षेत्रीय पार्षद ज्योति अग्रवाल के सहयोग से मौहल्ला समिति से जुड़ी महिलाओं व क्षेत्र की अन्य महिलाओं के साथ निगम अधिकारियों ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व कचरा प्रबंधन के लिए विस्तार से चर्चा की। सहायक नगरायुक्त व नगर स्वास्थय अधिकारी अशोक प्रिय गौतम ने कहा कि पर्यावरण संतुलन, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा संग्रहण व जल प्रबंधन में महिलाओं की अहम भूमिका है।

## भारतीय सभ्यता हमेशा विश्व को जोड़ने की बात करती है: पंकज चौधरी

*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज/फरेन्दामहराजगंज।** क्षेत्र के लेहड़ा देवी मंदिर परिसर में सोमवार को नवधा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गायको के भक्ति गीत और झारखंड रांची के कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य प्रस्तुत किया। दोनों प्रस्तुतियों को देख दर्शक झूम उठे। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन ने किया था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भारत में आयोजित त्योहार और अन्य कार्यक्रम विश्व के सभी संस्कृति को जोड़ने का काम करता है। भारतीय सभ्यता हमेशा विश्व को जोड़ने की बात करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिले में प्रायोजित देवी के नौ रूपों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। यह लोगों को भारतीय धरोहर और सभ्यता से जोड़ने का कार्य करेगा। वहीं भजन गायक महेन्द्र नाथ पाण्डेय व लोकगीत गायिका एकता शुक्ला ने एक से बढ़कर एक देवी गीतों की प्रस्तुति दी जिसपर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। इसके बाद झारखंड रांची के राहुल कुमार की टीम के कलाकारों ने छऊ, महिषासुर मर्दिनी व शुंभ-निशुंभ वध का नृत्य किया।



# दरवन झील का सौन्दर्यकरण पर 4.7 करोड़ व्यय करेगी राज्य सरकार

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जिले की दरवन झील के सुंदरीकरण पर राज्य सरकार 4.7 करोड़ रुपये खर्च करेगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ईको पर्यटन के मद्देनजर 124 हेक्टेयर में फैली इस झील को विकसित किया जाएगा। इसके लिए डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करवा ली गई है। उन्होंने बताया कि इसके विकसित होने के बाद सैर के साथ ही पक्षी प्रेमियों को विभिन्न प्रजातियों के देशी-विदेशी पक्षियों को देखने का अवसर प्राप्त होगा। झील में पक्षियों के लिए एक टीला बनाया जाएगा। सर्दियों में यहां बड़ी संख्या में विदेशी पक्षी आते हैं।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार हर जिले में चर्चित स्थलों के आसपास बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर पर्यटन को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। सरकार का विशेष फोकस इंको पर्यटन पर है। इसके लिए चिह्नित पर्यटन स्थलों के विकास के लिए योजना तैयार की जा रही है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हर जिले में कुछ ऐसे स्थलों जिनके बारे में लोगों को कम जानकारी है, के आसपास बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर सैर करने वालों को आकर्षित किया जा रहा है। सरकार का विशेष फोकस ईको टूरिज्म पर है। इसके लिए कई पर्यटन स्थल चिन्हित किए गए हैं। इनके विकास के लिए परियोजना तैयार की जा रही है। जयवीर सिंह ने बताया कि डरबन झील में देशी-विदेशी पक्षियों के लिए एक टीला बनाया जाएगा। यहां बच्चों के लिए झूले, चार कॉटेज, पार्किंग, सीढ़ियां समेत अन्य कार्य कराए जाएंगे। जाड़े के दिनों में यहां भारी संख्या में विदेशी पक्षी आते हैं। इन पक्षियों के लिए झील के बीच में एक स्थल निर्मित किया जाएगा। प्रदेश की चंद बड़ी झीलों में से एक दरवन के विकास को लेकर बीते कुछ दिनों से जिला प्रशासन ने विशेष मुहिम छेड़ रखी है। यूं तो पूर्व में कई बार इसके सुंदरीकरण को लेकर आवाज उठी लेकिन सार्थक नतीजा नहीं आया। कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही डीएम अविनाश सिंह ने ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने स्वयं झील में उतरकर सफाई का वृहद अभियान कई चक्र में चलाया तो वहीं जन सहयोग से झील को संवारने का भी काम शुरू कराया। इसके साथ ही अलग अलग विभागों के साथ मिलकर एक विस्तृत डीपीआर तैयार कराकर शासन को भेजा।

# माँ आदिशक्ति आध्यात्मिक दर्शन यात्रा निकली

अवधनामा संवाददाता



- पूर्व विधायक राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक यात्रा में भारी संख्या में लोग हुए शामिल
- आध्यात्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावाः राघवेन्द्र प्रताप सिंह

**सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को शारदीय नवरात्रि के तृतीया के अवसर पर एक दिवसीय आध्यात्मिक माँ आदिशक्ति दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया हैं। धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में जनपद के सभी देवी स्थानों पर दर्शन पूजन किया गया।

आध्यात्मिक माँ आदिशक्ति दर्शन यात्रा का आरम्भ बढ़नीचाफा स्थित बलुआ समय माता मन्दिर से होकर, बाँसी स्थित दुर्गा मन्दिर शेर सियरापार, जोगिया स्थित योगमाया मन्दिर, नौगढ़ स्थित सिंहेश्वरी माता मन्दिर, पलटा देवी मन्दिर, कठेला माता मन्दिर दर्शन के उपरांत गालापुर माता मन्दिर दर्शन पूजनकर समाप्त हुआ। धार्मिक श्रद्धा, उल्लास के साथ निकाले गए इस यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी देवी स्थानों पर विधि विधान से पूजनकर क्षेत्र व क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना किया गया। राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मां भगवती के विभिन्न स्थानों का दर्शन कर मन प्रसन्न और जीवन धन्य हो गया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी मंदिरों को एक सर्किट योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। सिद्धार्थनगर क्षेत्र में आध्यात्मिक पर्यटन की बहुत सारी संभावनाएं हैं। इस तरह के आयोजनों से सनातन के प्रति जागरूकता फैलेगी और अध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि यात्रा को लेकर सिद्धार्थनगर के लोगों विशेष रूप से युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। धार्मिक यात्रा के दौरान पूरे रूट पर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

इस दौरान डॉ संजय गौतम, दशरथ चौधरी, लवकुश ओझा, धर्मराज वर्मा, चंदू चौधरी, मधुसूदन अग्रहरि, रमेशधर द्विवेदी, विनय पाठक, अजय वर्मा, प्रेम नारायण दुबे, पप्पू श्रीवास्तव, दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, लाल जी शुक्ला आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## फालाहार का हुआ आयोजन

बांसी में सियाराम मैरिज हॉल में सामूहिक फलाहार भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सामूहिक फलाहार किया। कार्यक्रम का आरम्भ मां जगत जननी दुर्गे का विधि विधान से पूजन अर्चन व आरती कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। राघवेन्द्र सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित किया और बताया कि सामाजिक संस्कृति को बचाने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इससे समाज में संस्कार और संस्कृति स्थापित हो रही है। फलाहार के आयोजन से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं समरसता बढ़ती है। फलाहार कार्यक्रम में अमीर गरीब एक साथ बैठकर फलाहार करें ताकि हिन्दू सामाजिक एकता की मिसाल के रूप में पेश किया जाए।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिकर्मियों ने पम्पलेट वितरित किया



**बसखारी अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** किछौछा पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में बसखारी थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान जारी है। मंगलवार को महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर जागृत करते हुए शासन की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बसखारी थाना क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज बेला परसा में महिला पुलिस सोनाली,अर्चना सिंह ने उपनिरीक्षक त्रिवेणी सिंह की मौजूदगी में स्कूल से रैली निकाल कर एवं नुक्कड़ सभा के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुक करते हुए जनसुनवाई का आयोजन किया। महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि मौजूदा समय में बढ़ते साइबर फ्रॉड से बचने के लिए किसी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर ना करें फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी अपरिचित व्यक्ति से बात करने से बचें। स्वावलंबी, सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जन जागरूकता तथा आत्मरक्षा के लिए महिला हेल्प लाइन 1090,112,181 की जानकारी भी दी। और कहा कि किसी भी फ्राड से बचने के लिए इन नंबरों का उपयोग कर मदद ली जा सकती है। नुक्कड़ सभा के दौरान बताया गया कि अगर किसी लड़की को रास्ते में लड़का परेशान करता है तो तुरंत 1090 पर फोन करें। पुलिस तुरंत पहुंचेगी। इस दौरान कांस्टेबल कोशिंदर यादव, प्रधानाध्यापक पवन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने की राजस्व एवं कर-करेत्तर की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राजस्व एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने समस्त उप जिलाधिकारियों/ तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सभी कोर्ट केस अपडेट करें। जिलाधिकारी ने उप्र राजस्व संहिता की धारा 24, 34, 80, 116 के वादो की समीक्षा की गयी तथा उसका निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया। विद्युत बिलो की वसूली कम होने के कारण जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को विद्युत बिल समय से उपलब्ध कराये।

बैठक में उपस्थित समस्त एसडीएम व तहसीलदारों को तहसीलों की मासिक रिपोर्ट समय से भेजने का निर्देश दिया। कहा कि राजस्व की वसूली मे तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। वरासत कार्यो में प्रगति लाकर पूर्ण कराये।जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागो की प्रगति ठीक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी विभागो की वसूली बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। आबकारी विभाग को वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया।

वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, ही बाट-माप, परिवहन, विद्युत खनन विभागो के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बाट-माप तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को बाजारो में दुकानो को चेक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्टाम्प कर, भू-राजस्व वसूली, व्यापार कर, वन विभाग, मण्डी समिति, खनन विभाग, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य विभागों की समीक्षा की गयी तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। बाजारो में पॉलीथीन का प्रयोग न हो इसके लिए दुकानो पर छापेमारी कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि मिलावटी सामानो की विक्री की रोकथाम हेतु दुकानो पर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया।

बाजारो/चौराहो से अतिक्रमण हटवाने का भी निर्देश दिया गया। स्वामित्व योजना/कृषक दुर्घटना के प्रकरण लम्बित न रहे। आईजीआरएस के प्रकरण लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि जल जमाव न होने पाय जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, एआईजी स्टाम्प राजेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु, एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्य, एसओसी मेघवरण, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, वाणिज्यकर अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, रवीन्द्र श्रीवास्तव तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अभियान चलाकर चार व दो पहिया वाहनों का ई चालान

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोटन कस्बे के पश्चिमी छोर ठोठरी



तिराहे पर थाने के उप निरीक्षको द्वारा खडा होकर वाहन चेकिंग के दौरान तमाम वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने वाहन चालकों से कहा की दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाते समय सावधानी जरूरी है मोटर साइकिल सलाते समय हेल्मेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगा कर गाड़ी चलाये तीन सवारी दो पहिया वाहन पर न बैठाकर चलाये हेल्मेट पहन कर ही मोटर साइकिल चलाये। उप निरीक्षक रामगती ने कहा की नशा करके गाडी नहीं चलाना चाहिए नशा करके गाडी चलाने में दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। उप निरीक्षक श्याम कन्हैया दुबे ने कहा किसी भी वाहन पर जाती का बोर्ड लिखकर घुमना जुर्म है जो लोग कानून का पालन नहीं कर रहे है उन लोगों का जांचकर कर ई चालान भी किया जा रहा है। इस दौरान का हरिराम सिंह आदि शामिल रहे।

## अज्ञात युवक का शव मिलने से गाँव में सनसनी

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार की सुबह गाँव के बाहर अज्ञात नौजवान का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। युवक को मार पीट कर मौत के घाट उतारा गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास में जुट गई है। मामला अलीगंज थानाक्षेत्र के रायपुर गाँव का है। टाण्डा- कलवारी पुल से रायपुर गाँव मे जाने वाली सड़क पर गांव के बाहर ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह लगभग 24 वर्षीय एक अज्ञात नौजवान का शव देखा जिससे सनसनी फैल गई। ऐसा प्रतीत होता था कि नौजवान के साथ जमकर मारपीट किया गया है तथा चेहरे पर ईंट आदि से मार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया तथा ऐसा भी लगता है।

# जिले के स्काउट व गाइड ने उत्तराखण्ड में प्राप्त किया प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत जनपद अल्मोड़ा उत्तराखंड में जनपद सिद्धार्थनगर से कुल 24 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर जनपद का प्रतिनिधित्व किया।

योग प्रशिक्षण में जनपद सिद्धार्थ नगर के विभिन्न ब्लॉक जिसमें बर्डपुर, जोगिया, बांसी, इटवा, उसका बाजार, मिठवल, लोटन, सोहरतगढ़, खुनियांव एवं बढ़नी के अध्यापक शामिल रहे। जिसमें शिविर के लीडर ऑफ द कोर्स नजीर मुकबिल एल टी (एस) रहे। जिनके कुशल मार्गदर्शन में योग एक्सपर्ट महेश कुमार राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक ने सूक्ष्म योग, प्रज्ञा योग, अष्टांग योग, सूर्यनमस्कार, षटकर्म जल नेति, रबर नेति, योग निद्रा, मेडिटेशन, प्रणायाम एवं विभिन्न यौगिक आसन का अभ्यास करवाने के साथ ही ट्रैकिंग एवं हाइकिंग करवाया तथा समुद्र तल से आठ हजार फिट ऊंचाई पर ले जाकर ऑक्सीजन बैलेंस एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट के सम्बन्ध में प्रो.एन एल श्रीवास्तव जी से जानकारी दिलवाया तथा स्वयं विद्यालय में बच्चों के लिए योग अभ्यास करवाने की बारीकियां बताया। प्रशिक्षण में प्रदेश भर से कुल 48 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा इस प्रशिक्षण के आयोजक अरविंद कुमार श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त उत्तर प्रदेश ने स्काउट और गाइड के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउट गाइड नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धान्त, ध्वज शिष्टाचार आदि विषय का ज्ञान दिया।

जनपद सुल्तानपुर के जिला स्काउट मास्टर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने व्यक्तित्व विकास की बारीकियों पर प्रकाश डाला और अमित कुमार आई टी कॉर्डिनेटर मुरादाबाद का अहम योगदान रहा।

इस अवसर पर जनपद वाराणसी, इलाहाबाद, कौशाम्बी, शामली, बुलंदशहर, सुल्तानपुर, मऊ, अंबेडकरनगर, जौनपुर, हाथरस, सीतापुर, लखनऊ, महराजगंज एवं संभल के प्रतिभागी मौजूद रहे।

# वोटर चेतना महाभियान कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में मंगलवार को वोटर चेतना महा अभियान कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रामजियावन मौर्या रहें। जिला प्रभारी ने कहा कि इस अभियान के दौरान मंडल स्तर पर कार्यशाला कराकर शक्ति केंद्र से बूथ स्तर तक घर घर सम्पर्क करके मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य होगा।

जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा वोटर चेतना महाअभियान प्रत्येक दहलीज के साथ प्रत्येक संस्था, कैंपस तथा प्रत्येक चौपाल तक पहुंचने का अभियान है। प्रत्येक 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवाओं, विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान तथा बूथ पर आए नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य करेंगे भाजपा कार्यकर्ता।

इस अवसर पर विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार कुंवर, बृजविहारी मिश्रा, लाल जी त्रिपाठी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साधना चौधरी, शिवनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, तेजू विश्वकर्मा, मुन्नी देवी, विनीत कमलापुरी, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, अनीता जयसवाल, विंदुमती मिश्र, अजय गुप्ता, जिला संयोजक निर्वाचन सचिदानंद चौबे, जिला कार्यलय मंत्री आशीष शुक्ला, मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्रा, मंगल चौरसिया, मंडलाध्यक्षगण, मंडल प्रभारीगण, ब्लॉक प्रमुखगण, नगर पंचायत अध्यक्षगण मोर्चा अध्यक्षगण एवं भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## पीड़िता की तहरीर पर प्रधान सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान समेत अन्य चार के विरुद्ध हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।घटना जलालपुर कोतवाली के सोहगुपुर गांव का है। बीते सोमवार शाम से अधेड़ दिव्यांग राजमन को दस्त शुरू हो गई। घर के बच्चे शाम को उसे खेत में लेकर गए थे। जहां दिव्यांग ने साथ गए बच्चो को पेट खराब की बात कह घर भेज दिया। जब दिव्यांग 8 बजे रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया किंतु दिव्यांग का पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह अधेड़ दिव्यांग का शव तालाब में मिला। पुलिस ने जब तालाब से दिव्यांग का शव पानी से निकाला। उस समय पानी में शव उल्टा पड़ा था। गला गमछा से कसा था। आंख नाक के पास खून लगा था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई की पत्नी संगीता ने प्रधान अरविंद यादव, राजेश, गन्नू, विकास,सलमान उर्फ बृजेश के विरुद्ध दिव्यांग की हत्या कर तालाब में फेके जाने की तहरीर दिया है।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भव्य एवं पारंपरिक वेश में मंगलवार से वि.ख. बांसी के ग्राम तारगुजरौलिया में श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथाव्यास संतोष शुक्ल महाराज के नेतृत्व में कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में मुख्य यजमान श्रीमती मंजू चतुर्वेदी एवं डॉ लाल बहादुर चतुर्वेदी, संयोगिता चतुर्वेदी एवं अभिषेक चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं।

पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास संतोष शुक्ल महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में यह श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वह तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु के परम् भक्त को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात दिन तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध के प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। कथाव्यास ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। इस दौरान राम बहादुर चतुर्वेदी, श्रीमती सन्तोषी एवं दिलीप चतुर्वेदी, अशोक चतुर्वेदी, अजीत कुमार त्रिपाठी, सुप्रिया, महेंद्र, बृजेश, चन्द्रशेखर, शिवा, शिवांग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

# सीडीओ ने किया प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय सनई लंगडी, विकासखंड नौगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सभी अध्यापक उपस्थित पाये गये। विद्यालय में साफ-सफाई सन्तोषजनक पायी गयी। एमडीएम मीनू के अनुसार भोजन बनाया गया था, जिसका सैम्पल रखा गया है। बच्चों के शैक्षिणक स्तर एवं लर्निग आउट कम, निपुण सम्बन्धित बिन्दुओं का परीक्षण किया गया। विद्यालय परिसर में निर्मित आगनबाडी केन्द्र संचालित पाया गया, जिसमे बच्चों की संख्या कम थी, निर्देशित किया गया कि संख्या बढ़ायी जाय। आगनबाडी कार्यक्रत्री द्वारा बताया गया कि भवन की छत अत्याधिक खराब है, जिसकी मरम्मत कराये जाने की आवश्यकता है। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा प्राथमिक विद्यालय सिसवा बुजुर्ग विकासखंड जोगिया का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में साफ सफाई सन्तोषजनक नही पायी गयी। विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य अपूर्ण अवस्था में छोड़ दिया गया है, परिसर में ईट एवं गिट्टी बिखरी पायी गयी। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 15 दिवस में बाउण्ड्रीवाल पूर्ण कराते हुए गेट लगाना सुनिश्चित करें। सड़क से विद्यालय तक इण्टरलाकिंग लगाने के निर्देश दिये गये। विद्यालय में बच्चों के शैक्षिणक स्तर एवं लर्निग आउट कम, निपुण सम्बन्धित बिन्दुओं का परीक्षण किया गया। आंगनबाडी केन्द्र निरीक्षण के समय बन्द पाया गया।

# भाजपा सरकार में ही महिलाओं का सम्मान व सुरक्षा हैः मंजू त्यागी

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** खण्ड विकास कार्यलय परिसर में सोमवार को नारी शक्ति वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लखीमपुर जनपद के श्रीनगर विधानसभा के विधायक मंजू त्यागी व विशिष्ट अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती त्यागी ने संबोधित करते हुए कही कि भाजपा सरकार में ही महिलाओं का सम्मान व सुरक्षा है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आरक्षण विधेयक बिल परित किया। पहले महिलाओं की पहचान पति के नाम से होता था लेकिन अब पति की पहचान महिलाओं के नाम से हो रहा है। विशिष्ट अतिथि भाजपा सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के बारे में महिलाओं को उनके हक के बारे में बिस्तर से बताया। साथ ही साथ सरकार की अन्य योजनाओं को भी गिनाया। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी अशोक सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देव, प्रमोद पांडेय, गायघाट नगर पंचायत प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू, अरविंद पाल, रघुनाथ सिंह ने भी संबोधित किया। ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुणा पाल तथा संचालन रोली सिंह ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अभिषेक, रामकुमार, केके दुबे, सोनू सिंह, उर्मिला देवी, प्रमोद पाण्डेय, अभिषेक दुबे, सुनील कुमार, धर्मेन्द्र चौधरी, ओमकार चौधरी, अजय दुबे, दिग्विजय गोस्वामी, राम प्रकाश यादव, इंद्र कुमार चौधरी, महंत पाल, संतोष दुबे, अजय पाल, सुभाष चंद्र, घनश्याम यादव, संजय पांडे, सच्चिदानंद यादव, पंकज पांडे, बृजेश उपाध्याय सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

## भारत विकास का इंजन बना

अन्तरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने भारत की अर्थव्यवस्था पर नज़र डालते हुये और विश्व के विकास दर से तुलना करते हुये कहा भारत वैश्विक विकास का इन्जन बन गया है। पर ध्यान रखने की बात होगी कि इस्राइल हमारू युद्ध के बाद विश्व के आर्थिक हालात तेजी से बदल रहे है। इसका काट खोजना जरूरी होगा वरना इन्जन में गतिरोध आ सकता है। आईएमएफने इस साल भारत के सकल घरेलू उत्पाद जुलाई के महीने में 6.1 फीसदी कहा था पर अब पुनरक्षित करते हुये 0.29 प्रतिशत बढ़ा दिया है। भारत के अर्थव्यवस्था के मजबूती दर्शाने का गवाह है। इससे पहले मूडीज मार्गन स्टेनले और नेमुरा ने भी भारत के विकास दर का अनुमान बढ़ा चुकी है। भारत के अर्थव्यवस्था में तेजी पहली तिमाही में घरेलू बाजार में खपत में आई तेजी का नतीजा है। आईएमएफने स्वीकार किया है भारत दुनियां के सबसे तेजी से उभरते बाजारों में एक है। उसका उतरोत्तर प्रदर्शन बेहतर होता जा रहा है। भारतीय रिज़र्व बैक ने 6.5 फीसदी की उम्मीद जतायी थी।

पर अब चीन की अर्थव्यवस्था दशा ठीक नही है इसलिये उसके रफ्तार पकड़ने की उम्मीद नही रह गई है। अन्य देशों की विकासदर गिरते जा रहे है तब भारत के विकासदर के महत्व को नज़रन्दाज नहीं किया जा सकता। भले ही वह 6-7 के बीच है। इन्हीं वजहों से आइएमएफभारतीय अर्थव्यवस्था के महत्व को तारीफकी है और इसे विकास का इन्जन बता रहा है। आइएमएफ के अनुसार ही बात करे तो विश्व आर्थिक विकास दर पिछले दशकों के 3-8 प्रतिशत से कभी हो जाना निराशा जनक है क्योंकि काफी कम है। पर भारतीय अर्थव्यवस्था इस तरह की गिरावट से बची हुई है क्योंकि कमाडिटी के आयात पर भारत की निर्भरता कम है। चीनी बाजार तथा निर्यात पर भी कम निर्भर कर रहा है। पर एक बात विश्व अर्थव्यवस्था और भारत के अर्थव्यवस्था को लेकर आइएफका निष्कर्ष चिन्ता पैदा करता है कि इस्राइल और हमास का विस्फोटक युद्ध का बढ़ते जाना उनका ध्यान इस सन्दर्भ में नहीं खीच सका है यह आश्चर्यजनक है। क्योंकि इस्राइल हमास युद्ध के तत्काल बाद विश्व के अर्थव्यवस्था के हालात जिस तरह से नकारात्मक होते जा रहे है उससे न तो भारत बच सकता है न पूरी दुनियां बच सकती है।

विश्व अर्थव्यस्था में तेल के वैश्विक बाजार की बात करें तो तेल तो पहले से ही महंगा होता जा रहा है अब और महंगा होने की सम्भावना पक्की होती जा रही है। क्योकि युद्ध में सबसे पहला नकारात्मक असर तेल पर ही पड़ता है यह पहले से ही देखा जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था तो पहले से ही महंगाई से जूझ रही है उसके लिये यह खास चिन्ता का सबब बनता जा रहा है। आईएमएफने अपने रिपोर्ट में भारत पर बढ़ते अन्तरराष्ट्रीय कर्ज का जिक्र किया है पर यह भी कहा है की अभी चिन्ता की बात नहीं है क्योकि भारत इसे लौटाने के स्थिति में है। कर्ज को लेकर भारत की तुलना श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे देशो में नहीं की जा सकती है। भारत अपने संसाधन बढ़ाने पर जोर दे रहा है और दिल्ली सरकार महंगाई, आयात, निर्यात पर कड़ी नज़र रख सकारात्मक कदम उठाती जा रही है। दिल्ली सरकार की इसे लेकर तारीफकी जा सकती है। हालाकि विपक्ष इसे धूमिल करके बता रहा है। पर यह सब चुनावी स्टन्ट है भारतीय भी जानते है विदेशी भी जानते है।

इन सबके बावजूद निष्कर्ष यही निकलता है कि वैश्विक हालात और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इन सबका नकारात्मक असर पड़ना तय है। फिर भी विश्व के दूसरे देशो में तुलना करेगे तो पोषण कि भारतीय अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक विकास दर दूसरे देशों के आर्थिक व्यवस्थाओं से तुलना करने पर प्रभावी और ऐसे हालात में सन्तोषजनक लगती है और प्रभावी आगे भी बनी रहेगी। दिल्ली सरकार और वित्त मंत्रलय को इसका श्रेय जाना चाहिये। भाजपा को इससे चुनावी फायदे भी मिल सकने की पूरी सम्भावना बनती है। क्योकि इस समय भारत में दोनो साथ-साथ चल रहे है। पूरे विश्व को इस्राइल हमास युद्ध यही पर खत्म करने की पूरी कोशिश करनी चाहिये युद्ध हर हालत में बन्द होना चाहिये।

## मीलार्ड या श्रीमन् कौन सहज?

**के. विक्रम राव**

कोर्ट में जजों को कैसे संबोधित किया जाए ? अरसे से इस पर वाद-विवाद चलता रहा। न्यायमूर्ति कैसे उच्चरित हों ? गत सप्ताह भारत के प्रधान न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ ने सर्वोच्च न्यायालय में अनुरोध किया कि बजाय लॉर्डशिप के केवल सर (महोदय) कहा जाए। यूं यह शब्द लॉर्ड हिन्दी में भगवान अथवा स्वामी के लिए उपयोग होता है। सामंत युग से प्रचलित है। मगर सर के प्रयोग से एक आभासी खतरा तो है ही। कहावत भी है अति परिचायाद् अवज्ञा। अंग्रेजी में कहते हैं Familiarity breeds contempt. तो आशंका है कि सर संबोधन से कहीं जज के पद की क्रमशः अवमूल्यन न हो जाए। अर्थात सियासत तथा अदालत में सम्माननीय फासला बना रहे। लॉर्ड और सर में प्रभाव का अनुपात शंकाग्रस्त है। मसलन शिक्षा संस्थानों में सर के मायने हैं मास्टरजी। बड़ा देसी संबोधन है। अपकर्ष सा प्रतीत होता है। यूं लार्ड शब्द की उत्पत्ति सोलहवीं सदी की है। तब दुनिया के ज्यादातर राजा निरंकुश और अहंकारी होते थे। उन्होंने अपने सम्मान के लिए कई अन्य शब्दों का उपयोग करवाया, ताकि वह दुनिया में सबसे अलग पहचाने जाएं। कुछ राजाओं के लिए तो इस प्रकार के शब्दों का उपयोग किया गया जो राजा को भगवान प्रदर्शित करते थे। माय लॉर्ड भी एक ऐसा ही शब्द है। क्रमशः न्यायतंत्र में यह प्रवेश कर गया। स्वीकार्य हुआ। प्रचिलित भी।

लॉर्ड संबोधन अंग्रेजी भाषा में औपनिवेशिक काल का अवशेष है। घालमेल बढ़ गया जब महिला जज को माई लेडी कहा जाने लगा। माई लेडी का इस्तेमाल अर्धांगिनी, प्रेयसी अथवा मालकिन के लिए होता है। भारत में 1955 में हाईकोर्ट में जब केरल की श्रीमती अन्ना चांडी प्रथम महिला जज नामित हुई थीं तो यही प्रश्न उठा था। भारतीय बार काउंसिल ने तब (2006 में) अपनी नियमावली में धारा 49, उपधारा (1) में जे जोड़ा था, ताकि यूवर लेडीशिप कहा जाए। मगर सवाल उठा कि महिला न्यायाधीश को कैसे संबोधित किया जाए? जज या योर ऑनर? उन्हें मैम कहकर संबोधित करें। एकदा पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस अरुण कुमार त्यागी ने बार एसोसिएशन के सदस्यों को नोट जारी किया। कहा मुझे 'योर लॉर्डशिप' या 'माई लॉर्ड' न कहा जाए। इसी तरह 'ओब्लाइज्ड' और 'ग्रेटफुल' जैसे शब्दों का इस्तेमाल भी मेरे सामने न करें। माई लॉर्ड वाले सामंती उद्बोधन पर विवाद तो बढ़ता-घटता रहा। पर कोर्ट की भाषा के मसले पर इन पचहत्तर वर्षों के बाद भी कोई हल नहीं निकल पाया। मुख्य कारण यही रहा कि दंड संहिता और समस्त कानून अंग्रेजी में हैं। एक शब्द के अर्थ-अनर्थ पर बहस होती रहती है। अदालत में अंग्रेजी माध्यम के कारण आम याचिकाकर्ता पूर्णतया अनभिज्ञ रह जाता है कि उसके मामले में चर्चा किस तरह कैसे हो रही है? हालांकि निजी तथा नैसर्गिक न्याय के अनुसार उसे जानने का पूरा अधिकार है। सर्वप्रथम कोर्ट में माध्यम की भाषा का मसला गंभीर रूप से डॉ. राममनोहर लोहिया ने खुद उठाया था। एक दफा लखनऊ के ब्रिकी कर कार्यालय के बाहर लोहिया गए थे। सत्याग्रह करने। तभी एक डाकिया उस कार्यालय में आया। लोहिया ने उसे रोका कि इस दफ्तर के कामों से खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ते हैं। इतनी मामूली बात पर उन्हें क्रिमनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया। फिर 30 नवंबर को मजिस्ट्रेट ने जेल के अहाते में ही मुकदमा शुरू किया। लोहिया ने मुकदमें की कार्रवाई में शामिल होने से इनकार कर दिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

ताजा मामले में कई सवाल खड़े हुए हैं कि क्या एक अजन्मे बच्चे को भी एक आम के बराबर कुछ अधिकार मिलते हैं। सबसे पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या भ्रूण एक कानूनी व्यक्ति है या नहीं ? इस सवाल का जवाब इस आधार पर दिया जा सकता है कि भूण में जीवन है या नहीं ? भारतीय कानूनों में जीवन और मृत्यु से जुड़े कई प्रावधान हैं। भारत के आपराधिक कानून के अनुसार, गर्भावस्था की अवधि के लिए बच्चा मां के पास होता है और भूण के रूप में बच्चे का जीवन होता है। अगर कोर्ट और कानून भुण के रूप में बच्चे का जीवन स्वीकार करते हैं तो उसके कुछ संविधानिक अधिकार भी होते हैं।

# अजन्मे बच्चे के अधिकारों की रक्षा का बड़ा मानवीय फैसला

सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर कभी-कभी नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से जुड़े मुद्दे भी विचाराधीन आते हैं, भारतीय न्यायालय की विशेषता रही है कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अनूठे फैसले लेकर मानवीय एवं नैतिक मूल्यों को मजबूती दी है। ऐसे ही एक मामले में अजन्मे बच्चे की नैतिकता के आधार पर पैरवी खुद सुप्रीम कोर्ट ने करते हुए एक मिसाल कायम की है। सुप्रीम कोर्ट ने छब्बीस सप्ताह का गर्भ गिराने की


ललित गर्ग

मांग करने वाली याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी है कि चूंकि भ्रूण का विकास सामान्य है इसलिए उसे जन्म लेना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि बच्चे की स्थिति एक दम सही है और उसे जन्म मिलना ही चाहिए। अदालत कह चुकी है कि महिला यदि चाहे तो पैदा होने वाले बच्चे को जन्म के बाद सरकार को सौंप सकती है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान कुछ दिन पहले सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड ने कहा था कि बेशक मां की स्वायत्तता बड़ी है, पर यहां अजन्मे बच्चे के लिए कोई भी पैरवी नहीं कर रहा है जो उसके अधिकारों की बात कर सके। निश्चित ही भारतीय न्यायालय के सम्मुख यह अपने आप में एक अनूठा मामला है जिसमें एक अजन्मे शिशु के अधिकारों के लिए सर्वोच्च न्यायालय नैतिक आधार पर पक्षकार बना है।

शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पिछले बुधवार को खंडित फैसला सुनाया था। बेंच में जस्टिस हिमा कोहली ने कहा था कि कौन-सी अदालत कहेगी कि एक भ्रूण के दिल की धड़कनों को रोका जाए। मैं गर्भपात की मंजूरी नहीं दे सकती। वहीं, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि कोर्ट को महिला के फैसले का सम्मान करना चाहिए, जो गर्भ को गिराना चाहती है। अलग-अलग राय होने पर पर मामला बड़ी बेंच को भेजा गया था। अब कोर्ट के सम्मुख जहां महिला के सुरक्षित एवं स्वस्थ रहने के अधिकार का मामला था वहीं एक अजन्मे बच्चे के अधिकार का भी मामला था। कोर्ट ने दोनों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जो फैसला लिया, वह कानून से ज्यादा मानवीय दृष्टि से लिया गया फैसला है। अदालत का यह फैसला निश्चित ही मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखकर आया है। एक तथ्य यह भी है कि दुनिया भर में गर्भपात के उदार कानून की मांग को लेकर आंदोलन का दौर भी जारी है। खास तौर से यह आंदोलन उन महिलाओं का पक्षधर है जो अवांछित गर्भ ठहर जाने के कारण गैर-कानूनी गर्भपात का सहारा लेकर अपनी जान तक खतरे में डाल देती हैं। मोटे तौर पर सवाल सिर्फ महिलाओं का उनके शरीर पर अधिकार का ही नहीं है बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु के जिंदा रहने के अधिकार का भी है। इस तथ्य को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा कि हमारे देश में कानूनी प्रतिबंध के बावजूद कन्या भ्रूण हत्या के मामले सामने आते ही रहते



हैं। जरूरत इस बात की है कि अजन्मे बच्चों के हकों की भी चिंता की जाए और गर्भ में ही ऐसे अजन्मे बच्चों को मार देने के प्रचलन पर नियंत्रण की भी पुख्ता व्यवस्था हो।

ताजा मामले में कई सवाल खड़े हुए हैं कि क्या एक अजन्मे बच्चे को भी एक आम के बराबर कुछ अधिकार मिलते हैं। सबसे पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या भ्रूण एक कानूनी व्यक्ति है या नहीं? इस सवाल का जवाब इस आधार पर दिया जा सकता है कि भ्रूण में जीवन है या नहीं? भारतीय कानूनों में जीवन और मृत्यु से जुड़े कई प्रावधान हैं। भारत के आपराधिक कानून के अनुसार, गर्भावस्था की अवधि के लिए बच्चा मां के पास होता है और भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन होता है। अगर कोर्ट और कानून भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन स्वीकार करते हैं तो उसके कुछ संविधानिक अधिकार भी होते हैं। आधुनिक समय में भ्रूणों और विशेषतः कन्याभ्रूणों की हत्या का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। जबकि भारतीय संस्कृति में मां की ममता का एक रूप तो वह था, जिसमें वह अपने विकलांग, विक्षिप्त और बीमार बच्चे का आखरी सांस तक पालन करती थी। परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा की गई उसकी उपेक्षा से मां पूरी तरह से आहत हो जाती थी। वही भारतीय मां अपने अजन्मे, अबोल शिशु को अपनी सहमति से समाप्त कराने को क्यों एवं कैसे तत्पर हो सकती है? क्या उसकी ममता का स्रोत सूख गया है? क्या भारतीय मातृत्व की नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है? सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने महिला का अपने ऊपर अधिकार और अजन्मे बच्चे के अधिकारों को लेकर ऐसी चर्चा को जन्म दिया है जिसे लेकर ठोस मानवीय प्रावधान होना ही चाहिए। यों कहा जाना चाहिए कि अजन्मे शिशु के अधिकारों और माता के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है।

प्रधान न्यायाधीश और जजों की पीठ ने व्यापक विचार किया और महिला की पैरवी कर रहे वकील से पूछा कि अदालत एक जीवित भ्रूण की हत्या का आदेश कैसे दे? आखिर अजन्मे को भी जीवन जीने का अधिकार है। भले ही दुनिया के कई देशों में जीवन के अधिकार को बड़ा माना जाता है, तो कई देशों में व्यक्ति की इच्छा को बड़ा माना जाता है। इसलिए अब यह भी प्रश्न बना हुआ है कि महिला और गर्भस्थ शिशु में से किसके जीवन के अधिकार को तरजीह दी जाए। गर्भ गिराने की मांग करने वाली महिला का कहना था कि मानसिक एवं शारीरिक स्थिति ठीक न होने और कई बीमारियों से जूझने के कारण वह बच्चे को जन्म देने की स्थिति में नहीं है। कोर्ट ने गर्भवती महिला के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की एक बार फिर जांच करने का निर्देश दिया है। कानून के मुताबिक 24 सप्ताह से अधिक के भ्रूण को गिराया नहीं जा सकता। यह बात अलग है कि बलात्कार जैसे मामलों में पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने कानून में तय समयावधि से ज्यादा के गर्भ के मामलों में भी गर्भपात की अनुमति दी है। सात माह के बच्चे को गर्भ से बाहर निकालने का अर्थ है कि मां और शिशु दोनों की सेहत को खतरा पैदा हो सकता है। पैदा होने के बाद शिशु को पालने के बारे में वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है। आखिर महिला ने जब इतने समय तक अपने गर्भ में भ्रूण को पाला तो कुछ हफ्ते और पालने में क्या हर्ज है। अजन्मे के अधिकार की रक्षा एवं गर्भवती महिला के जीवन के अधिकार की रक्षा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए सुप्रीम कोर्ट एक नजीर बना है। यह उन तमाम मामलों के लिए जिनमें व्यक्ति अपने जीवन के अधिकार को ऊपर रखता है, उदाहरण के रूप में पथदर्शन करेगा। ऐसे मामलों में व्यापक जन-जागृति के साथ सरकार को भी गंभीर होना होगा। हमारे देश में शिक्षा के प्रसार के बावजूद खास तौर से ग्रामीण इलाकों में गर्भनिरोधकों के विकल्पों का प्रचार व्यापक रूप में करना होगा। ऐसे में जरूरत है कि देश में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच की और प्रभावी व्यवस्था हो। किन्हीं मामलों में ऐसे बच्चों को जन्म के बाद मां उसके पालन करने में अक्षम हो तो बच्चे के पालन की व्यवस्था सरकार को अपने हाथ में लेते हुए ऐसे पालनाघर बनाने चाहिए जहां बच्चों का समुचित लालन-पालन हो सके। बहुत बड़ी तादाद में ऐसे लोग होंगे, जिन्हें अजन्मे बच्चे के अधिकार पता नहीं होते हैं, इन अजन्मे बच्चों के अधिकारों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार हो।

# अजन्मे बच्चे के भी हैं अधिकार

भारत में गर्भपात कानूनन वैध है। सबसे पहले 1971 में संसद ने बिल पारित किया था, जो कानून बना, लेकिन 2021 में उसमें कुछ जरूरी संशोधन किए गए। गर्भपात के संदर्भ में दो स्थितियां सबसे महत्वपूर्ण आंकी गई हैं। एक, गर्भ कितने सप्ताह का है। दूसरे, महिला अधिकार और उसकी दैहिक स्वायत्तता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

गर्भपात की आज्ञा की मांग वाली एक याचिका ने सुप्रीम कोर्ट की दुविधा बढ़ा दी है। दुविधा 'प्रो-लाइफ' बनाम 'प्रो-चॉइस' की है। 26 हफ्ते का नॉर्मल गर्भ है। भ्रूण स्वस्थ है। सवाल मां के गर्भ में पल रही एक जिंदगी का है। पेट में पल रहे एक अजन्मी जान की धड़कती धड़कनों का है। दूसरी तरफसवाल एक मां की चॉइस यानी पसंद का है। शुचिता श्रीवास्तव और वी. कृषणन केस में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि मां के अधिकारों को भ्रूण के अधिकारों के ऊपर तरजीह दी जाएगी। एक मां का अपने शरीर


तारकेश्वर मिश्र

पर मूल अधिकार है, अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती है तो हम उसे इसके लिए मजबूर नहीं कर सकते। मौजूदा मामले में शादीशुदा महिला दो बच्चों की मां है और डिप्रेशन का हवाला देते हुए तीसरे बच्चे को जन्म नहीं देने पर अड़ी हुई है। इस केस ने सुप्रीम कोर्ट की दुविधा बढ़ा दी है। 24 हफ्ते की गर्भवती एक शादीशुदा महिला ने सुप्रीम कोर्ट से अबॉर्शन की इजाजत देने की गुहार लगाई थी। 2 हफ्ते गुजर गए लेकिन शीर्ष अदालत दुविधा में है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस बी. वी. नागरत्ना की बेंच ने एम्स के डॉक्टरों के बोर्ड की राय के बाद अबॉर्शन की इजाजत भी दे दी थी। लेकिन अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने जब सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के सामने इस केस का जिक्र किया तो कोर्ट ने अबॉर्शन की प्रक्रिया को स्थगित करने का आदेश दिया मामला भाटी ने कहा कि डॉक्टरों के मुताबिक, अबॉर्शन के दौरान बच्चे की जिंदा जन्म लेने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। फिर से उसी बेंच के पास गया जिसने बंटा हुआ फैसला सुनाया।

एक जज महिला की चॉइस का सम्मान करते हुए अबॉर्शन के पक्ष में थीं तो दूसरी जज गर्भ में पल रही जान को मारे जाने के खिलाफथीं। केस फिर सीजेआई की अगुआई वाली बेंच में आया। इस दौरान दो हफ्ते और गुजर चुके हैं। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी अंतरात्मा गर्भ में पल रहे एक भ्रूण को न्यायिक आदेश से मारने के खिलाफहै। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, श्क्या आप चाहते हैं कि हम डॉक्टरों से कहें की उस भ्रूण की धड़कनों को रोक दें जो पूरी तरह स्वस्थ है? इसका मतलब न्यायिक आदेश के जरिए गर्भ में बच्चे को मारना है।

मुख्य न्यायाधीष ने यह भी कहा कि अगर महिला इतने हफ्ते तक भ्रूण को पालती रही तो कुछ हफ्ते और रुक जाती। अगर इस अबॉर्शन के दौरान बच्चा जिंदा जन्म लेता है तो उसमें विकृतियां रहेंगी जिससे कोई भी उसे लेने से बचेगा क्योंकि हर कोई स्वस्थ बच्चे को ही गोद लेना चाहता है। इस मामले में शुक्रवार को भी शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। अब अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एम्स से महिला के स्वास्थ्य और भ्रूण की स्थिति पर दोबारा रिपोर्ट मांगी है। भारत में गर्भपात कानूनन वैध है। सबसे पहले 1971 में संसद ने बिल



पारित किया था, जो कानून बना, लेकिन 2021 में उसमें कुछ जरूरी संशोधन किए गए। गर्भपात के संदर्भ में दो स्थितियां सबसे महत्वपूर्ण आंकी गई हैं। एक, गर्भ कितने सप्ताह का है। दूसरे, महिला अधिकार और उसकी दैहिक स्वायत्तता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। अब सर्वोच्च अदालत में ऐसी सुनवाई जारी है कि महिला की दैहिक स्वायत्तता के साथ-साथ गर्भ में पल रहे, जिंदा भ्रूण, अर्थात अजन्मे बच्चे, के भी अधिकार हैं। उसे महिला की इच्छा के मद्देनजर समाप्त नहीं किया जा सकता। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कुछ मानवीय सवाल उठाए हैं कि क्या वह एम्स के डॉक्टर को बुलाएं और अजन्मे बच्चे के दिल की धडकनें बंद करने को कहें?

सवाल ये है कि क्या भ्रूण को कानूनी तौर पर व्यक्ति माना जा सकता है? क्या भ्रूण को जिंदगी माना जा सकता है या नहीं? भारत में कानून इसे लेकर स्पष्ट नहीं है कि जिंदगी सच में आखिर कब से शुरू होती है। जस्टिस ए. एम. भट्टाचार्जी ने शब्दों में कहें तो भ्रूण या अजन्मे बच्चे को भले ही कानूनी तौर पर व्यक्ति नहीं माना जा सकता, लेकिन उसे जीवन के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि उसमें जिंदगी है। वैज्ञानिक तौर पर ये साबित हो चुका है कि गर्भधारण के 18-22 दिनों में भ्रूण का हृदय काम करना शुरू कर देता है। प्रेग्नेंसी के तीसरे और चौथे हफ्ते से भ्रूण की धड़कनें शुरू हो जाती है। वर्ल्ड मेडिकल असोसिएशन के मुताबिक किसी व्यक्ति का अस्तित्व तभी से शुरू हो जाता है जब वह गर्भ में आता है और मौत के साथ खत्म होता है। इसीलिए अबॉर्शन की इजाजत तभी दी जाती है जब प्रेग्नेंसी से मां की जान को खतरा हो या फिर भ्रूण किसी गंभीर बीमारी की चपेट में हो या फिर उसके विकृत रूप में पैदा होने की आशंका हो। भ्रूण को ऐसे नहीं मारा जा सकता। न्यायिक पीठ ने स्पष्ट किया है कि एक अजन्मा बच्चा, जीवित और सामान्य रूप से विकसित भ्रूण है। शीर्ष अदालत को उसके अधिकारों को, उसकी मां के निर्णय लेने की स्वायत्तता के अधिकार के साथ, संतुलित करना होगा। अजन्मे बच्चे के अधिकारों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि महिला के कहे मुताबिक, सर्जरी के जरिए बच्चे को बाहर निकाला जाता है, तो उसमें शारीरिक और मानसिक विकार पैदा होने की आशंका है। ऐसा चिकित्सा रपटों के निष्कर्ष हैं। इस मामले के जरिए गर्भपात एक राष्ट्रीय चिंता का मुद्दा बन गया है। कानून में कई प्रगतिशील परिवर्तन करने के बावजूद इस क्षेत्र में कार्यरत संगठनों और संबद्ध कार्यकर्ताओं का मानना है कि अब भी कानून में सुधारों की गुंजाइश है। गर्भावस्था की जो अवधि 20-24 सप्ताह कानून में दी गई है, उसे और भी बढ़ाया जाना चाहिए। यदि 24 सप्ताह के बाद का गर्भ है और महिला उसे समाप्त कराना चाहती है, तो उसके लिए एक मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्णय लेने की व्यवस्था हो।

यह भी एक 'भद्दा मजाक' साबित न हो, क्योंकि हमारे देश में अब भी ऐसे इलाके हैं, जहां डॉक्टर ढूंढने पर भी नहीं मिलते। फिर भी आज चिकित्सा और अदालत को यह बिल्कुल स्पष्ट किया जाना चाहिए कि गर्भवती महिला के ही निर्णय का सम्मान किया जाए। सिर्फउसके स्वास्थ्य को विचाराधीन रखा जाए। मौजूदा केस में भारत सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि मेडिकल बोर्ड का निष्कर्ष है कि भ्रूण जीवित है और वह जन्म ले सकता है। ऐसी स्थिति में महिला की इच्छा और मनःस्थिति को क्या नजरअंदाज किया जा सकता है? जिन न्यायाधीशों के फैसले आज विभाजित हैं, उन्होंने ही पहले संयुक्त रूप से फैसला सुनाया था कि महिला का अपने शरीर पर पूरा अधिकार है। बहरहाल यह याचिका संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दाखिल की गई है। इसके तहत भारत का प्रत्येक नागरिक शीर्ष अदालत को कह सकता है कि उसके मौलिक अधिकारों की रक्षा की जाए। देश में कितनी महिलाएं गर्भावस्था को लेकर अदालत तक पहुंच पाती हैं, यह भी एक अहम सवाल है। अजन्मे बच्चे के अधिकारों का सवाल खुद प्रधान न्यायाधीश ने उठाया है, लिहाजा इस पेचीदा स्थिति को उसकी समग्रता में ही संबोधित किया जाना चाहिए।

# निठारी कांड के निर्णय पर गूंजते सवाल

सीबीआई ने सुरेंदर कोली और पंढेर के खिलाफ़ 19 मामले दर्ज किए थे। जहां कोली पर हत्या, अपहरण, बलात्कार, सबूतों को मिटाने जैसे आरोप थे तो वहीं पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप था।इस मामले की गूंज कई सालों तक देश गूंजती रही थी। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे। स्थानीय लोगों ने उस समय कहा था कि पुलिस इस मामले में इसलिए भी कार्रवाई नहीं कर सकी क्योंकि लापता होने वालों में से अधिकतर गरीब परिवार के थे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के नोएडा के चर्चित निठारी कांड के 12 केस के आरोपी सुरेंद्र कोली और दो केस में फंसी की सजा पाए कोठी डीएस-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी ने बरी कर दिया है। शायद यह एतिहासिक होगा कि एक साथ 12 मामलों में फंसी के आरोपी को बरी किया गया हो। न्यायालय ने इन्हें दोष मुक्त तो करार दे दिया। किंतु ये न्याय एक तरफा है। अधूरा है। निठारी कांड तो हुआ है। चर्चित निठारी कांड में निचली अदालत से कोली को एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। निठारी गांव के कोठी डीएस-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को दो केस में फंसी की सजा हो चुकी है।अब जब की ये निचली अदालत से फांसी की सजा पाए ये दोनों आरोपी हाईकोर्ट ने बरी कर दिए तो व्यवस्था को यह तो बताना ही होगा कि फिर इस कांड के आरोपी कौन हैं? किसने इस कांड की 19 घटनाओं को अंजाम दिया। कांड तो हुआ ही है। ये दोंनों आरोपी इसलिए बरी हो गए कि इनके विरूद्ध सुबूत नही थे। किंतु पीड़ित परिवार को भी तो न्याय चाहिए। उनके परिवार की युवतियों, बेटियों बच्चों पर जुल्म करने वाला, उनसे व्यभिचार कर उन्हें काटकर खाने वाला कोई तो होगा? किसी ने तो ये कांड किया होगा? उसे कानून की जद में लाकर सजा कौन दिलाएगा? ये निर्दोष थे तो फिर इनकी कोठी के पास नाले में किसने मारकर इनको डाला?


अशोक मधुप

इस मामले में कई दिनों तक चली बहस के बाद अदालत ने सोमवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया। निचली अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोठी डी-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी कोर्ट ने बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की अदालत ने यह फैसला सुनाया। कोली पर आरोप है कि वह पंढेर कोठी का केयरटेकर था और लड़कियों को लालच देकर कोठी में लाता था। निठारी गांव की दर्जनों लड़कियां गायब हो गई। वह उनसे दुष्कर्म कर हत्या कर देता था। लाश के टुकड़े कर बाहर फेंक आता था।

29 दिसंबर 2006 को नोएडा में मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल मिले। मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली गिरफ्तार किया।आठ फरवरी 2007 को कोली और पंढेर को 14 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया।मई 2007 को सीबीआई ने पंढेर को अपनी चार्जशीट में अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपमुक्त कर दिया था। दो माह बाद अदालत की फटकार के बाद सीबीआई ने उसे मामले में सहअभियुक्त बनाया।13 फरवरी 2009 को विशेष अदालत ने पंढेर और कोली को 15 वर्षीय



किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। ये पहला फैसला था। इसके बाद 11 केस में दोनों को सजा हुई। पुलिस ने इस मामले में कहा था कि कम से कम 19 युवा महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था, उनकी हत्या कर दी गई थी और उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे। पुलिस ने उस समय कहा था कि ये हत्याएं पंढेर के घर के अंदर हुई थीं, जहां कोली नौकर के तौर पर काम करते थे।पुलिस ने आरोप लगाया कि जिन बच्चों के अवशेष बैग में छिपे हुए पाए गए थे, उन्हें कोली ने मिठाई और चॉकलेट देकर लालच देकर मार डाला था।पुलिस का कहना था कि जांच के दौरान कोली ने नरभक्षण और नेक्रोफिलिया (शवों के साथ संबंध बनाने) की बात कबूल की थी। बाद में उन्होंने अदालत में अपना कबूलनामा ये कहते हुए वापस ले लिया कि उनसे जबरन ये बयान दिलवाया गया था। सीबीआई ने सुरेंदर कोली और पंढेर के खिलाफ़ 19 मामले दर्ज किए थे। जहां कोली पर हत्या, अपहरण, बलात्कार, सबूतों को मिटाने जैसे आरोप थे तो वहीं पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप था। इस मामले की गूंज कई सालों तक देश गूंजती रही थी। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे. स्थानीय लोगों ने उस समय कहा था कि पुलिस इस मामले में इसलिए भी कार्रवाई नहीं कर सकी क्योंकि लापता होने वालों में से अधिकतर गरीब परिवार के थे. गाज़ियाबाद जेल में बंद कोली को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई किए जा रहे 12 मामलों में मौत की सज़ा सुनाई गई थी। वहीं पंढेर नोएडा की जेल में बंद हैं और उन्हें दो मामलों में मौत की सज़ा हुई थी। कोली की सज़ा को उम्रकैद में बदलने वाले हाईकोर्ट के आदेश को उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अभी ये मामला शीर्ष न्यायालय में लंबित है। न्यायालय ने निर्णय में ये माना कि आरोपियों के विरूद्ध सबूत नही हैं। न्यायालय ने ये नही कहा कि कांड हुआ ही नही।कांड तो हुआ। 19 महिलाओं और बच्चियों के कंकाल कोठी डीएस-5 के सामने नाले से मिले। अब प्रश्न यह है कि ये नही तो किसी और ने ये कांड किया है।जिसने कांड किया उसे सजा दिलाने की किसकी जिम्मेदारी है? किंतु लगता है कि न्यायालय ने इस केस के आरोपी के बरी हो जाने के बाद ये केस व्यवस्था की कबाड़ की फाइल में चला जाएगा। 2006 से न्याय की आशा में बैठे पीडित परिवार को रो पीट कर चुप हो बैठना पड़ेगा ।इस निर्णय के बाद पीड़ितों के माता पिता और परिवार वालों का दुख और गहरा हो गया। अपनों को खोने वालों ने कहा कि 17 साल बाद भी हम लोगों को न्याय नहीं मिला। निठारी कांड में अपने बच्चों को खोने वाले पैरेंट्स का लगभग एक ही सवाल है कि अगर पंढ़ेर और कोली निर्दोष हैं तो उनके बच्चों को किसने मारा है?

एक बात और हाईकोर्ट ने कहा कि शवों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जांच नही हुई। ये रिपोर्ट मानव तस्करी की और इशारा कर रही थी। दोनों न्यायधीश ने जांच पर नाखुशी जताते हुए ये भी कहा कि जांच बेहद खराब है। सुबूत जुटाने की मौलिक प्रक्रिया का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। जांच एसेंसियों की नाकामी जनता के विश्वास के साथ धोखा है। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसियों ने अंग व्यापार के गंभीर पहलुओं की जांच किए बिना एक गरीब नौकर को खलनायक की तरह पेश किया। हाईकोर्ट ने माना कि ऐसी गंभीर चूक के कारण मिलीभगत सहित कई गंभीर निष्कर्ष संभव है। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि आरोपी अपील कर्ता को निचली अदालत में स्पष्ट रूप से निचली अदालत में सुनवाई का मौका नही मिला। न्यायालय ने निर्णय में ये भी कहा कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कोई सुबूत नही हैं।सुबूत के अभाव में दोनों आरोपियों को लगभग 17 साल जेल में रहना पड़ा।अकारण जेल में बिताए इनके इन सालों के लिए कौन जिम्मेदार है? इस केस में शुरूआत से ही पुलिस पर आरोप लगते रहते हैं कि वह इस मामले में रूचि नही ले रही।

# समन्वय बनाकर युद्धस्तर पर करें कार्य

## नगर विकास मंत्री ने की महाकुंभ 2025 के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2013 के बाद 12 वर्षों में लगने वाले प्रयागराज महाकुम्भ 2025 को दिव्य और भव्य रूप से बेहतर सुविधाओं और व्यवस्था के साथ मनाया जायेगा। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का समाना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अभी से युद्धस्तर पर कार्य करा रहीं और सड़क, पुल, बिजली, मेला क्षेत्र के विस्तारीकरण, व्यवस्थापन के 02 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक के प्रोजेक्ट धरातल पर आ चुके हैं।

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सोमवर को जल निगम हॉस्टल संगम, लखनऊ से महाकुम्भ 2025 के लिए की जा रही तैयारियों को लेकर आयुक्त प्रयागराज, सम्बन्धित विभागों और एजेंसियों के अधिकारियों के साथ कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों और कार्यदायी एजेंसियों को आपस में समन्वय बनाकर युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि बेहतर मैनेजमेंट के साथ किसी भी कार्य को व्यवस्थित ढंग से और स्थायी रूप से किया जाए। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के सुझाओं पर भी

■ महाकुम्भ 2025 के लिए 02 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू

ध्यान दें, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

नगर विकास मंत्री ने लगभग 3738 करोड रुपए की लागत से विभिन्न विभागों द्वारा अब तक अनुमोदित 260 परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रगति कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने मूलभूत सुविधाओं के साथ पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग आदि की सुचार व्यवस्था करने, सड़कों व चौराहा से अतिक्रमण हटाने के साथ इनका चौड़ीकरण और सुंदरीकरण के कार्यों में गति लाने को कहा। इस बार महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक 45 दिन चलेगा। इस दौरान मेला में 06 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। 40 लाख श्रद्धालु शाही स्नानों में आ सकते हैं। 40 लाख कल्पवासी हो सकते हैं। लाखों करोड़ों आगंतुकों के लिए पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी। स्वच्छ मेला के लिए स्वच्छाग्रहीयो की पर्याप्त उपलब्धता हो। डिजिटल म्यूजियम बनाए जाएं, आई ट्रिपल सी, आईटी और ड्रोन से मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए अभी से व्यवस्था कर ली जाए। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहनी चाहिए। इन सभी कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई व शिथिलता न होने पाए। मेला क्षेत्र में रोप-वे,पीपा पुल, आरओबी, पुलों आदि के निर्माण कार्य को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि वीआईपी के साथ सामान्य श्रद्धालुओं के ठहरने की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाए। कहीं पर भी अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी बॉटलनेक कार्यों को चिन्हित कर उसे समय से पूरा कराए।

# अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अध्यक्ष का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

## प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित विधान परिषद के कई सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अध्यक्ष भदन्त शांति मित्र जी का अंतिम संस्कार आज शाक्यमुनि बौद्ध विहार मवई पड़ियाना, सरोजनीनगर, लखनऊ में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधान परिषद के कई सदस्यों, शासन प्रशासन के अधिकारीगण एवं बौद्ध अनुयायियों के अलावा भारी संख्या में उनके समर्थकों ने उन्हें अंतिम बिदाई दी।

इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने भदंत शांति मित्र जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनको नमन करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भदंत शांति मित्र जी का जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका सम्पूर्ण जीवन बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार तथा समाज सेवा के लिए समर्पित था। वह उच्च कोटि के बौद्ध धर्म के ज्ञाता होने के साथ ही एक सरल हृदय के व्यक्ति थे। तथागत भगवान बुद्ध उनको अपने श्री चरणों में स्थान दें। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पूज्य भदंत शांति मित्र जी का अंतिम दर्शन कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि भदंत शांति मित्र जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाजसेवा, एकता, भाईचारा एवं पंथनिरपेक्ष समाज की स्थापना के लिए समर्पित किया था। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के पद पर आसीन रहने के दौरान संस्थान निरन्तर विकास की ओर अग्रसर रहा। उन्होंने कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन आगे आने वाली पीढ़ी को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। भगवान उन्हें अपने चरणों में स्थान दें।

इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य डा महेन्द्र सिंह, विधान परिषद सदस्य गोविन्द नारायण शुक्ला तथा लालजी प्रसाद निर्मल, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम, बौद्ध संस्थान के निदेशक डा राकेश सिंह, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल सिंह गंगवार के अलावा बौद्ध संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक बौद्ध भिक्खु, उपासक, उपासिकायें, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि, उप्र जैन विद्या शोध संस्थान के प्रो0 डा0 अभय कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।

# 23 करोड़ की लागत से नौसेना की शौर्य संग्रहालय की होगी स्थापना

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गोमती नदी के किनारे पुलिस मुख्यालय के समीप लगभग 23 करोड़ रूपये की लागत से नौ सेना के शौर्य संग्रहालय की स्थापना की जायेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 21 अक्टूबर को इसका शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर वाइस एडमिरल समेत शासन प्रशासन के उच्चाधिकारी के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ में कई धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल आकर्षण के केन्द्र हैं। अब नौ सेना का संग्रहालय इस कड़ी में राजधानी के लिए एक नया गन्तव्य स्थल के रूप में उभरेगा। इससे लखनऊ में पर्यटन के क्षेत्र में नई विविधिता जुड़ जायेगी। पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी के साथ

■ प्रदेश के मुख्यमंत्री 21 अक्टूबर को संग्रहालय की आधारशिला रखेंगे

ही रोजगार के नये अवसर बढ़ेगे। जयवीर सिंह ने बताया कि इस संग्रहालय में नौसेना से रिटायर्ड युद्धपोत, आईएनएस गोमती उससे संबंध सभी उपकरण जैसे मिसाइल, टारपीडो, कैनन तथा अन्य सामानों का प्रदर्शन किया जायेगा। यह संग्रहालय नौसेना से संबंधित देश का पहला संग्रहालय होगा, जहां पॉच वर्ष पहले के युद्ध पोतों एवं जलयानों का संग्रह होगा। इसके अलावा नौसेना से जुड़े अन्य उपकरणों को भी प्रदर्शित किया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि मौजूदा समय में आईएनएस गोमती मुम्बई में है। उ0प्र0 के पर्यटन विभाग और भारतीय नौसेना के साथ एग्रीमेंट हुआ है कि शौर्य संग्रहालय का निर्माण शुरू होते ही मिसाइल समेत अन्य उपकरणों को लखनऊ लाया जायेगा।

## डिप्टी सीएम ने किया क्षेत्रीय खेलकूद समारोह का उद्घाटन

# बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से किया भाव विभोर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** विद्या भारती के पूर्व उत्तर प्रदेश क्षेत्र के 34वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह का उद्घाटन सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं वैदिक वाद्य यंत्रों के वादन के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतींद्र शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री डॉ शिवकुमार, खेल निदेशक डॉ आर. पी. सिंह के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

अतिथि परिचय एवं स्वागत भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह द्वारा किया गया।

समारोह की प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते हुए अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतींद्र शर्मा जी ने कहा कि विद्या भारती के भैया बहन विज्ञान संस्कृति एवं खेल विधा में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, हमने विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान मेला संस्कृति के क्षेत्र में सांस्कृतिक ज्ञान परियोजना, खेलों के क्षेत्र में खेलकूद समारोह का आयोजन करते हुए बालक के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। हम समाज पोषित संगठन हैं, यदि रचनात्मक और सृजनात्मक योजनाओं पर कार्य हो तो देश सशक्त होगा। हमारे बच्चों ने अपनी मेहनत से खेलो इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि आज देश ही नहीं दुनिया भर में भारत शिक्षा के श्रेष्ठ के रूप में उभरा है। इसके लिए मै विद्या भारती को धन्यवाद देता हूं। उन्होने कहा कि जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज होगा। विद्या भारती के द्वारा संचालित हमारे शिक्षण संस्थान शिक्षा के माध्यम से देश की संस्कृति और मूल्यों को बचाने में अहम भूमिका निभा रही है। खेल कूद प्रतियोगिता हम सबको टीम भावना से काम करते रहने की प्रेरणा देती हैं। उन्होने खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेले हार जीत तो लगी रहती है। देखने वाली बात यह होगी कि आप इसे किस भावना से खेलते हैं। चार प्रांतों से आए हुए खिलाडियों ने अभिवादन संचलन किया जिसमे काशी प्रान्त, गोरक्ष प्रान्त, कानपुर प्रान्त एवं अवध प्रान्त के लगभग 500 खिलाडी भैया बहिन एवं उनके निर्णयको ने भाग लिया। स्टेडियम में आयोजित विद्या भारती का 34वां राष्ट्रीय खेलकूद समारोह 20 अक्टूबर तक चलेगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित हो चुके अतिथियों का छात्राओं ने बैच लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया। उद्घाटन समारोह के अंत में डॉ महेंद्र कुमार द्वारा आभार प्रकाशन किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से रामकृष्ण चतुर्वेदी, हेमचन्द्र जी, राममनोहर जी, हरेन्द्र जी, दिनेश सिंह जी, उमाशंकर जी, प्रशांत भाटिया, विभाग प्रचारक अनिल जी, ऋचा मिश्र, राजेंद्र बाबू सहित स्वागत समिति, विभिन्न विद्यालयों के प्रबंध समिति के पदाधिकारी, खिलाडी, अभिभावक, आचार्य एवं विशिष्ट गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# स्टुडेंट्स ने समझीं कूड़े को कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से बीएससी एग्रीकल्चर- फर्स्ट ईयर के स्टुडेंट्स ने मौढा तैइया, मुरादाबाद का भ्रमण किया, जिसमें स्टुडेंट्स ने गांव में बचे अपशिष्ट, पराली, घास और गोबर को कम्पोस्ट में बदलने की बारीकियों को जाना। इसमें गांव के बचे हुए अपशिष्ट का नाडफ कम्पोस्ट बनाने का तरीका जाना। साथ ही गांव की नर्सरी में स्टुडेंट्स ने विभिन्न पौधों को तैयार करने की विधि, नई-नई किस्में तैयार करने आदि के बारे में विस्तार से समझा। छात्र-छात्राओं ने फूलों की विभिन्न किस्मों जैसे- पेटूनिया, गुलहड, पोर्टूलाका, गेंदा, गुलाब, डहेलिया, गुलमेंहदी को नर्सरी में तैयार करने की बारीकियां सीखीं। कम्पोस्ट विधि में सभी अपशिष्ट को एक टेंक में भर दिया जाता है। इसके बाद उसे मिट्टी और गोबर की परत से ढक देते हैं, जो लगभग तीन माह में कम्पोस्ट बन जाता है। इससे पूर्व डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह के दिशा-निर्देश पर एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन जैन डॉ. बलराज सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. उपासना, डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी आदि ने स्टुडेंट्स को विजिट के लिए कॉलेज से रवाना किया। गांव के प्रधानपति श्री नरेन्द्र सिंह बताते हैं, गांव के कचरे को एक स्थान पर जमा कर लेते हैं। जहां पर प्लास्टिक, कपड़ा, मेडिकल बेस्ट को अलग-अलग कर लिया जाता है। श्री सिंह ने बताया, सरकारी वित्तीय सहायता से 18 वर्मी कम्पोस्ट बनाए गए हैं, जिनमें किसान अपने पशुओं के गोबर को केचुए की सहायता से वर्मी कम्पोस्ट में बदलते हैं।

# छात्राओं को यूपीपीएससी परीक्षा में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** क्रिश्चियन कॉलेज में कलेक्टर बिटिया जागरूकता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में एडीसीपी वेस्ट लखनऊ चिरंजीव नाथ सिन्हा ने ऑडिटोरियम में मौजूद छात्राओं को यूपीपीएससी परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित कर परीक्षा की तैयारी के टिप्स देकर अपनी कहानी अपनी ज़ुबानी सुना कर मंत्र मुग्ध कर दिया। अम्बर फाउंडेशन के चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने मुख्य अतिथि का शाल ओढ़ाकर मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

वफ़ा अब्बास ने आगे कहा कि भारत के रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद शेर ए हिन्द राजनाथ सिंह जी को प्रेरणा और आशीर्वाद से हमारी सामाजिक संस्था अम्बर फाउंडेशन द्वारा गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए चलाए जा रहे निःशुल्क समाजिक नेत्र चिकित्सा एवं शैक्षिक सेवा कार्यक्रम के माध्यम से नेत्र चिकित्सा शिविर द्वारा 25000 चश्मा वितरण 3000 मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं 1000 प्राइमरी स्कूल के बच्चों की फीस जमा करना तथा निम्नवर्ग आय के परिवार की 300 बेटियों के लिए ध्येय आई.ए.एस के साथ सहयोग से उनकी मुफ्त कोचिंग किताबें पढ़ाई और परीक्षा के साथ 'कलेक्टर बिटिया' प्रोग्राम सफलता की ओर अग्रसर हैं।

इसी कड़ी में आज क्रिश्चियन पीजी कॉलेज परिसर में 'कलेक्टर बिटिया' अवेयरनेस प्रोग्राम का अयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में ध्येय के निदेशक विजय सिंह ने भी अपने मोटोवेशनल भाषण से सबका मन मोह लिया । इसके अलावा क्रिश्चियन पीजी कॉलेज, लखनऊ के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा ऋषि मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष एजुकेशन सुमन लता, उर्दू विभागाध्यक्ष डा शाबाहत फ़ातिमा, एआईएच की डा अरुण मिश्रा, थाना वजीरगंज की थाना प्रभारी मनोज मिश्रा एवं मिशन शक्ति की महिला पुलिस अधिकारी, के अलावा ज़मानत अली, हाईकोर्ट के अधिवक्ता नुजार नकवी एवं आमिर मुख़्तार भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# श्याम मन्दिर में गूंजे सुन्दरकाण्ड के स्वर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री श्याम प्रेमी ट्रस्ट के तत्त्वाधान् मे 24 अक्टूबर को शुभकामना पद यात्रा निकलने से पहले आज मंगलवार को सुबह 9:30 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मन्दिर में किया गया। जिसमें राजधानी के मशहूर गोपाल मिश्रा द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। उन्होंने मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सो दसरथ अजिर बिहारी, के सैपुट के साथ सुंदरकांड शुरू किया और प्रभु श्री राम व उनके अनन्य भक्त हनुमान जी का गुणगान किया तो सभी मंत्र मुग्ध हो गए। गोपाल जी द्वारा मधुर स्वर लहरियो के बीच सुंदरकांड का पाठ किया। तो वहां मौजूद विधायक डॉ नीरज बोरा, ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, महामंत्री जितेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकाश गुप्ता आदि सभी लोग झूमने लगे। अगले क्रम में डॉक्टर

■ विधायक डॉ नीरज बोरा ने श्याम प्रभु को सवामणी भेंट किया



नीरज बोरा व घनश्याम अग्रवाल ने बालाजी महाराज व श्याम प्रभु को सवामणी का प्रसाद श्याम प्रभु को समर्पित किया। उस समय मंदिर में श्याम प्रभु की जय जयकार होने लगी। अध्यक्ष अरविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से शुभकामना पद यात्रा का अयोजन श्री श्याम प्रेमी संघ ट्रस्ट द्वारा 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे श्री बालाजी मंदिर सेक्टर-क्यू अलीगंज से प्रस्थान करेगी और 30 अक्टूबर 2023 को श्री अयोध्या धाम प्रभु श्रीराम के चरणों में पूर्ण होगी।

# सीएमएस गोमती नगर बना प्रदेश का 'सर्वश्रेष्ठ विद्यालय'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश के 'सर्वश्रेष्ठ स्कूल' के खिताब से नवाजा गया है। इस उपलब्धि हेतु विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभा अनन्त को दिल्ली के होटल जे. डब्ल्यू. मैरियट में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह शैक्षिक पत्रिका 'एजुकेशन वर्ल्ड' के तत्वावधान में आयोजित किया गया। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) को लगातार 11वीं बार इस सम्मान से नवाजा गया है, जो कि एक रिकार्ड है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी., प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय की इस




■ प्रधानाचार्या आभा अनन्त ने लगातार 11वीं बार प्राप्त किया 'सर्वश्रेष्ठ स्कूल' का खिताब

उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका सम्पूर्ण श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं कर्तव्यनिष्ठ व विद्वान शिक्षकों को दिया है।

श्री शर्मा ने बताया कि एजुकेशन वर्ल्ड इण्डिया स्कूल रैंकिंग-2023 में सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) ने लखनऊ व उत्तर प्रदेश का नम्बर वन स्कूल होने का गौरव प्राप्त किया है। देश भर के प्रतिष्ठित 'को-एड डे स्कूलों' के आकलन में सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) को विभिन्न मानकों के आधार पर उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ स्कूल चुना गया है।

# 51 शक्तिपीठ में नारंगी श्रृंगार, नारंगी भोग







अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को मां का चंद्रघंटा स्वरूप का पूजन किया गया। तृप्ति तिवारी ने बताया कि आज मां का नारंगी श्रृंगार और नारंगी भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने पिंडी दर्शन और पूजन किया। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें ममता तिवारी, सुमन दीक्षित, सुषमा, आशा पांडे, सिवकुमारी, माधुरी सिंह, टिंकल, करुणा सिंह, प्रतिमा सिंह ने माता के भजन सुनाया।

# प्रदेश में अब तक 13656 मीट्रिक टन हुई बाजरा की खरीद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोटे अनाज के तहत 13656 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद कर ली है। इस वर्ष समर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से बाजरा की खरीद की जा रही है। इस योजना से अब तक 2534 से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा चुका है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 2231.50 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है। उल्लेखनीय है कि बाजरा की खरीद जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, बरेली, बदायूँ, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, वाराणसी आदि प्रतापगढ़ में की जा रही है।

# बेटियां सेल्फ डिफेन्स सीखेंगी तो परिवार और समाज बनेगा बेहतर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जैकसन ग्रुप ने लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से आज सुभाषचन्द्र बोस राजकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 500 से अधिक छात्राओं के लिए महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का आयोजन एलडीए स्टेडियम अलीगंज में किया गया। सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम का उद्देश्य छेड़छाड़ और महिला उत्पीड़न जैसी गंभीर समस्याओं पर अंकुश लगाकर बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ाते हुए उन्हें ऐसे खतरों से खुद निपटने के लिए सक्षम बनाना रहा। कार्यशाला में मुख्यअतिथि के रूप में नगर के उत्तरी क्षेत्र विधायक डा.नीरज बोरा ने नवरात्र पर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत का हवाला देते हुए मिशन चंद्रयान में योगदान देने वाली लखनऊ की बेटी ऋतु करिधाल की चर्चा की। कहा कि बेटियों को शिक्षा देने के साथ उनकी शारीरिक क्षमता बढ़ाना, ऊर्जा भरना, उनके भीतर आत्मविश्वास जगाना और कुछ करने का हौसला जगाना समय की आवश्यकता बन गया है। बेटियां मजबूत और सक्षम बनेंगी तो पहले परिवार और फिर समाज भी बेहतर बनेगा। बेटियां अब सामान्य पढ़ाई के साथ खेलों और तकनीकी शिक्षा में भी बहुत आगे जा रही हैं। बालिकाओं को सेल्फ डिफेन्स के तौर तरीके जरूर सीखना चाहिए। ऐसे आयोजनों में ट्रेनिंग के माध्यम से बालिकाएं हर तरह से मजबूत होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व स्क्वाड्रन लीडर अभय प्रताप सिंह ने कहा कि समाज के कमजोर तबकों के लोगों के साथ ही दिव्यांगों और बालिकाओं-महिलाओं को तरह-तरह के आयोजनों से मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाना हम सबका सामाजिक उत्तरदायित्व है।



■ पढ़ाई के साथ बेटियों को स्कूल-कालेजों में सिखाएं जायें आत्मरक्षा के तौर तरीके

# भारतीय डाक गांव तथा ब्लॉक स्तर पर हर घर से एकत्र कर रही मिट्टी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 'मेरी माटी मेरा देश' (एमएमएमडी) अभियान देशभर में अमृत कलश यात्राओं के साथ अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है। इस अखिल भारतीय सम्पर्क पहल का लक्ष्य देश के हर घर तक पहुंचना रहा। इस महत्वपूर्ण सहयोगात्मक प्रयास के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा कोयला मंत्रालय समेत कई मंत्रालय, राज्य सरकारें, नेहरू युवा केंद्र संगठन, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और भारतीय डाक ने गांव तथा ब्लॉक स्तर पर हर घर से मिट्टी एकत्र कर रहे हैं। यह संयुक्त पहल इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनके समर्पण को ही रेखांकित नहीं करती, बल्कि सामुदायिक सेवा और राष्ट्र-निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती है। संस्कृति मंत्रालय के क्षेत्रीय संस्कृति केंद्र भी देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करने और बेहतर सम्पर्क कायम करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। 4419 से अधिक ब्लॉक पहले ही मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन कर चुके हैं और इसमें जनता की शानदार भागीदारी रही है।

राष्ट्रव्यापी मेरी माटी मेरा देश अभियान देश के वीरों को सम्मानित करने के लिए 9 अगस्त, 2023 को शुरू किया गया था। अदम्य साहस का परिचय देने वाले उन साहसी व्यक्तियों को वीर की संज्ञा दी गई है, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह पहल आजादी का अमृत महोत्सव के समापन का प्रतीक है, जो 12 मार्च, 2021 को शुरू हुआ था। इसके तहत पूरे भारत में दो लाख से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़े पैमाने पर जनभागीदारी देखी गई।

# मतदाताओं को जोड़ने के लिए भाजपा वोटर चेतना महाभियान चला रही है: सत्यपाल

## 29 अक्तूबर को मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सांसद, विधायक से लेकर सभी जनप्रतिनिधि घर-घर सम्पर्क कर मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में जुटेंगे: संजीव

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** युवाओं को मत के महत्व से अवगत करवाने तथा नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा चलाए जा रहे वोटर चेतना महाअभियान के बारे में पार्टी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला को संबोधित करए हुए संगठनात्मक जनपद प्रभारी सत्यपाल सिंह ने कहा कि नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए भाजपा वोटर चेतना महाभियान चला रही है। इसके तहत नए मतदाताओं को भाजपा की रीति नीति के बारे में अवगत करवाया जाएगा तथा पार्टी के समर्थन में मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाएगा।



लोकसभा चुनाव 2024 से पहले प्रत्येक मतदाता तक अपनी पहुंच बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। युवाओं और प्रत्येक बूथ पर नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ने में सहयोग करेंगे। साथ ही दिवंगत मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से बाहर कराएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा क 29 अक्तूबर को मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सांसद, विधायक से लेकर सभी जनप्रतिनिधि घर-घर सम्पर्क कर मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में जुटेंगे।

भाजपा जनपद में प्रथम चरण में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक तथा द्वितीय चरण में 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक घर-घर संपर्क का विशेष अभियान चलाकर नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य करेगी। कार्यशाला का संचालन जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह ने किया।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद-विधायक रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, राकेश यादव, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया, विक्रम अग्रवाल, जिला मंत्री डॉ ज्योति वर्मा, ममता कुशवाहा, जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, चक्रेश जैन, राहुल राजपूत, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सोशल मीडिया जिला संयोजक विमलेश शाक्य, आई टी जिला संयोजक शरद तिवारी, मुकेश यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, मुनेश बघेल, रईसुद्दीन राइन मण्डल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर, सुशांत दीक्षित सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा के साथ व्यवहारिक व रोजगार परक शिक्षा दी जाये

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज ब्लाक टड़ियावां के जुनियर हाई स्कूल पूराबहादुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे विद्यालय की अन्न पूर्णा रसोई में दाल, चावल, तेल, मशाला आदि को देखा तथा प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि बच्चों का खाने में गुणवत्ता परक दाल, चावल, तेल, मशाला आदि का प्रयोग किया जाये और बच्चों को समय पर मिड-डे मील दिया जाये। जिलाधिकारी ने बच्चों की क्लास में जाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा तथा शिक्षकों को निर्देश दिये कि बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा के साथ व्यवहारिक तथा रोजगार परक शिक्षा दी जाये।

# ज़िला पर्यावरण समिति/ज़िला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिला पर्यावरण समिति /जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में आहुति की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपना-अपना जिओ टैगिंग समय पर अवश्य कर ले। उन्होंने कहा कि जहां पर पौधे लगे हुए हैं इसका परीक्षण करके संबंधित को इसकी रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें, जिससे उच्च अधिकारियों द्वारा पूछे जाने पर तत्काल अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को अपनी जिओ टेगिंग के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी कार्य योजना बनाते हुए उसकी सूची प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकीय को उपलब्ध करा दी जाए ताकि निर्धारित समय के अंदर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य को पूर्ण कर दिया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज्य अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों का गंदा पानी नदी में नहीं मिलाया जाए। उन्होंने प्रदूषण को कम करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को बायोमेट्रिक वेस्ट की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को सत प्रतिशत जिओ ट्रैकिंग करने तथा पौधों को जीवित सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही नहीं बल्कि उनकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकीय अतुलकांत शुक्ला, जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कयामत तक एहलेबैत और कुरआन जुदा नहीं होंगे: ज़ैदी



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** स्थानीय घटिया अज़मत अली स्थित इमामबाड़े में रियाज़ रिज़वी की ओर से इसाले सवाब की मजलिस ए अज़ा का आयोजन किया गया। मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा ने मजलिस में तकरीर करते हुये कहा रसूल अल्लाह एहलेबैत और कुरआन को छोड़कर गए कयामत तक एहलेबैत और कुरान जुदा नहीं होंगे। कुरान में अल्लाह कह रहा है दुनिया में जो भी आया है उसे एक दिन फना होना है। रसूल अल्लाह फरमाते है किसी की मदद करने में दिखावा नहीं होना चाहिए, मोमिन का एहतराम करना अल्लाह का एहतराम करना है। मजलिस में आसिफ रिज़वी अश्शू, तहसीन रज़ा, सलमान रिज़वी, आबिद रज़ा ने कलाम पेश किये। मजलिस में हाजी कमर अब्बास नकवी, राहत अक़ील, मो.अब्बास, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, तनवीर हसन, सफीर हैदर, समर अब्बास, मो.मियां, सोनू नक़वी, शादाब हसन, मो.अहमद, मो.जुनैद, मिनहाज हुसैन, राजा, हसन अब्बास, इबाद रिज़वी, राशिद, शब्बर अक़ील, हम्माद, दबीरुल हसन, अलीशान, अदनान जाफ़री सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

# जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में जसवंतनगर व भरथना का रहा दबदबा

- विजेता व उपविजेता टीमों को मेडल पहनाकर किया गया सम्मानित

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। जिसमें दूसरे दिन जूनियर स्तर की बालक बालिकाओं की प्रतियोगिता हुई। जिसमें समस्त विकास खण्ड से 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। जसवंतनगर व भरथना के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। बालक वर्ग में जसवंतनगर व बालिका वर्ग में भरथना की टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता का शुभारंभ टीचर क्लब के प्रदेशीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बालक वर्ग में जसवंतनगर विजेता व सैफई उपवजेता और बालिका वर्ग में काटें की टक्कर में भरथना विजेता व बढ़पुरा उपविजेता टीम बनी। जिला व्यायाम शिक्षक गौरव पाठक एवं प्रमिला पाठक ने विजेता व उपविजेता टीमों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अमित कुमार, वेदप्रकाश, नृपेंद्र चतुर्वेदी, प्रदीप यादव, यतेंद्र यादव, मोहित यादव, रणधीर, ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

इस मौके पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शोएब आलम योगेंद्र चौधरी, राजेश जादौन, एपी यादव, अजयपाल यादव, अवधेश सिंह राठौर, अर्चना चौधरी, संजीव यादव, अमरपाल यादव उमेश चन्द्र यादव विनय यादव उषा कुमारी, गीता दोहरे, प्रियंका, ज्योत्सना, मनोज कुमार, हरिओम शाक्य, रोहित यादव, निर्निमेष, जगमोहन सिंह, अजय, देवेंद्र चौहान समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

# विद्युत चेकिंग: श्याम नगर में 20 लोगों पर की गई कार्यवाही



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार शक्ति भवन लखनऊ से आई लिस्ट के रोस्टर अनुसार चेकिंग करने पर हाई पोटेंशियल फीडर श्याम नगर में 20 लोगों पर कार्यवाही की गई। जिसमे 10 लोगो को केबल बायपास करके विधुत चोरी करते पकड़ा गया जिनकी धारा 135 में कार्यवाही करा दी गई है। जबकि 10 उपभोक्ताओं को धरेलू संयोजन से कमर्शियल उपयोग करते पकड़ा गया जिनकी धारा 126 में कार्यवाही करा दी गयी है। 03 उपभोक्ताओं के विधुत संयोजन की भार बढ़ाया गया। 15 बड़े उपभोक्ताओं के विधुत संयोजन बकाये पर काटे गए जिसमे 8 उपभोताओ ने विधुत बिल जमा किया। टीम में उपखण्ड अधिकारी तृतीय गगन अग्निहोत्री, विजीलेंस प्रभारी मनोज कुमार, अवर अभियंता हंसराज, टीजी 2 नवल किशोर, प्रभारी निरीक्षक गंधर्व सिंह, अनुराग त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**बिलग्राम।** हरदोई मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के निकट विपरीत दिशा से आ रहे हैं एक बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार जरौली शेरपुर गांव निवासी मोहम्मद हारुन 27 वर्ष पुत्र यूनुस दोपहर के समय अपने गांव जरौली शेरपुर से बाइक पर सवार होकर हरदोई दवा लेने जा रहा था। तभी गंगा एक्सप्रेसवे के निकट हरदोई बिलग्राम मार्ग पर एक बेकाबू ट्रैक्टर ने युवक को बुरी तरह कुचल दिया। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# सरकारी जमीन को एसडीएम सदर ने भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराया

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** विकासखंड अहिरोरी के ग्राम पंचायत गोंडा राव बाजार परिसर में उप जिलाधिकारी सदर स्वाति शुक्ला की अगुवाई में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित बड़ी तादाद में पुलिस बल की मौजूदगी में सरकारी जमीनों पर काबिज अवैध कब्जेदारों से कब्जा मुक्त करवाया गया। उप जिलाधिकारी सदर ने सी.ओ. संडीला अंकित मिश्रा, एस.ओ. बघौली भावना भारद्वाज, डीसीआरवी प्रभारी राजकुमार, स्पेशल इंक्वायरी सेल प्रभारी मोहनलाल, पी.एस.सी. पुलिस बल,फायर ब्रिगेड सहित एल. आई.यू. इंटेलिजेंस के लोगों की मौजूदगी में गाटा संख्या 1201 व 1202 सहित सरकारी जमीन को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराया। सरकारी जमीन पर पूर्व में हुई पैमाइश के बावजूद कुछ लोगों ने दोबारा से अपना कब्जा जमा रखा था। आज फिर से दोबारा कब्जा मुक्त कराकर कब्जा धारकों को सख्त हिदायत दी गई। वही रोड के किनारे लोगों द्वारा फैलाया गया अतिक्रमण मोरंग, बालू, गिट्टी को भी मौके से तत्काल हटवाया गया। शुरू में हुई पैमाइश के दौरान बरती गई लापरवाही को लेकर राजस्व टीम को एसडीएम ने कड़ी फटकार लगाई। उपजिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम, एस एस पी ने काली वाँह मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने नवरात्रों के त्योहार की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित काली वाँह मंदिर पर लगने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही संबंधित को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### सहाब हमारी मेडम का स्थानांतरण रोको

**मथुरा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय रहीमपुर से इंचार्ज शिक्षिका श्रीमती कुसुम लता गौतम को गलत आरोप लगाकर बीएसए द्वारा सस्पेंड कर दिया गया है उसकी बाहली की मांग को लेकर विद्यालय की बालिकाएं व बालक अपने अपने अभिभावकों से साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। इन स्कूल बालकों ने कहा कि उनकी शिक्षिका कुसुम गौतम ही विद्यालय में पढाती हैं। उनको षड़यत्र के तहत सस्पेंड कर दिया गया है। उनको बाहल किया जाए। बच्चों ने डीएम कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया। अब जो शिक्षक व अनुदेशक स्कूल में शेष रह गए हैं वे सारे दिन फोन पर लगी रहती हैं। उनको बच्चों की पढाई से कोई मतलब नहीं है। दो शिक्षिकाओं की कार छाया में खड़ी होती है। जबकि बच्चे प्रार्थना व सांस्कृतिक कार्यक्रम धूप में खड़े होकर करते हैं। ज्ञापन देने वालों में देवेन्द्र ठाकुर, जीतू, डौली, मुकेश, सुकन्या, राजेन्द्र सिंह, नरेश , रैनू, पिंकी, गोपाल, हीरेश, शिभम, अंकित, प्रिंस, प्रतिज्ञा, नैतिक, प्रशांत, कंचन तरकर, प्रीती, खुशी, अनुज, देवेन्द्र सिंह तरकर, विष्णु, सुमित, लाखन सिंह, महीपाल सिंह, सुरेश चंद, संजय सिंह, पंकज, गौरी, संगीता, मोनिका, मोहनी रीना अदि थे।

### आक्रोशित पार्षद ने दिया धरना

**मथुरा।** जन समस्याओं का समाधान नहीं होने से क्षुब्ध पार्षद मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय पर मंगलवार को धरने पर बैठ गए। पार्षदों का आरोप है कि नगर निगम के अधिकारी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह आगे उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। मंगलवार को नगर निगम के दो दर्जन से अधिक पार्षद नगर निगम के अधिकारियों के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए जनरलगंज स्थित निगम कार्यालय पर पहुंचे।

# मिशन शक्ति से बालिकाओं में स्वावलंबन का आया भाव: डीएम

- बाल विवाह कानूनी एवं सामाजिक दोनों ही रूप से गलत है: मंगला प्रसाद सिंह
- दृढ इच्छा शक्ति से कोई भी बच्ची उच्च स्थान हासिल कर सकती है: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**




**हरदोई।** मिशन शक्ति फेज-4 के अंतर्गत आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पिहानी स्थित कस्तूरबा गाँधी विद्यालय में छात्राओं से संवाद किया। संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने बालिकाओं को सरकार की ओर से बालिकाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में बताया। उन्होने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना से बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन का भाव आया है और कन्या सुमंगला योजना से बालिकाओं के जन्म को लेकर समाज मे सकारात्मक सोच विकसित हुई है तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से गरीब परिवारों को लड़कियों की शादी करने में समस्या नही आती है। पुलिस सहायता के लिए वन स्टॉप सेंटर बनाया गया है। उत्पीड़न आदि से बचाव के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर स्थापित किये गए हैं। जिलाधिकारी ने बच्चियों से विभिन्न विषयों पर बात की। बाल विवाह के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि बाल विवाह कानूनी एवं सामाजिक दोनों ही रूप से गलत है। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए मेहनत व लगन जरूरी है। बच्चियों ने बेबाकी से अपनी बात रखी जिसका जिलाधिकारी ने जवाब दिया। तीन महिला पुलिस कार्मिकों व एक महिला पशु चिकित्सा अधिकारी ने बच्चियों के समक्ष अपनी सफलता की कहानी बताकर बच्चियों को प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने दंगल फ़िल्म का उदाहरण देते हुए कहा कि नकारात्मक सोच को नजर अंदाज कर सकारात्मक सोच को लेकर आगे बढ़ें। जिलाधिकारी ने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति से कोई भी बच्ची सफलता के उच्च मानक स्थापित किया। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण दिया। जिले की महिला अधिकारियों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आज पांच में चार तहसीलों की उपजिलाधिकारी महिलायें हैं। सीडीओ व एडीएम भी महिला हैं। सभी बच्चियों को सफल महिलाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। नारी शक्ति का प्रतीक है। नकारात्मक विचार अपने मन मे बिल्कुल न लाएं। कार्यक्रम के अंत मे बच्चियों ने बाल विवाह पर एक नाटक का मंचन किया जिसने सभी के अंतर्मन को झकझोर दिया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, जिला समन्वयक राजेश शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, एबीएसए रतन लाल, वार्डेन गरिमा, ईओ अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक संजय कुमार व बड़ी संख्या में स्कूल की बच्चियां उपस्थित रहीं।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने कस्तूरबा विद्यालय परिसर में स्थिति उ0प्रा0 विद्यालय का निरीक्षण किया तथा बच्चों के साथ मिड-डे मील खाकर देखा। विद्यालय के बाहर जल भराव एवं गन्दगी को देखकर ईओ एवं प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि विद्यालय की जल भराव की समस्या का समाधान करायें और विद्यालय परिसर तथा आस-पास विशेष सफाई व्यवस्था रखें।

## समाजसेवी वाँचे लाला ने रामलीला मैदान में कराया नए भवन का निर्माण

**गोवर्धन(मथुरा)।** श्रीराम जी की सेवा एवं समाज सेवा से बढ़कर कोई बड़ा कार्य नहीं होता। मानव को अपने जीवन में एक पुण्य कार्य अवश्य करना चाहिए। प्रमुख समाजसेवी घनश्याम अग्रवाल, बांचे लाला ने रामलीला मैदान में एक भवन का निर्माण कर श्री रामलीला कमेटी को समर्पण किया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी दिलीप कौशिक ने बताया कि आज प्रत्येक समाज में धन कुबेरों की कमी नहीं है। यदि इनमें धार्मिक एवं समाज सेवा के कार्य की समाज के लोग कहें तो सबसे आगे आकर करते हैं इनमें से आज कस्बे के प्रमुख समाजसेवी घनश्याम अग्रवाल, बांचे लाला ने अपने पिता लाला लख्खोमल एवं माता चंदकला एवं भाइयों की स्मृति में रामलीला कमेटी को रामलीला मैदान में एक भवन का निर्माण कर समर्पण किया।

# डेंगू का कहर! बीते 24 घंटे में 4 की मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** हरदोई में डेंगू कहर बरपा रहा है। यहां बीते 24 घंटे में 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें लेखपाल संघ के पूर्व अध्यक्ष समेत तीन लोगों की मौत हो चुकी है। डेंगू से मरने वालों का आंकड़ा लगभग 15 तक पहुंच गया है। जबकि स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में अब तक एक भी मौत दर्ज नहीं की गई है। हरदोई में स्वास्थ्य महकमा डेंगू को लेकर महज आंकड़ेबाजी तक सीमित है। यहां बीते 24 घंटे में 4 लोगों की डेंगू से मौत हो चुकी है। इससे पहले भी जिले के अलग-अलग इलाकों में डेंगू से 10 से अधिक मौत हो चुकी हैं, जिनमें संडीला के दो सगे भाई भी शामिल हैं, लेकिन स्वास्थ्य महकमे के आंकड़े में अब तक डेंगू से एक भी मौत दर्ज नहीं है।

### किसान की मौत

इधर टड़ियावां थाने के गुरसंडा गांव में विक्रांत नाम के छात्र की मौत हो गई। 19 साल का छात्र सहारनपुर में पॉलीटेक्निक का छात्र था। उसकी तबीयत बिगड़ने पर मेरठ और फिर लखनऊ में भर्ती कराया गया था, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। वहीं माधौगंज के रुदामऊ में किसान चंद्रपाल को बुखार आया था। इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। कछौना के उमेश कुमार और 9 वर्षीय पुत्र अर्नव राज की डेंगू से मौत हो गई।

### पूर्व लेखपाल संघ के अध्यक्ष की मौत

शाहाबाद कस्बे के मोहल्ला अल्हापुर इबनेजई के रहने वाले 44 वर्षीय नरेंद्र द्विवेदी बिलग्राम तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात थे। वह पूर्व में लेखपाल संघ के अध्यक्ष भी रह चुके थे। बीते शनिवार को एक कार्यक्रम में बिलग्राम गए थे। इसी बीच उनकी तबीयत बिगड़ गई और रात में घर पहुंचने पर हालत खराब हो गई। अस्पताल में उनकी जांच गई, तो प्लेटलेट्स बहुत कम निकलीं। फिर किट से जांच में डेंगू की पुष्टि हुई। इसके बाद उन्हें बरेली रेफर कर दिया, लेकिन बरेली पहुंचने से पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

### विभाग के मुताबिक अब सिर्फ 122 मरीज

सीएमओ डॉ। रोहताश कुमार का कहना हैं कि जिले में डेंगू से अब तक किसी की भी मौत नहीं हुई है। सीएमओ जैम पोर्टल में इतना व्यस्त हैं कि जनपद का हाल उन्हें समझ नहीं आ रहा है, बताया जा रहा है कि महिला अस्पताल से सीएमओ के दफ्तर के बीच के खर्च को वो विभिन्न माध्यमों से जुटाने में लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनपद में अब तक 122 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। विभाग इनमें से 100 मरीजों तक पहुंचने का दावा कर रहा है। इसके अलावा 22 मरीजों की कोई खोज खबर तक नहीं लगा पाया है।

## कूड़ा कलेक्शन के नाम पर होटल व्यवसाय पर टेक्स लगाना गलत

**मथुरा।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में होटल, धर्मशाला, सर्विस अपार्टमेंट से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के नाम पर यूजर चार्ज प्रति रूम प्रति दिन 10 रुपए की दर से वसूलने के निर्णय से क्षुब्ध होकर लघु उद्योग भारती संगठन बैठक करके विरोध जताते हुए निर्णय को वापस लेने की मांग की है।लघु उद्योग भारती संगठन के जिलाध्यक्ष अंकित बंसल ने कहा कि मथुरा-वृंदावन एक धर्म नगरी है। जहां देश में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा तीर्थ यात्री आते हैं ऐसे में इस तरह से टैक्स प्रणाली को लगाना सरासर गलत है। होटल इंडस्ट्री पहले से ही 5 गुना ज्यादा टैक्स दे रहा है। ऐसे में एक और इस तरह से टैक्स लगाना नियम विरूद्ध है। मंडल सचिव सोनल अग्रवाल ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री विशेष रूप से मथुरा में पर्यटन बढ़ाने पर जोर दे रहे है।

# ग्राम पंचायत सचिवों ने दिया धरना

## डीडीओ व डीपीआरओ ने सुनी समस्याएं, समाधान का दिया अश्वासन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संगठन कार्यकर्ता सचिवों ने अध्यक्ष भीष्मनारायण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन यादव, उपाध्यक्ष यतिन शर्मा व मंत्री राम कुमार के नेतृत्व में राजीव भवन में धरना देकर अपनी मांगों को हल कराने के लिए धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे व डीपीआरओ किरन चौधरी ने पहुंचकर गंभीरता से सचिवों की समस्याए सुनी। उनका शीघ्र निराकरण का अश्वासन दिया।

जिलाध्यक्ष भीष्मनारायण सिंह ने बताया कि प्रधान व सचिवों की मायों की मृत्यु में झंठा फंसाया जा रहा है।जबकि पशु चिकित्साधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में वास्तविकता को छिपाया गया है। यह घटना स्थानीय स्थानीय राजनैतिक द्वेष से किसी असमाजिक तत्व ने की है। जबकि गांव उधर की गौशाला में चारे पानी की पुष्टी जांच रिपोर्ट में एसडीएम महावन की जांच रिपोर्ट में की गई थी। फिर प्रधान ने स्वयं चार माह से स्वयं के संसाधनों से गौवंश का भरण पोषण किया गया। जहां 19 सितम्बर को चार गौवंश मृत मिले थे वे सभी कीचड़ व नमी के कारण मृत हुए। उक्त एफआईआर को वापिस लिया जाए। पंचायत सचिव आश्रय स्थल के संचालन, आयुष्मान गोल्ड कार्ड, पेंशन सत्यापन, राशन कार्ड सत्यापन, किसान सम्मान निधि, धान की पराली न जालाने हेतु कृषकों को घर घर जाकर जागरूक करना आदि किया जाता है। इसके बाद कार्यवाही सचिवों के खिलाफ क्यों होती है। यदि एफआईआर एक्सपंज नहीं की गई तो 16 अक्टूबर से सचिव राजीव भवन पर अनिश्चित कालीन धरना देने को बाध्य होंगे।

ज्ञापन देने वाले सचिवों में सुरेश कुमार, संजीव शर्मा, लाल सिंह, आकाश कुमार, राजेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, आशीष यादव, भुवनेश कुमार, सौरभ मिश्रा, अनिल कुमार, जितेन्द्र सिंह, हरवेन्द्र सिंह, विनीता यादव, प्राची कोठारी, चंद्रपाल यादव, तररून वर्मा, राजेन्द्र कुमार, कृष्ण मुरारी, मुकेश कुमार, जितेन्द्र सिंह, पवन कुमार, दीपेक्षा श्रीवास्तव आदि थे।

# ओडिशा के खेलमंत्री ने एशियाई खेलों में रजत जीतने वाले जेना को सम्मानित किया



**भुवनेश्वर,एजसी।** ओडिशा के खेल और युवा कार्यमंत्री तुषारकांति बहेड़ा ने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले भालाफेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना को सम्मानित किया। जेना ने एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 87 . 54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता और पेरिस ओलंपिक के लिये भी क्वालीफाई कर दिया।

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था। बहेड़ा ने कलिंगा खेल परिसर में जेना को सम्मानित किया। इस मौके पर हॉकी प्रवर्तन परिषद के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, ओडिशा ओलंपिक संघ और खेल विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। बहेड़ा ने कहा जेना के कड़े परिश्रम और लगन ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उसने पिछले कुछ साल में एक खिलाड़ी के तौर पर काफी प्रगति की है। मुझे यकीन है कि वह पेरिस ओलंपिक में ओडिशा और भारत का नाम रोशन करेगा।

# अंक तालिका में अब तक तीन टीमें अजेय, ऑस्ट्रेलिया की जीत से शुरू हुई असली जंग, दो टीमों का नहीं खुला खाता

इस बार विश्व कप 10 टीमों के बीच राउंड रॉबिन फॉर्मेट में खेला जा रहा है। लीग राउंड में एक टीम बाकी नौ टीमों से भिड़ेगी और अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। 2019 में भी इसी फॉर्मेट में विश्व कप खेला गया था और तब भारत अंक तालिका में शीर्ष पर रहा था। भारत ने सात मैच जीते थे। अंतिम चार में क्वालिफाई करने के लिए किसी टीम को कम से कम छह या सात मैचों में जीत हासिल करने की जरूरत होगी। इसी वजह से पांच बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा था। हालांकि, टीम ने बाउंस बैक कर लिया है और अब पैट कमिंस की टीम बाकी टीमों के लिए खतरा बन सकती है।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। कुसल परेरा और पथुम निसांका ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 125 रन जोड़े। निसांका ने वनडे करियर का 11वां और परेरा ने वनडे करियर का 16वां अर्धशतक लगाया। कमिंस ने दोनों को पवेलियन भेजा। निसांका 67 गेंदों में आठ चौके की मदद से 61 रन और परेरा 82 गेंदों में 12 चौके की मदद से 78 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद तो विकेट की झड़ी लग गई। चोटिल दासुन शनाका के बाहर होने पर कप्तानी कर रहे कुसल मेंडिस नौ रन, समरविक्रमा आठ रन, असलंका 25 रन, धनंजय डिसिल्वा सात रन, दुनिथ वेलालगे दो रन, चमिका करुणारत्ने दो रन, महीश तीक्ष्णा शून्य और लाहिरू कुमारा चार रन बनाकर आउट हुए। इस तरह श्रीलंकाई टीम 43.3 ओवर में 209 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा ने चार विकेट लिए। वहीं, स्टार्क और कमिंस को दो-दो विकेट मिले।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया को 24 पर पहला झटका लगा। डेविड वॉर्नर 11 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, स्टीव स्मिथ खाता भी नहीं खोल सके। दोनों को दिलशान मदुशंका ने पवेलियन भेजा। 24 रन पर कंगारू टीम ने दो विकेट

| टीमें | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.821 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.604 |
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | +2.360 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.137 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| अफगानिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.652 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.699 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.734 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.532 |
| नीदरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.800 |




गंवा दिए थे। इसके बाद मिचेल मार्श और मार्नस लाबुशेन ने तीसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी निभाई। मार्श 51 गेंदों में नौ चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। लाबुशेन 40 रन बना सके। जोश इंग्लिस ने 59 गेंदो में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 58 रन की पारी खेली। इसके बाद ग्लेन मैक्सवेल ने मार्कस स्टोइनिस के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को पांच विकेट से जीत दिलाई। कंगारुओं ने 35.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मैक्सवेल 21 गेंदों में चार चौके और दो छक्के की मदद से 31 रन और स्टोइनिस 10 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका के लिए दिलशान मदुशंका ने तीन विकेट लिए।

रोहित शर्मा की भारतीय टीम फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसने अभी तक तीन में से तीनों मुकाबले जीते हैं। पहले मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से, दूसरे मैच में अफगानिस्तान को आठ विकेट से और तीसरे मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था। भारत के फिलहाल तीन मैचों में छह अंक हैं और उसका नेट रन रेट 1.821 है। इस विश्व कप में अभी तक तीन ही टीमें ऐसी हैं, जिसने अभी तक कोई मैच नहीं गंवाया है। भारत के अलावा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कोई मैच नहीं हारी हैं। दूसरे स्थान पर तीन मैचों में तीन जीत के साथ न्यूजीलैंड की टीम है। टीम के छह अंक हैं और उसका नेट रन रेट 1.604 है।

कीवी टीम ने अपने पहले मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट, दूसरे मैच में नीदरलैंड को 99 रन और तीसरे मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया था। दक्षिण अफ्रीका ने दो मैच खेले हैं और दो मैचों में उसके चार अंक हैं। तेम्बा बावुमा की दक्षिण अफ्रीकी टीम का नेट रन रेट 2.360 के साथ फिलहाल सबसे ज्यादा है। बावुमा की टीम फिलहाल शानदार फॉर्म में चल रही है। इस टीम ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 102 रन और दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 134 रन से हराया था। टीम का अगला मुकाबला आज नीदरलैंड से है। यह वही टीम है जिसने 2022 टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को सुपर-12 के मुकाबले में हराकर बड़ा उलटफेर किया था और इसका फायदा पाकिस्तान को हुआ था। ऐसें दोनों के बीच इस विश्व कप का मुकाबला भी दिलचस्प रहने वाला है। वहीं, चौथे स्थान पर बाबर आजम की पाकिस्तान टीम है। उसके तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक हैं। शुरुआती दो जीत के बाद पाकिस्तानी टीम का नेट रन रेट पॉजिटिव था, लेकिन भारत से तीसरे मैच में हार के बाद टीम का नेट रन रेट नेगेटिव हो गया है। बाबर की टीम का नेट रन रेट फिलहाल -0.137 है। पाकिस्तान का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से है। अब जबकि कंगारू टीम जीत की पटरी पर लौट आई है तो पाकिस्तान के लिए बेंगलुरु के चिन्नास्वामी में मामला आसान नहीं रहने वाला है। यह मैच दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। हारने वाली टीम का आगे का रास्ता बेहद मुश्किल हो सकता है। वहीं, अफगानिस्तान से हार के बाद इंग्लैंड की टीम शुरुआती चार टीमों की लिस्ट से बाहर होकर पांचवें स्थान पर जा चुकी है।

# ओलंपिक में क्रिकेट : प्रसारण बाजार, बीसीसीआई की भूमिका और आईसीसी की प्रस्तुति ने निभाई अहम भूमिका

आईसीसी ने इस पर जोर दिया कि भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है जिसका टीवी और डिजिटल मार्केट व्यापक है। भारत से मिलने वाले प्रसारण राजस्व से आईओसी और स्थानीय आयोजन समिति दोनों को ही फायदा होगा। लोकप्रियता सबसे महत्वपूर्ण पहलू है और क्रिकेट दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल है जिसकी बहुत ज्यादा व्यावसायिक अपील है। जब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर ओलंपिक खेलों का हिस्सा बनेंगे तो इससे खेलों को ही लाभ होगा।



अरबों डॉलर के प्रसारण बाजार, खेल के सबसे शक्तिशाली बोर्ड के सकारात्मक रवैये और वैश्विक संस्था की शानदार प्रस्तुति ने क्रिकेट को लॉस एंजेलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल करने में अहम भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के लिए पिछले दो वर्षों से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और लॉस एंजेलिस खेलों की स्थानीय आयोजन समिति के साथ मिलकर काम कर रही थी। लेकिन इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है जिसके सकारात्मक रूख का मतलब इसमें प्रसारकों की दिलचस्पी बढ़ना है।

आईसीसी बोर्ड के एक वरिष्ठ सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''बीसीसीआई ने वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन का हिस्सा बनने से लाभ में रहने वाले सहयोगियों के महत्व को समझते हुए शुरू से इसका समर्थन किया। इसके बाद बीसीसीआई सचिव जय (शाह) कार्य समूह में शामिल हो गए और उन्होंने हर चीज का समर्थन किया। आईओसी और ओलंपिक खेल 2028 की स्थानीय आयोजन समिति के सामने आईसीसी ने जो प्रस्तुति दी वह मुख्य रूप से तीन सिद्धांतों सार्व भौमिकता, लोकप्रियता और विरासत पर आधारित थी। सार्वभौमिकता का मतलब है क्रिकेट की अपील और ओलंपिक आंदोलन में उससे मिलने वाला सहयोग।

आईसीसी ने इस पर जोर दिया कि भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है जिसका टीवी और डिजिटल मार्केट व्यापक है। भारत से मिलने वाले प्रसारण राजस्व से आईओसी और स्थानीय आयोजन समिति दोनों को ही फायदा होगा। लोकप्रियता सबसे महत्वपूर्ण पहलू है और क्रिकेट दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल है जिसकी बहुत ज्यादा व्यावसायिक अपील है। जब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर ओलंपिक खेलों का हिस्सा बनेंगे तो इससे खेलों को ही लाभ होगा। क्रिकेट के लिए अमेरिका जैसे नए बाजार में एक विरासत तैयार करना चुनौती पूर्ण होगा लेकिन यह देश अगले साल टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा और चीज कैसे आगे बढ़ेंगी इसका अंदाजा इस टूर्नामेंट से लगाया जा सकता है।

# ऑस्ट्रेलिया से मैच से पहले बेंगलुरु में आनंद ले रहे पाकिस्तानी खिलाड़ी

बाबर आजम की टीम को 20 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला खेलना है। भारत और इस मैच के बीच में पाकिस्तानी टीम को पांच दिन का आराम मिला।विश्व कप 2023 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। भारत-पाकिस्तान मैच के बाद अफगानिस्तान - इंग्लैंड के मुकाबले ने विश्व कप का रोमांच बढ़ा दिया है। शुरुआती दो मैच जीतने के बाद पाकिस्तान की टीम को भारत के खिलाफ सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।



इस मैच के बाद बाबर आजम की टीम को 20 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला खेलना है। इसके लिए उन्हें बीच में पांच दिन का आराम मिला। टीम पांच बार की चैंपियन के खिलाफ वापसी करने की कोशिश करेगी और पांच दिन के आराम से उन्हें जरूर मदद मिलेगा।हालांकि, पाकिस्तानी टीम ने इस समय का पूरा फायदा उठाया और बाबर एंड कंपनी बेंगलुरु में फाइव स्टार होटल में खाने का लुत्फ उठा रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें पाकिस्तानी टीम बेंगलुरु में डिनर के लिए पहुंची थी। यह कोई फाइव स्टार होटल लग रहा था और टीम ओपन लाउंज में डिनर का आनंद उठाती दिख रही है।

वीडियो में बाबर आजम, हारिस रऊफ, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद हैरिस, वसीम जूनियर, अबरार अहमद, शादाब खान, इमाम उल हक, सऊद शकील, हसन अली दिख रहे हैं। मोहम्मद हैरिस, अबरार, वसीम और हारिस रऊफ तो सर्व करने वाले के पास जाकर और खाना लेते दिख रहे हैं। इस दौरान कुछ खिलाड़ी वहां फोटो सेशन भी करवाते हैं। होटल के स्टाफ ने खिलाड़ियों के साथ सेल्फी भी ली। अंक तालिका में पाकिस्तान की टीम चौथे स्थान पर है। तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक हैं। उसका नेट रन रेट-0.137 है। पहले स्थान पर छह अंक के साथ भारत और दूसरे स्थान पर छह अंक के साथ न्यूजीलैंड है। भारत का नेट रन रेट न्यूजीलैंड से बेहतर है। दक्षिण अफ्रीका की टीम चार अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान का 20 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया से, 23 अक्तूबर को अफगानिस्तान से, 27 अक्तूबर को दक्षिण अफ्रीका से, 31 अक्तूबर को बांग्लादेश से, चार नवंबर को न्यूजीलैंड से और 11 नवंबर को इंग्लैंड से मुकाबला है।

# अभिषेक कुमार पर बिफरीं अर्चना गौतम, एक्ट्रेस ने सरेआम किया झूठ का पर्दाफाश

बिग बॉस 17 की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। 15 अक्टूबर को प्रीमियर हुए इस गेम शो में कंटेस्टेंट्स ने अब अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया है। और इसकी शुरुआत अभिषेक कुमार से हो गई है।

बिग बॉस 17 की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। 15 अक्टूबर को प्रीमियर हुए इस गेम शो में कंटेस्टेंट्स ने अब अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया है। और इसकी शुरुआत अभिषेक कुमार से हो गई है। अभिषेक ने आते ही ईशा मालवीय से झगड़ना शुरू कर दिया था। दोनों सलमान खान के सामने ही लड़ पड़े थे। इसके बाद घर के अंदर भी उनकी बहस हो गई। मगर आरोप प्रत्यारोप का उनका चैप्टर यहीं खत्म होते नहीं दिख रहा। बिग बॉस 16 की कंटेस्टेंट रहीं अर्चना गौतम ने उनके झूठ का पर्दाफाश किया है।



अभिषेक कुमार की पहले दिन प्रीमियर नाइट में इशा मालवीय से उनकी फाइट हो गई थी। दोनों अपने पुराने मुद्दे लेकर सलमान खान के सामने ही लड़ पड़े थे। वहीं, बिग बॉस 17 के घर के अंदर भी अभिषेक इशा के बारे में बात करते हैं। लाइव फीड में दिखाया गया है कि अभिषेक, मुनव्वर से कहते हैं कि वह नहीं जानते थे कि इशा भी शो का हिस्सा होंगी। ये सुनते ही अर्चना गौतम का अभिषेक पर पारा बढ़ गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अभिषेक को लताड़ लगाई है।


अर्चना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बिग बॉस 17 की लाइव फीड के मोमेंट्स दिखाए गए हैं। इस दौरान अभिषेक, मुनव्वर से ईशा के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के साथ बैकग्राउंड में अर्चना की आवाज आती है। वह कहती हैं, कितना झूठ बोलेगे? तुमने ही तो कहा था कि ईशा आ रही है। अब आप कह रहे हो कि मुझे नहीं पता था ईशा आ रही है। आप दुनिया से झूठ क्यों बोल रहे हैं? क्या तुम भूल गए कि तुमने क्या कहा था अरे यार, मेरी एक्स गर्लफ्रेंड ईशा भी आ रही है। बता दें कि, ईशा और अभिषेक ने उडारियां शो में काम किया था। दोनों साथ में रील्स भी बनाते थे। सेट पर इनकी नजदीकियों के चर्चे थे। हालांकि, बाद में अभिषेक ने शो छोड़ दिया था और फैंस को इनके वीडियो देखने को नहीं मिलते थे। अभिषेक और ईशा एक समय में एक दूसरे को डेट करते थे।

# टाइगर 3 का ट्रेलर आउट : गद्दारी का लगा आरोप, मुश्किल में फंसा परिवार, क्या इस चुनौती को पार कर पाएगा टाइगर?

सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में एक से बढ़कर एक जबरदस्त एक्शन सीन दिखाए गए हैं। सलमान खान की एंट्री से लेकर कैटरीना कैफ के रोंगटे खड़े करने वाले एक्शन देखने लायक है। आखिर में फिल्म के विलेन इमरान हाश्मी की पल भर की झलक ने दर्शकों की बेताबी बढ़ा दी है।

इंतजार खत्म हुआ.... साल की बहुचर्चित फिल्मों से एक टाइगर 3 का धमाकेदार और एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज हो गया है। सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया के टॉप पर ट्रेंड कर रहा है। रॉ एजेंट की भूमिका में बड़े पर्दे पर लौट रहे टाइगर (सलमान खान) पर देश से गद्दारी करने का आरोप लगा है। पूरा देश उनके और उनके परिवार के खिलाफ खड़ा है। अबकी बार टाइगर को अपने देश से अपने आपको और अपने परिवार को बचाना है, जो अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। बता दें, टाइगर 3 यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की एक था टाइगर फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म है।

सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है और दर्शकों को ये काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर तीन मिनट का है, जिसमें एक से बढ़कर एक जबरदस्त एक्शन सीन दिखाए गए हैं। सलमान खान की एंट्री से लेकर कैटरीना कैफ के रोंगटे खड़े करने वाले एक्शन देखने लायक है। आखिर में फिल्म के विलेन इमरान हाश्मी की पल भर की झलक ने दर्शकों की बेताबी बढ़ा दी है। फिल्म की स्टारकास्ट में इमरान की मौजूदगी शुरू से ही चर्चा में रही है। अभिनेता अपने करियर की सबसे हटकर परफॉरमेंस देने वाले हैं। इसलिए उनके फैंस टाइगर 3 को देखने के लिए काफी बेसब्र नजर आ रहे हैं।



ट्रेलर की शुरुआत टाइगर की एंट्री से होती है, जो बाइक पर एक्शन करते हुए दुश्मनों से लड़ते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद अभिनेत्री कैटरीना कैफ की फ्रेम में एंट्री होती है। कैटरीना डांस करती दिखाई दे रही हैं और सलमान उनके लिए गाना बजा रहे हैं। इसके बाद दोनों अपने बेटे के साथ समय बिताते नजर आ रहे हैं। इसके अगले ही पल टाइगर सेना के सामने हाथ ऊपर कर खड़ा हुआ है। टाइगर का परिवार मुसीबत में है और वो इसे बचाने के लिए हर संभव कोशिश करता नजर आ रहा है। टाइगर के साथ लड़ाई में उनकी पत्नी जोया और करीबी दोस्त साथ हैं। आखिर में, टाइगर को पाकिस्तान में दिखाया गया है, जहाँ उनका स्वागत विलेन इमरान हाश्मी कर रहे हैं। सलमान खान की ये फिल्म 12 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस बार इमरान हाश्मी की मौजूदगी ने फिल्म को और भी ख़ास बना दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो टाइगर 3 में इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने की क्षमता है।

# मिशन रानीगंज ने ऑडियंस का दिल जीतने के बाद ऑस्कर्स की और बढ़ाया अपना कदम



राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के दिन देश भर में सिनेमा टिकट की कीमत को कम करने के बाद, भारी मात्रा में लोग सिनेमाघर में यह फिल्म देखने आये जिसकी वजह से पूरे देश में फिल्म को लेकर हाउसफुल चल रहा था। फिल्म की कहानी हर किसी के दिल को छू रही है। आज देश भर में इसी फिल्म का बोलबाला चल रहा है। हर कोई यह फिल्म देखकर प्रेरित हो रहा है। जसवंत सिंह गिल की ज़िन्दगी लोगों को कभी न हार मानने की प्रेरणा दे रही है।

पूजा एंटरटेनमेंट एक के बाद एक बेहतरीन फिल्म ऑडियंस के लिए लेकर आ रही है। अभी हाल ही में उनकी फिल्म रिलीज़ हुई मिशन रानीगंज जो कि भारत के पहले कोयला खदान रेस्क्यू मिशन को लेकर बनायी गयी है। फिल्म में अक्षय कुमार एक अनसंग हीरो जसवंत सिंह गिल की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं और इस अनसंग हीरो की कहानी ने लोगों का दिल कुछ ऐसा जीता है कि हर जगह फिल्म की चर्चा हो रही है। लोग इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखना बहुत पसंद कर रहे हैं और फिल्म के दो हफ्ते रिलीज के बाद भी इस फिल्म की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आयी है। फिल्म हर भारतीय के दिल पर राज कर रही है।

राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के दिन देश भर में सिनेमा टिकट की कीमत को कम करने के बाद, भारी मात्रा में लोग सिनेमाघर में यह फिल्म देखने आये जिसकी वजह से पूरे देश में फिल्म को लेकर हाउसफुल चल रहा था। फिल्म की कहानी हर किसी के दिल को छू रही है। आज देश भर में इसी फिल्म का बोलबाला चल रहा है। हर कोई यह फिल्म देखकर प्रेरित हो रहा है। जसवंत सिंह गिल की ज़िन्दगी लोगों को कभी न हार मानने की प्रेरणा दे रही है।

देश भर में इतना प्यार मिलने के बाद अब मेकर्स इस फिल्म को विश्व भर में प्रसिद्ध करना चाह रहे हैं। इसलिए फिल्म के निर्माता ने अब इसे ऑस्कर अकादमी को स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है। यह फिल्म सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म पुरस्कार की दौड़ में तो भाग लेगी ही साथ साथ सभी महत्वपूर्ण श्रेणियों में भी भाग ले पाएगी। फिल्म हर किसी को इतनी पसंद आ रही है कि इसके जीतने के चांस काफी ज्यादा है। फिल्म की अद्भुत कहानी और एक स्ट्रांग टीम इसको काफी आगे तक लेकर जाने में पूरी तरह से सक्षम है।

फिल्म मिशन रानीगंज एक प्रोत्साहक कहानी है जो 1989 में एक खदान में हुई घटनाओं पर आधारित है। फिल्म एक वास्तविक घटना से प्रेरित है जहाँ जसवंत सिंह गिल, धनबाद से एक खदान अभियंता उन खनिकों को बचाने की जिम्मेदारी अपने सर लेता है। यह फिल्म भारतीय सिनेमा का अंतरराष्ट्रीय स्टेज पर झंडा लहराती नजर आएगी।

वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख ने इस फिल्म को प्रत्येक भारतीय के दिल में बसा दिया है।

और वह इस सिनेमेटिक रत्न को अंतरराष्ट्रीय स्टेज पर प्रमोट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

पूजा एंटरटेनमेंट अपनी फिल्मों के माध्यम से भारतीय सिनेमा की सीमाओं को आगे बढ़ा रही है। उनकी टीम बॉलीवुड को प्रमुख विश्व सिनेमा में पहुंचाने की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है।

इस आशावादी कहानी को अब विश्व भर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उन्होंने ले ली है और अब हर भारतीय चाहेगा कि उनका यह प्रयास कामयाब हो और यह फिल्म हमारे देश का नाम विश्व सिनेमा में ऊंचा करें।

# तेजस को लेकर चर्चा में अभिनेत्री कंगना आगे बढ़ी अभिनेत्री की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट



अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को कहा कि उनके कार्यक्रम में बदलाव के कारण उनकी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज अगले साल के लिए स्थगित कर दी गई है। फिल्म पहले 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन कंगना ने ही किया है। कंगना ने अपने आधिकारिक एक्स एकाउन्ट पर यह जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा, हमने इमरजेंसी को 24 नवंबर 2023 को रिलीज करने की घोषणा की थी, लेकिन मेरी एक के बाद एक फिल्मों के रिलीज होने की वजह से हमने फिल्म को अगले साल (2024 में) रिलीज करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि रिलीज की नयी तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

इमरजेंसी भारत के राजनीतिक इतिहास के महत्वपूर्ण दौर पर आधारित एक फिल्म है, जिसमें कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमण, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक अहम भूमिका में दिखाई देंगे। पिंक फिल्म के लिए मशहूर रितेश शाह ने इमरजेंसी की पटकथा और संवाद लिखे हैं।

# चार राज्यों में आयकर विभाग का छापा 94 करोड़ नकदी और 30 घड़ियां जब्त

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने 12 अक्टूबर को कुछ सरकारी ठेकेदारों, रियल एस्टेट डेवलपर्स और कुछ सहयोगियों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। ये छापेमारी कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और नई दिल्ली राज्यों में की गई थी।

**संपत्ति**

**फर्जीवाड़ा करके भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी और अघोषित संपत्ति बनाई गई।**

रेड के दौरान द्धञ्ज विभाग ने लगभग 94 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, 8 करोड़ रुपये से अधिक के सोने और हीरे के आभूषण और विदेश निर्मित 30 लक्जरी कलाई घड़ियां जब्त की। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने जानकारी देते हुए बताया कि आगे की जांच प्रक्रिया में है। विभाग द्वारा बेंगलुरु और तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और दिल्ली के कुछ शहरों में कुल 55 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया गया। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने एक




बयान में कहा, तलाशी के परिणामस्वरूप लगभग 94 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी और 8 करोड़ रुपये से अधिक के सोने और हीरे के आभूषण, कुल मिलाकर 102 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती हुई है।

आरोपी संस्थाओं की पहचान बताए बिना कहा गया कि एक निजी वेतनभोगी कर्मचारी के परिसर से विदेशी निर्मित लगभग 30 लक्जरी कलाई घड़ियां बरामद की गई है। हालांकि, उसका घड़ियों के कारोबार से कोई ताल्लुक नहीं है। कर्मचारी जिस कंपनी में कार्यरत है उसका नाम नहीं बताया गया है।

बताया जा रहा है कि ठेकेदारों और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान दस्तावेज और उनकी हार्ड कॉपी, डिजिटल डेटा सहित अपराध में संलिप्तता से जुड़े काफी साक्ष्य मिले हैं। सीबीडीटी के मुताबिक, कर चोरी के तौर-तरीकों से संकेत मिलता है कि ये ठेकेदार फर्जी खरीदारी के जरिये खर्चों को बढ़ाकर आय को कम दिखाने में शामिल थे।

फर्जीवाड़ा करके भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी और अघोषित संपत्ति बनाई गई। वस्तु रसीद नोट (जीआरएन) सत्यापन में भी विसंगतियां मिली हैं। छापेमारी में बेहिसाबी नकदी मिलने के मुद्दे पर कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है।

## लेडी सिंघम का दांव पड़ गया उल्टा; जिस बदमाश को करने गई थीं गिरफ्तार, उसी ने कर दी धुनाई



**कोट्टायम।** केरल के कोट्टायम जिले में एक महिला पुलिस अधिकारी को पीटने का मामला सामने आया है। गौर करने वाली बात तो यह है कि महिला पुलिस अधिकारी की पिटाई उस अपराधी ने की, जिसे वह 2013 के एक मामले में गिरफ्तार करने गई थीं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, जिला पुलिस प्रमुख के विशेष निर्देश पर एरुमेली सब-इंस्पेक्टर शांति के बाबू और एक पुलिस टीम अदालत के वारंट पर आरोपी के घर गई थी। यहां आरोपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ जाने से इनकार दिया।

आरोपी के द्वारा साथ चलने से इनकार करने पर पुलिस अधिकारियों ने उसे बलपूर्वक ले जाने की कोशिश की। इस पर वह टीम पर चिल्लाने लगा। टीवी चैनलों पर चलाए गए वीडियो में वह महिला सब-इंस्पेक्टर के बाल पकड़ते और पीठ पर मारते हुए देखा गया है। हालांकि, अधिकारी उसे पकड़ने और पुलिस स्टेशन ले जाने में कामयाब रहे।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी 2013 में अपने पड़ोस की एक महिला पर हमला करने के मामले में संदिग्ध है। पहले भी कई बार वह वहां वारंट लेकर गए पुलिस अधिकारियों को भद्दी-भद्दी गालियां देकर भगा चुका है, लेकिन इस बार उसकी दाल नहीं गली और पुलिस की टीम उसे पकड़ने में कामयाब रही।

# छात्रों के सीखने की क्षमता को परखेगा शिक्षा मंत्रालय, एनसीईआरटी को सौंपा गया जिम्मा

**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए देश में प्रत्येक जिलों और ब्लाकों में जरूरत को देखते हुए अलग-अलग अभियान चलाए जा सकते हैं। फिलहाल शिक्षा मंत्रालय ने इसे लेकर एक अहम पहल की है। इस पहल में सबसे पहले देश भर के स्कूलों में तीसरी, छठी और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक करोड़ से ज्यादा छात्रों के सीखने की क्षमता की परख होगी। इसका जिम्मा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद से जुड़ी राष्ट्रीय मूल्यांकन एजेंसी परख को सौंपा गया है। परख सभी राज्यों के साथ मिलकर स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे का आयोजन करेगी। इसके तहत पहला सर्वे तीन नवंबर को देश भर के स्कूलों में आयोजित होगा। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक परख की देखरेख में आयोजित होने वाले इस सर्वे के आधार पर जहां छात्रों के सीखने की क्षमता की पहचान की जाएगी, वहीं इसके आधार पर उनकी जरूरत को देखते हुए नए-नए कार्यक्रम भी तैयार किए जाएंगे। इनमें प्रत्येक ब्लॉक के छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रख कर पूरी योजना तैयार की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय ने इसे लेकर तेजी तब दिखाई है, जब देश के सभी राज्यों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अमल का काम तेजी से चल रहा है। वैसे भी नई शिक्षा नीति का मुख्य फोकस छात्रों को रटने-रटाने के चंगुल से बाहर निकाल उन्हें सीखने और ज्ञान के स्तर पर मजबूत बनाना है। मंत्रालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, इस सर्वे से न सिर्फ केंद्र को अपनी प्रमुख पहलों को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी ,बल्कि राज्य भी और फोकस होकर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर काम कर सकेंगे।

इसके साथ ही यह पहल शिक्षा मंत्रालय द्वारा हर साल कराए जाने वाले नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एनएएस) को आगे बढ़ाने वाला होगा, जिसका आयोजन जिला स्तर पर किया जाता है। इनमें स्कूलों के तीसरी, पांचवीं, आठवीं और दसवीं के छात्र शामिल



होते हैं। वहीं इस नए सर्वे के तहत छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर उन सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता को मजबूत बनाने का अभियान चलाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर उस क्षेत्र के शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# हिमालय में मौजूद झीलों की अगले साल से निगरानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** हिमालय में मौजूद झीलों की भारत अगले वर्ष से



निगरानी करेगा। भारत का लक्ष्य कुछ उच्च जोखिम वाली झीलों पर चेतावनी प्रणाली स्थापित करना है। भारत में 56 जोखिम वाली ऐसी झीलें मौजूद हैं। दो सप्ताह पहले पूर्वी हिमालय में ल्होनक झील के पानी से सिक्किम में हुए नुकसान के बाद इस पर बल दिया गया है। भारत लोनाक झील और शाको चो झील में देश की पहली प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित करने के लिए स्विस विशेषज्ञों के साथ पायलट प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। यह 90 मिनट पहले चेतावनी जारी कर सकता है। भारत की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य कृष्णा एस.वत्स ने कहा कि हम ऐसी झीलों पर कुछ निगरानी प्रणालियां आजमाएंगे। वत्स ने कहा कि निगरानी प्रणाली स्थापित करने के लिए भारत में जोखिम वाली 56 ऐसी झीलों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। अधिकारियों का प्रारंभिक लक्ष्य झीलों पर मौसम और पर्यावरण की निगरानी के लिए अगले साल तक चेतावनी प्रणाली स्थापित करना है। निगरानी के नतीजे के आधार पर बाद में पूरा सिस्टम स्थापित किया जाएगा।

# दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले मे जांच तेज, छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** हिंसाग्रस्त मणिपुर के कांगपोकपी जिले में गत मई में

**संपत्ति**

**भीड़ ने घरों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी और ग्रामीणों के साथ मारपीट कर संपत्ति लूट ली।**

दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में सीबीआइ ने सोमवार को छह आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की और एक नाबालिग के खिलाफ रिपोर्ट दायर हुई है। जुलाई में घटना का वीडियो सामने आने के बाद देश-दुनिया के लोगों में आक्रोश फैल गया था। नाराजगी की गूंज सुप्रीम कोर्ट तक सुनाई दी थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस प्रकार




की घटनाओं को अस्वीकार्य बता केंद्र-मणिपुर सरकार को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए थे। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर स्वतः कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद मामले को सीबीआइ को सौंप दिया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सोमवार को गुवाहाटी की विशेष सीबीआइ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। इसमें आरोप लगाया कि गत चार मई को अत्याधुनिक हथियारों से लैस हजार लोगों की भीड़ मणिपुर के कांगपोकपी जिले के बी फीनोम गांव में घुस आई।

भीड़ ने घरों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी और ग्रामीणों के साथ मारपीट कर संपत्ति लूट ली। इस दौरान दो महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया गया। विरोध करने पर एक महिला के भाई और पिता की हत्या कर दी गई।

सीबीआइ की जांच में साफ हुआ कि मणिपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपित घटना में शामिल थे। मामले के अन्य पहलुओं समेत अन्य आरोपितों की पहचान के लिए जांच जारी है। चार्जशीट में आरोपितों पर सामूहिक दुष्कर्म, हत्या, महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और आपराधिक षडयंत्र समेत विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए

## हमारी साख को नुकसान पहुंचाने के लिए कुछ लोग जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं: अदाणी



**नई दिल्ली।** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के लगे आरोपों के बीच अदाणी समूह ने भी निशाना दागा है। अदाणी समूह ने कहा है कि इससे उसके इस आरोप की पुष्टि होती है कि गौतम अदाणी और उनकी कंपनियों के खिलाफ एक एजेंडे के तहत दुष्प्रचार किया जा रहा है। समूह ने एक बयान में कहा कि यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। इसके तहत कुछ समूह और व्यक्ति हमारे नाम, सद्भावना और बाजार की साख को नुकसान पहुंचाने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के एक वकील जय अनंत देहाद्राई ने एक शपथपत्र के साथ सीबीआइ के समक्ष यह शिकायत दर्ज कराई है कि महुआ को हीरानंदानी समूह के सीईओ दर्शन हीरानंदानी से संसदीय प्रश्नों के माध्यम से विशेष रूप से गौतम अदाणी और उनके समूह की कंपनियों को निशाना बनाने के लिए अनुचित लाभ दिए गए।

अदाणी समूह के अनुसार, वकील की शिकायत से पता चलता है कि अदाणी समूह और गौतम अदाणी के खिलाफ यह सिलसिला 2018 से ही चल रहा है।

अदाणी समूह ने एक वक्तव्य में कहा कि अक्टूबर 2023 में एक मीडिया स्टेटमेंट और एक्सचेंज फाइलिंग के माध्यम से बताया था कि ओसीसीआरपी जैसी कुछ विदेशी संस्थाओं ने एक श्रृंखला शुरू की है, ताकि अदाणी समूह के बाजार मूल्य को कम किया जा सके। इन लोगों ने एक उद्देश्य के तहत यह काम किया।

# खान यूनिस और राफा के दक्षिणी शहरों पर बमबारी

**बेरूत।** इजरायल-हमास युद्ध 11वें दिन भी जारी है। हालात तीसरे विश्व युद्ध जैसे बन गए है। अब तक दोनों ही तरफ से हजारों लोगों की मौत हो गई है। इजरायली वायु सेना ने गाजा पट्टी पर पूर्ण घेराबंदी कर दी है, जिसके कारण पूरे गाजा में न तो बिजली, पानी है और न ही भोजन। लोग मलबे में दबे अपने लोगों को निकालने के लिए दिन-रात मशक्कत कर रहे है। गाजा के अस्पताल बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। ईंधन भंडार पूरी तरह खत्म होने के कारण अस्पताल की बिजली सप्लाई बैकअप जनरेटर के सहारे चल रहा है, जो कभी भी शटडाउन हो सकता है। इससे मरीजों की जान खतरे में बनी हुई है। आइये जान लेते है युद्ध के 11वें दिन क्या है दोनों जगहों के हाल? ये है आज का अपडेट।

इजरायली डिफेंस फोर्स ने जानकारी दी है कि लेबनान की सीमा पार कर 4 आतंकवादी इजरायल में घुसने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें सेना ने मार गिराया है। इजरायली सेना के मुताबिक, चारों आतंकवादियों ने विस्फोटक जैकेट पहने हुए थे। इजरायली सेना ने इसका एक वीडियो भी शेयर किया



है, जिसमें चारों आतंकवादियों को टारगेट कर बम से उड़ाते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, लेबनान में किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।

पिछले हफ्ते भी, दक्षिणी लेबनान में फलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के आतंकवादी सीमा पार इजरायल में घुस गए थे। इसके बाद इजरायली सेना और आतंकवादियों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। मारे गए आतंकवादियों का फलिस्तीनी समूह ने अंतिम संस्कार भी किया।

आशंका है कि अगर इजरायल गाजा में जमीनी अभियान शुरू करता है तो हिजबुल्लाह और अन्य ईरान समर्थित समूह हमास का समर्थन करने के लिए अपनी कार्रवाई बढ़ा देंगे।

फिलिस्तीनी शरणार्थियों की मदद करने वाली संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी को मलेशिया ने 2.1 मिलियन डॉलर आवंटित किए हैं।

## इन 32 देशों में की जा सकती है समलैंगिक शादी, 22 साल पहले नीदरलैंड में बना था पहला कानून

**नई दिल्ली।**प्यार, प्यार होता है। पुरुष को महिला से, महिला को महिला से या पुरुष को पुरुष से, प्यार तो प्यार ही होता है। समाज में जहां एक महिला और पुरुष के प्रेम संबंध को स्वीकार नहीं किया जाता तो हम ये कैसे मान लें कि ये दुनिया समलैंगिकता को स्वीकार कर लेगा। क्या समलैंगिकता अपराध है या प्यार करना अपराध है?आज (17 अक्टूबर 2023) को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, एस रवींद्र भट्ट, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा की पीठ ने यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने 10 दिनों तक सुनवाई करने के बाद 11 मई को इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस विधेयक के पारित होने पर खुशी जताई है।

# अमेरिका में पगड़ी पहनने को लेकर सिख युवक पर जानलेवा हमला

पीटीआई, न्यूयॉर्क। अमेरिका में 19 वर्षीय एक सिख युवक पर नस्लीय हमला हुआ है। न्यूयॉर्क में एक शटल बस में यात्रा करते समय पगड़ी पहनने पर 19 वर्षीय सिख युवक पर हमला किया गया है। हमले में सिख युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीबीएस न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, हमला रविवार तड़के तब हुआ जब सिख युवक न्यूयॉर्क शहर के क्वींस में एक शटल बस में सवार था।

पुलिस के अनुसार, संदिग्ध युवक ने पीड़ित के पास आकर उससे अपनी पगड़ी उतारने को कहा और कहा, हम इस देश में इसे नहीं पहनते हैं और वह पगड़ी उतार दे। लेकिन सिख युवक ने जब पगड़ी उतारने से इनकार कर दिया तो हमलावर ने सिख युवक के चेहरे, पीठ और सिर के पिछले हिस्से पर बार-बार मुक्का मारा, जिससे उसे मामूली चोटें आईं। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि बस से उतरने और

**अपराध**

**एनबीसी न्यूयॉर्क टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क पुलिस इस अपराध को नस्लीय हिंसा की श्रेणी में रखकर घटना की जांच कर रही है।**

घटनास्थल से पैदल निकलने से पहले उसने पीड़ित की पगड़ी को अपने सिर से हटाने की भी कोशिश की। पुलिस संदिग्ध युवक की तलाश कर रही है। एनबीसी न्यूयॉर्क टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क पुलिस इस अपराध को नस्लीय हिंसा की श्रेणी में रखकर घटना की जांच कर रही है। एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने अपने बयान में कहा कि पीड़ित युवक ने अपना नाम सार्वजनिक नहीं किया है। उसने अपने ऊपर हमले के बाद घटनास्थल पर चिकित्सीय उपचार लेने से इनकार कर दिया था। वहीं, अमेरिकी सामाजिक कार्यकर्ता जपनीत सिंह ने कहा, घटना के बाद से पीड़ित युवक बहुत सदमे में है। सिंह ने कहा,




परिवार उसके लिए बहुत डरा हुआ है। इसलिए उसका नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। घटनास्थल पर पीड़ित युवक बुरी तरह घायल हो गया था। लेकिन फिर भी उसने इलाज से इनकार कर दिया। क्योंकि वो अपना नाम सार्वजनिक नहीं करना चाहता था।

## एप्पल वॉच की मदद से मिला शव, लेकिन..., पीड़ित पिता ने बयां की बेटी की दर्दनाक मौत की कहानी

**यरुशलेम।** हमास और इजरायल के बीच छिड़े युद्ध में अब तक हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और लगातार मरने वालों की संख्या में भी वृद्धि देखने को मिल रही है। दोनों देशों के बीच 10 दिन बाद भी युद्ध थमने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

इजरायली पीएम ने हमास आतंकियों को खत्म करने की कसम खाई है, तो वहीं हमास आतंकियों ने अब तक हार नहीं मानी है और लगातार लोगों को अपना बंधक बना रही है। हमास आतंकियों के कहर ने इजरायलियों को कभी न भूलने वाली यादें दे दी है। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नोवा संगीत समारोह में हमास आंतकियों द्वारा हत्या कर दी गई एक इजरायली-अमेरिकी महिला डेनियल के पिता ने कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी के शव का पता लगाने के लिए एप्पल वॉच और उसके फोन के ट्रैकिंग फीचर का इस्तेमाल किया था।

# कराची में दुकान के बाहर ग्रेनेड से हमला

**दर्शक**

**डीआईजी के मुताबिक, घायल हुए सभी लोग दर्शक थे और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।**




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में ल्यारी की बिहार कॉलोनी में ग्रेनेड हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण डीआईजी सैयद असद रजा ने कहा कि मोटरसाइकिल पर अज्ञात व्यक्तियों ने एक दुकान के बाहर एक हथगोला फेंका। जिसकी वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

डॉन ने पाकिस्तानी पुलिस के हवाले से बताया कि जिस दुकान के बाहर अज्ञात हमलावरों ने ग्रेनेड से हमला किया, वो दुकान महीनों से बंद थी। अधिकारियों के मुताबिक हमले के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। डीआईजी ने बताया कि हमले में सात लोग घायल हो गए हैं। पीड़ितों में से एक - रजिया मोहम्मद अली की हालत गंभीर थी, जिसने बाद में दम तोड़ दिया।

डीआईजी के मुताबिक, घायल हुए सभी लोग दर्शक थे और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, घायल लोगों की पहचान जोहैब जावेद, खैरुल्लाह, वंश दिलीप कुमार, अहसान नबी, अतीक एडम और आदिल एडम के रूप में की गई है।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, सिंध के पुलिस महानिरीक्षक रफत मुख्तार राजा ने एसएसपी ओल्ड सिटी क्षेत्र को हमले के संबंध में विवरण देने का निर्देश दिया है। इस बीच, सिंध के गवर्नर कामरान खान टेसोरी ने घटना पर ध्यान दिया है और कराची कमिश्नर को हमले के बारे में जानकारी देने का आदेश दिया है। उन्होंने हमले में घायल हुए लोगों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।वहीं, पाकिस्तान स्थित जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 29 सितंबर को बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में एक आत्मघाती विस्फोट में 59 लोग मारे गए थे। एक आत्मघाती हमलावर ने मस्तुंग जिले में एक मस्जिद के पास ईद मिलादुन नबी से संबंधित जुलूस की तैयारी कर रहे लोगों को निशाना बनाया।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी अब्दुल रशीद के अनुसार, शुरुआत में कम से कम 52 लोग मारे गए, जिनमें 9-11 वर्ष की आयु के बच्चे भी शामिल थे और कम से कम 58 लोग घायल हुए थे।

जियो न्यूज के अनुसार, बलूचिस्तान में विस्फोट के कुछ घंटों बाद खैबर पख्तूनख्वा के हंगू शहर में एक मस्जिद पर दूसरा हमला हुआ, जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित पांच लोगों की जान चली गई और 12 अन्य घायल हो गए। यह घटना शुक्रवार की नमाज के दौरान पुलिस स्टेशन दोआबा के परिसर में हुई।

# नेतन्याहू को ईरान के सुप्रीम लीडर की चेतावनी

**दुबई।** हमास आतंकियों और फलस्तीन के समर्थन में खड़े ईरान ने मंगलवार को इजरायल को चेतावनी दी है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि गाजा पट्टी में इजरायल द्वारा फलस्तिनयों का नरसंहार किया जा रहा है, जिस पर जल्द विराम लगाया जाए। अयातुल्ला अली खामेनेई का यह बयान तब आया है जब बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इजरायल का दौरा करने वाले हैं।

ईरान की राजधानी तेहरान में मंगलवार को छात्रों के एक ग्रुप को संबोधित करते हुए खामेनेई ने कहा,अगर फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायल हमला जारी रखता है तो कोई भी ताकत मुसलमानों को उनसे लड़ने से नहीं रोक सकता। उन्होंने आगे कहा कि गाजा पर बमबारी तुरंत बंद होनी चाहिए। उन्होंने इजरायल मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए कहा कि दुनिया इजरायल द्वारा फलस्तीनियों के साथ हो रहे अन्याय को देख रही है। समाचार एजेंसी एपी ने मंगलवार को जानकारी दी कि इजरायल हमास के बी जंग के बीच इजरायल में करीब 1,400 लोगों की मौत हुई है और 3,500 लोग जख्मी हुए हैं। वहीं, गाजा में 2,800 लोगों की जानें गई हैं और करीब 11 हजार लोग जख्मी हुए हैं। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि इजारयल सैनिकों के जरिए किए गए हमलों में 1000 से ज्यादा लोग मलबे में दबे हुए हैं।



# अनुप्रिया पटेल की बहन अमन पटेल ने अपनी बड़ी बहन डॉ. पल्लवी पटेल पर लगाया लालची होने का आरोप

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जहाँ अपनादल के संस्थापक डॉ सोने लाल पटेल के परनिर्वाण दिवस पर अपनादल का कार्यकर्त्ता श्रद्धांजलि दे रहे हैं, अपनादल एस प्रतापगढ़ में एक बड़ी रैली का आयोजन किया वहीं, एक दिन पहले डॉ सोने लाल पटेल की दूसरे नंबर की बेटी सिराथू से विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने प्रतापगढ़ में अपनी बहन एनडीए की सहयोगी पार्टी अपनादल एस की अध्यक्ष अनुप्रियपटेल पर, सत्ता की मलाई चाटने वाला बताया और कहा कि अनुप्रिया पटेल पिता के मौत की सौदागर हैं, जिसकी वजह से डॉ सोने लाल पटेल की मौत की सीबीआई जाँच नहीं करवा रही हैं। प्रयागराज में डॉ पल्लवी पटेल की छोटी बहन अमन पटेल ने अपनी बहन डॉ पल्लवी पटेल पर राजनीती करने का आरोप लगाया। एक सवाल के जवाब अमन पटेल ने कहा कि पिता की मृत्यु बहुत ही दुखदायी है लेकिन उनके नाम पर राजनीती डॉ पल्लवी पटेल कर रही हैं जो ठीक नहीं है। सीबीआई जाँच की बात पर अमन पटेल ने कहा कि पूरे समय वे दुर्घटना के बात अपने पिता के साथ थीं और आईसीयू की खिड़की से पिता को देखती रहीं, किस बात पर डाउट है उनकी बहन पल्लवी पटेल को, और यह बात अब क्यों याद आ रही है पहले क्यों नहीं याद आयी, वे राजनीती कर रही हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में अमन पटेल ने कहा कि परिवार में झगडे का कारन लालच है, उनकी बहन ने पूरी सम्मपति अपने नाम करवा लिया जबकि उनका भी हक़ था, इसके लिए वे कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुकी हैं और आगे भी जाना हुआ तो जाएँगी। आप को बता दें कि अपनादल संस्थापक डॉ सोने लाल पटेल की मौत कार दुर्घटना में हो गयी थी, उसके बाद राजनितिक विरासत पहले अनुप्रिया पटेल ने संभाला फिर आपसी विवाद होने पर अपना दल एस जिसे अनुप्रिया लीड करती हैं बना और बाद में अपनादल के जिसे डॉ पल्लवी पटेल लीड करती हैं वो बना, लेकिन 2022 में सिराथू से डॉ पल्लवी पटेल सपा के टिकट पर चुनाव लड़कर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को हराया था।

## लकी ड्रा कूपन में पुरस्कार विजेताओं को डीएम ने सौंपी चाभी

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** महोत्सव-2023 में मेगा लकी ड्रा कूपन में पुरस्कार विजेताओं को आज जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा हरिऔध कला केन्द्र पर पुरस्कार का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा आजमगढ़ महोत्सव 2023 के अन्तर्गत मेगा लकी ड्रा के विजेता सत्येन्द्र नाथ, को प्रथम पुरस्कार महिन्द्रा थार, द्वितीय विजेता अभिलाषा राय, भोलेनाथ को रॉयल इनफिल्ड बुलेट तथा तृतीय विजेता रोहित कुमार यादव एवं ज्ञान प्रकाश को एक्टिवा स्कूटी देकर सम्मानित किया गया।

# नमामि गंगे योजना अंतर्गत हो रहा विविध जागरुकता का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत भागीरथ प्रयास नई दिल्ली में स्थित भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) द्वारा गंगा नदी के हितधारको के लिए मिश्रित क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा के महत्वपूर्ण महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और हितधारको को शिक्षित करना है, जो जिम्मेदारी की सामूहिक भावना को बढ़ावा देता है। उक्त बातें पत्रकार वार्ता के दौरान भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के वरिष्ठ प्रोफेसर विनोद कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज, गंगा के तट पर स्थित है आने वाले दिनों में शैक्षिक संस्थानों के सहयोग से शहर में विविध जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में युवाओं को ज्ञान और कौशल से युक्त करने के लिए डिजाइन किए गए हैं जो उन्हें गंगा संरक्षण में सक्रिय रूप से योगदान करने में सक्षम बनाएंगे। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान नई दिल्ली व सहयोगी संगठन दिशा दृष्टि संस्थान प्रयागराज के संयुक्त प्रयास से प्रयागराज में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

# पार्थेनियम बीटल नष्ट करते हैं खर पतवार

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** जंतु विज्ञान विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन सेल के अंतर्गत क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत उसे क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। लाउदर रोड प्रयागराज के क्षेत्र की मुख्य समस्या गाजर घास व उसके निदान के बारे में पूछी गई। दूसरी समस्या कौशांबी क्षेत्र के लोगों द्वारा जड़ गांठ सूत्रकृमि व उसके समाधान के विषय में थी।

यह कार्यक्रम आई आई सी की ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर हेमलता पंत तथा डॉक्टर ज्योति वर्मा क्रमशः असिस्टेंट प्रोफेसर , जंतु विज्ञान विभाग के निर्देशन में किया गया। डॉक्टर हेमलता पंत ने समस्या व समाधान के लिए यह बताया कि गाजर घास या पार्थेनियम एक खरपतवार है जो मनुष्य और पालतू पशुओं में खुजली ,त्वचा रोग व सांस की बीमारी फैलाते हैं। जब इसमें फूल नहीं आता है इस अवस्था में यदि इसे भूमि में दबा दिया जाए तो यह कार्बनिक खाद का कार्य करने लगता है। इसके साथ ही इसको नष्ट करने के लिए पार्थेनियम बीटल (जाइग्रोग्रामा ) नामक कीट का प्रयोग करना चाहिए। यह कीट खरपतवार को खाकर समाप्त कर देता है।

इसी कड़ी में जड़ गांठ सूत्रकृमि की विस्तृत चर्चा करने के बाद उसके निदान हेतु नीम की खली का प्रयोग एवं ओयेस्टर मशरूम उगाने के बाद उसकी बची हुई कंपोस्ट खाद (स्पेन्ड कंपोस्ट) का प्रयोग तथा खेतों में मेड़ों में या फसलों के बीच-बीच में गेंदे के पौधे लगाने से इस सूत्रकृमिड से बचाव किया जा सकता है। यदि खेतों में केंचुआ खाद का प्रयोग किया जाए तो भी खेत में सूत्रकृमि का प्रयोग नहीं होता है। इस कार्यक्रम में गरिमा सिंह, शिवानी मौर्या व दीपांजना ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम में 40 लोगों से उनकी समस्या पूछी गई।

## इविविः प्राक्टर ने छात्र को बर्बरता पूर्वक लाठी से पीटा



**प्रयागराज।** परास्नातक छात्र हरेंद्र कुमार व शोध छात्र मनीष कुमार के निलम्बन के विरोध प्रदर्शन में कुलानुशासक ने छात्र को बर्बरता पूर्वक लाठी से पीटा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन हर दिन तानाशाही और बर्बरता के नये-नये उदाहरण पेश कर रहा है। आज परास्नातक छात्र हरेंद्र कुमार व शोध छात्र मनीष कुमार के निलम्बन के विरोध में विश्वविद्यालय में प्रदर्शन रखा गया था। इस प्रदर्शन पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर द्वारा खुद ही छात्र के ऊपर लाठी बरसायी गयी। छात्र संगठनों ने आह्वान किया कि इस बर्बर तानाशाहीपूर्ण कृत्य के खिलाफ सभी एकजुट हों।

# पार्थेनियम बीटल नष्ट करते हैं खर पतवारः डॉ. हेमलता पंत

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** जंतु विज्ञान विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन सेल के अंतर्गत क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत उसे क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। लाउदर रोड प्रयागराज उत्तर प्रदेश के क्षेत्र की मुख्य समस्या गाजर घास व उसके निदान के बारे में पूछी गई। दूसरी समस्या कौशांबी क्षेत्र के लोगों द्वारा जड़ गांठ सूत्रकृमि व उसके समाधान के विषय में थी। यह कार्यक्रम आई आई सी की ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर हेमलता पंत तथा डॉक्टर ज्योति वर्मा क्रमशः असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग के निर्देशन में किया गया। डॉक्टर हेमलता पंत ने समस्या व समाधान के लिए यह बताया कि गाजर घास या पार्थेनियम एक खरपतवार है जो मनुष्य और पालतू पशुओं में खुजली,त्वचा रोग व सांस की बीमारी फैलाते हैं। जब इसमें फूल नहीं आता है इस अवस्था में यदि इसे भूमि में दबा दिया जाए तो यह कार्बनिक खाद का कार्य करने लगता है। इसके साथ ही इसको नष्ट करने के लिए पार्थेनियम बीटल (जाइग्रोग्रामा) नामक कीट का प्रयोग करना चाहिए। यह कीट खरपतवार को खाकर समाप्त कर देता है। इसी कड़ी में जड़ गांठ सूत्रकृमि की विस्तृत चर्चा करने के बाद उसके निदान हेतु नीम की खली का प्रयोग एवं ओयेस्टर मशरूम उगाने के बाद उसकी बची हुई कंपोस्ट खाद (स्पेन्ड कंपोस्ट) का प्रयोग तथा खेतों में मेड़ों में या फसलों के बीच-बीच में गेंदे के पौधे लगाने से इस सूत्रकृमिड से बचाव किया जा सकता है। यदि खेतों में केंचुआ खाद का प्रयोग किया जाए तो भी खेत में सूत्रकृमि का प्रयोग नहीं होता है। इस कार्यक्रम में गरिमा सिंह, शिवानी मौर्या व दीपांजना ने सहयोग किया इस कार्यक्रम में 40 लोगों से उनकी समस्या पूछी गई।

# ऑल इंडिया राजभर आरक्षण समिति ने की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** कार्यालय मोहब्बतपुर में ऑल इंडिया राजभर आरक्षण समिति के द्वारा आजमगढ़ में एक बैठक हुआ। जिसमें राजभर इतिहास आरक्षण और एस0टी0 आरक्षण को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 हरीश राजभर समाज सेवी टीम द्वारा निर्णय लिया गया। कि आजमगढ़ में स्थापित विश्वविद्यालय जिसका नाम महराजा सुहेलदेव दर्शाया गया। इसमें सुधार करके महराजा सुहेलदेव राजभर पूरा नाम जोड़ने एंव एस0टी0 आरक्षण को लेकर एक दिवसीय 29.को दिल्ली में जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन का आयोजन करने निर्णय लिया गया है। जिसमें राजभर समाज के सभी भाईयों, बहनों, बेरोजगार नव जवान साथियों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुचकर कार्यक्रम को सफल बनाये। बैठक में मुन्नीलाल राजभर, भाईया लाल भार्गव, हरीलाल राजभर, रामप्रसाद, जियालाल राजभर, रामप्रताप, रवि राजभर, धमेन्द्र राजभर प्रधान, राजेश राजभर प्रधान, विजय प्रकाश प्रधान, उमेश प्रधान, कमलेश प्रधान, पवन राजभर एवं अन्य सकल राजभर समाज की उपस्थिति में बैठक की गयी है।

# मुविवि की कुलपति ने 11 स्वस्थ वीरों को किया पुष्टाहार वितरण

- स्वस्थ सारथी क्लब फैलाएगा सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में व्यापक जागरूकता एवं भागीदारी हेतु गठित स्वच्छ सारथी क्लब के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने 11 स्वस्थ वीरों को पुष्टाहार वितरण किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन की सफलता हेतु व्यापक जन जागरूकता एवं जन भागीदारी आवश्यक है। स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना एक अति महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वस्थ वीरों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। स्वस्थ वीरों के माध्यम से स्वस्थ भारत मिशन नगरीय के लक्ष्य से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही प्लास्टिक बैन के विषय में भी आसपास के क्षेत्रों में जन जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण के विषय में लोगों तक संदेश पहुंचाया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने 11 स्वच्छ वीरों को पुष्टाहार प्रदान करते हुए उन्हें निर्देशित किया कि वह इसी प्रकार लगन एवं निष्ठा से कार्य के प्रति समर्पण दिखाकर समाज की निरंतर सेवा करते रहें।

प्रारंभ में स्वस्थ सारथी क्लब के संयोजक डॉ जी के द्विवेदी ने नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर गठित स्वच्छ सारथी क्लब के उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में कुलसचिव कर्नल विनय कुमार एवं निदेशक समाज विज्ञान विद्या शाखा प्रोफेसर एस कुमार ने अभियान की सफलता के बारे में स्वस्थ वीरों को जागरूक किया। क्लब के सदस्य डॉ गौरव संकल्प ने कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं स्वच्छ वीरों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### लंकापति रावण की पराक्रम का हुआ मंचन



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस के श्री श्री बाल रामलीला समिति में आज सोमवार को रावण पराक्रम का मंचन किया गया जिसमें रावण की शक्ति ताकत वह उसकी शिव भक्ति को भी दर्शाया गया।

रावणज वो रावण जो लंका का राजा था, महाप्रतापी, पराक्रमी, त्रिपुंडधारी, शास्त्रों का ज्ञाता और प्रकांड विद्वान न जाने कितने ही विशेषण है जो ऋषि विश्रवा के पुत्र दसानन के व्यक्तित्व को दर्शाया गया था। और रावण के आते ही उसकी हंशी हा..... हाँ..... हाँ.....हाहाहा..... देखते ही दर्शकों ने उसके पात्र की प्रशंसा में तालिया बजाई जिससे पूरा प्रांगण तालियों से गूंज गया। मेघनाद ने गुस्से में आकर इंद्र से युद्ध किया। उसने इंद्र को हरा दिया और उसे अपने रथ से बांधकर धरती पर ले गया। ब्रह्मा जी को डर था कि मेघनाद देवताओं के राजा इंद्र को मार सकता है। इसलिए ब्रह्मा जी ने मेघनाद को वरदान के बदले इंद्र को रिहा करने के लिए कहा जिसका मंचन किया गया।

### डीसी मनरेगा ने कठार गांव का किया निरीक्षण

**जौनपुर (महराजगंज)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कठार में डीसी मनरेगा ने आकस्मिक निरीक्षण किया जहां पंचायत भवन, सड़कें, विद्यालय, समतलीकरण, आवास, शौचालय पानी की टंकी, खेल का मैदान, हाईमास्क लाइट मेड़बंदी आदि कार्यों की बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गुणवत्ता की तारीफ की। गाँव के विकास के लिये प्रस्ताव को मानते हुए सौगात के रूप में एक पुल निर्माण का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर उपायुक्त मनरेगा सुशील कुमार त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी मनरेगा धर्मेंद्र द्विवेदी, एपीओ रोहित मिश्रा, सचिव उमेंद्र यादव, जेई अखिलेश यादव, ग्राम प्रधान रिंकी अवनीश सिंह, इंद्रजीत मौर्य आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट सभागार में रुपए 50 लाख से अधिक लागत की लोक निर्माण विभाग जनपद आजमगढ़ एवं 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यदाई संस्थान आवंटित बजट के सापेक्ष निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें जिलाधिकारी ने प्रांतीय खंड के निर्माणा कार्य की धीमी प्रगति पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहां की सभी कार्यों को दिसम्बर 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें । उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग की एन एच 233 से भीलमपुर छपरा भर बस्ती सम्पर्क मार्ग मेघयी खास यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग जमीन बेलारी संपर्क मार्ग छितौनी ऐदिलपुर में मदन पट्टी सम्पर्क मार्ग, जफ़रामऊ सम्पर्क मार्ग रजादेपुर अजमतगढ़ सम्पर्क मार्ग मल्लूपुर सम्पर्क मार्ग तथा आजमगढ़ बिलरियागंज रौनापार मार्ग के नवनिर्माण, पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य को निर्धारित तिथि के अन्दर पूरा करने का निर्देश दिए।

# संघर्ष में चली गोलियां, पिता पुत्र सहित पांच घायल



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव में जमीनी विवाद में मारपीट के दौरान लाठी डंडे चलने के साथ गोलियां भी चली, दिनदहाड़े हुए संघर्ष में एक ही पक्ष पिता और पुत्र को गोली लगी है तथा अन्य तीन लोग लाठी डंडे व धारदार हथियार के प्रहार से जख्मी हुए हैं। हमलावरों ने असलहाधारी की लाइसेंसी रिवाल्वर छीनकर उसे गोली मारी है। पुलिस के साथ अन्य थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित कर दी गई है, इस मामले शिथिलता बरतने के आरोप में एसपी ने बदलापुर के थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया है। बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव में जयनाथ यादव और रामधारी यादव आपस मे चाचा भतीजे है इन दोनों के बीच काफी दिनों से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, इसी विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी, दोनों तरफ से लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने लगे। आरोप है कि इसी बीच जयनाथ यादव के पुत्र लाल साहब यादव अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल लिया, जिसे विपक्षियों ने छीनकर उनके पैर में तीन गोली तथा उनके परिवार के हर्षित यादव के पैर में एक गोली मार दी। जयनाथ यादव, रामचन्द्र यादव और ब्रजेश यादव लाठी डंडे व धारदार के प्रहार से घायल हुए है। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है । आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित कर दी गई है, सभी टीम गिरफ्तारी के रवाना कर दी गई है। इस मामले शिथिलता बरतने के आरोप में एसपी ने बदलापुर के थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है।

## हरे पेड़ों की अवैध रुप से कटाई, मुकदमा दर्ज

**आजमगढ़।** सरायमीर थाना क्षेत्र के ग्राम खानकाह के राजकुमार ,व शंकर सिह के मकान के बगल दुर्गा मंदिर के पास बाग में स्थिति आम के हरे पेड़ों की अवैध रुप से कटाई की सूचना जैसे ही थानाध्यक्ष सरायमीर यादवेन्द्र पाण्डेय को फोन पर सूचना मिली फौरन सीनियर यसआई विरेन्दर सिह पुलिस फोर्स के साथ अवैध कटाई जा रही आम की बाग मे घटना स्थल पर पहुंच कर लकड़ियों व बोटों थाने लाकर मुकदमा दर्ज कार्यवाही की। वही बनविभाग के अधिकारी अवैध रूप से हो रहे आम के हरे पेड़ों कटाई के प्रति अनभिज्ञ रहे।जब कि हरे प्रतिबंधित पेड़ो की अवैध कटाई करने वालों और मुकदमे जिम्मेदारी बनविभाग के क्षेत्रीय अधिकारी की होती है। वही गांव वालों का कहना है कि इस अवैध रूप होरही आम के हरे पेड़ो की कटाई का खर्चा कटान करन करने वाला आज सुबह दे चुका है।

# 67 वे जनपदीय विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपदीय विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ आज एस.के.पी. इंटर कॉलेज आजमगढ़ के मैदान पर हुआ। कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। तत्पश्चात ध्वजारोहण कर मंच से मार्चपास्ट की सलामी प्राप्त कर तथा गुब्बारा और पटाखा छोड़कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए। संजय कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अनिवार्य अंग बन चुका है नखेल का महत्व पढ़ाई से कम नहीं है कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि संसाधन सीमित भले हो लेकिन हमारे प्रयास और लक्ष्य असीमित होने चाहिए ,माध्यमिक शिक्षा विभाग खेलकूद के लिए विशेष प्रयास कर रहा है जिसका परिलक्षण दिखने भी लगा है ।कार्यक्रम के अतिथि का मोमेंटो और शाल देकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने सम्मान किया आयोजन सचिव दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आठ तहसीलों के लगभग 7 सौ छात्र-छात्रा प्रतिभा कर रहे हैं । यह दो दिवसीय प्रतियोगिता कल शायं 03 बजे समाप्त होगी। प्रतियोगिता में सफल प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर बच्चे दिनांक 20 एवं 21 अक्टूबर 2023 को दोहरीघाट मऊ जनपद मे आयोजित मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आजमगढ़ जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।आज इस अवसर परजो लोग उपस्थित रहे वे थे राजेश कुमार यादव प्रबंध संचालक, दिनेश कुमार सिंह, जय शंकर मिश्रा, प्रधानाचार्य, डा रणधीर सिंह डॉ अजीत सिंह प्रवीण सिंह, विनोद सिंह प्रकाश यादव शैलेश राय भूपेश सिंह राम जन्म डॉक्टर हसन अहमद सुनील यादव नरेंद्र सिंह सुरेंद्र कुमार सिंह आज लोग उपस्थित रहे।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**जौनपुर।** सरपतहां थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने 1 किलो 600 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय तथा हेड कांस्टेबल अजय सिंह, कांस्टेबल संदीप खरवार क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन की जांच कर रहे थे। इस दौरान विश्वसनीय सूचना पर पुलिस ने गैरवाह स्थित राइस मिल तिराहा के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान युवक के पास से 01 किग्रा 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान कोतवाली थाना शाहगंज स्थित बड़ागांव निवासी फैजान अहमद पुत्र नन्हे अहमद के रूप में हुई। गौरतलब है कि गिरफ्तार अभियुक्त फैजान के विरुद्ध स्थानीय थाने में गोवध निवारण अधिनियम की धारा 3/5/8 के तहत अभियोग पंजीकृत है।

# विधायक ने जन चौपाल लगाकर सुनी लोगों की जन समस्याएं



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खुटहन)** मखदूमपुर पटैला राम जानकी मन्दिर पर सोमवार शाम को शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने जन चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याएं सुनी यहां लोग पहुंच कर अपनी अपनी समस्या विधायक रमेश सिंह को अवगत कराया विधायक रमेश सिंह ने लोगों की समस्याओं का निस्तारण के लिए आश्वासन दिया कि आप लोगों की समस्या का निस्तारण जल्द से जल्द कराया जाएगा विधायक ने अमृत सरोवर का निर्माण देख ग्राम प्रधानपति रामफेर वर्मा को बधाई दिया ग्राम प्रधानपति रामफेर वर्मा ने विधायक शाहगंज को अवगत कराया कि सब्जी मंडी के कारण हमारे ग्राम सभा में स्थित कंपोजिट विद्यालय के रास्ते में जाम लगा रहता है जिससे छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सब्जी मंडी को स्थानांतरित होना अति आवश्यक है। इस मौके पर रामचंदर गुप्ता बेचन पांडे वंश जितेंद्र प्रताप सिंह विनोद कुमार सोनी सुभाष प्रजापति सुरेंद्र प्रजापति प्रमोद वर्मा राधा देवी प्रधान मखदूमपुर सुरेश गुप्ता अरुण यादव अली हसन छोटेलाल प्रजापति लालजी आदि लोग मौजूद रहे।

# राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कर करेत्तर, राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार देर सायं संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आबकारी, परिवहन, विद्युत, खनन सहित अन्य विभागो से राजस्व प्राप्तियों की जानकारी प्राप्त करते हुए जिन भी विभागो यथा परिवहन, खनन विभाग आदि से राजस्व की प्राप्ति लक्ष्य के सापेक्ष कम प्राप्त हुई थी जिसपर कार्ययोजना बनाकर राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिए।

परिवहन, खनन, वाणिज्य, सिंचाई विभाग आदि में प्रवर्तन कार्य कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने विभागो से आरसी वसूली की समीक्षा की। बाट व माप विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग आदि द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण करने एवं आवश्यक होने पर दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एंटी भू-माफिया के तहत हो रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिस भी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है वहां पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करें।

ऐसे थाने जहां एंटी भू-माफिया से जुड़े एक भी मामले चिन्हित नहीं किए गए हैं वे इसका सत्यापन कराएं साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि हर गांव में जमीन विवाद संबंधी मामले नियत रजिस्टर में दर्ज होने चाहिए तथा पत्थरगड्डी उखाड़ने वालो पर मुकदमा भी दर्ज किया जाए। सूचना का अधिकार अधिनियम की भी समीक्षा की जाए।रीयल टाइम खतौनी की समीक्षा के दौरान बदलापुर में सबसे कम रीयल टाइम खतौनी के तहत सर्वे होना पाया गया जिसपर जिलाधिकारी ने 10-10 टीमें बनाकर उक्त कार्य को जल्द संपादित करने तथा सर्वे पूर्ण होने के उपरांत अनुमोदन के भी निर्देश दिए।

# सरकार हुडको में अपनी सात प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी

## 1100 करोड़ रुपये हासिल होने की है उम्मीद

**नई दिल्ली।** सरकार को इस बिक्री से लगभग 1,100 करोड़ रुपये हासिल होने की उम्मीद है, कंपनी के कुल 14 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। ओएफएस के पहले दिन बिक्री के लिए कुल 7 करोड़ शेयरों की पेशकश की जाएगी, जो हुडको की कुल हिस्सेदारी का 3.5 प्रतिशत है।

सरकार हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) में बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये अपनी सात प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। यह बिक्री 18 से 19 अक्तूबर के बीच की जाएगी। एक नियामकीय फाइलिंग में यह जानकारी दी गई है। इस पेशकश के लिए न्यूनतम मूल्य 79 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जो 17 अक्तूबर को बीएसई पर कंपनी के शेयरों के बंद हुए भाव 89 रुपये के मुकाबले 12 प्रतिशत कम है।

सरकार को इस बिक्री से लगभग 1,100 करोड़ रुपये हासिल होने की

**हिस्सेदारी**

> **सरकार हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) में बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये अपनी सात प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी।**

उम्मीद है, कंपनी के कुल 14 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी।

ओएफएस के पहले दिन बिक्री के लिए कुल 7 करोड़ शेयरों की पेशकश की जाएगी, जो हुडको की कुल हिस्सेदारी का 3.5 प्रतिशत है। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि बेस ऑफर के बाद अगले दिन ओवर



सब्सक्रिप्शन विकल्प मिलेगा, इस ग्रीनशू विकल्प में भी 7 करोड़ शेयर यानी 3.5 प्रतिशत शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे।

इस पेशकश का पहला दिन खुदरा निवेशकों के लिए खुला रहेगा और इसके बाद दसरे दिन गैर-खुदरा निवेशकों को बोली लगाने की अनुमति होगी। एक्सचेंज फाइलिंग में स्पष्ट किया गया है कि इस ऑफर के लिए कोई रिटेल डिस्काउंट नहीं होगा।

एलारा सिक्योरिटीज (इंडिया), आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और एसबीआईकैप सिक्योरिटीज को इस पेशकश के ब्रोकर की भूमिका निभाएं।

### सोने की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव, चांदी में 300 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर बना रहा। हालांकि, चांदी इस दौरान 300 रुपये की गिरावट के साथ 73,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

विदेशी बाजारों में सोना और चांदी मामूली तेजी के साथ क्रमशः 1,915 डॉलर प्रति औंस और 22.55 डॉलर प्रति औंस पर चल रहे थे। इजरायल-हमास युद्ध का विस्तार रोकने के लिए अमेरिका की ओर से प्रयास तेज किए जाने के बीच सोने में पिछले दिन के दायरे में कारोबार हुआ।

## साइटस इनवर्सस टोटलिस में लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी एक सफल उपचार

**लखनऊ।** लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी को सिंप्टोमैटिक गॉलब्लेडर स्टोन की बीमारी के लिए बेहतर इलाज माना जाता है। यह इलाज साइटस इनवर्सस टोटलिस से पीड़ित मरीजों के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। यह दुर्लभ शारीरिक विसंगति कुछ ही लोगों को प्रभावित करती है, लेकिन सर्जन्स के लिए चुनौती बनी हुई है। साइटस इनवर्सस टोटलिस, असाधारण आनुवांशिक स्थिति है, जिसमें सीने और पेट के अंग उलट जाते हैं यानी ये शीशे में दिखने वाली तस्वीर की तरह उल्टी जगहों पर विकसित होते हैं। उदाहरण के लिए, हृदय दायीं ओर विकसित हो जाता है। इसी प्रकार, लिवर और गॉलब्लेडर भी शरीर में दायीं ओर की बजाय बायीं ओर पाए जाते हैं। यह स्थिति लगभग 5000 से 20000 में से एक में पाई जाती है। यह जन्म से होने वाले अन्य विकारों या बीमारियों के साथ या उनसे अलग विकसित हो सकती है। लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की शुरुआत से, साइटस इनवर्सस टोटलिस के मरीजों में लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी के लगभग 100 मामले पाए जा चुके हैं। यह नई तरह का दृष्टिकोण ओपन



कोलेसिस्टेक्टोमी का सुरक्षित और प्रभावी विकल्प उपलब्ध कराता है, जिससे यह सिद्ध होता है कि इस प्रकार के मामलों में यह गलत नहीं है। डॉ. मंजूष कुमार, रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ के अनुसार, पेट के गंभीर लक्षणों वाले मरीजों की जांच करते हुए इस बारे में अत्यधिक संदेह महत्वपूर्ण होता है। इन जटिल मामलों में जल्दी पहचान और मरीज की स्थिति के अनुसार, सर्जरी के फैसले महत्वपूर्ण होते हैं। यही साइटस इनवर्सस टोटलिस से पीड़ित मरीजों के लिए लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी के सफल परिणाम सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया के लिए पूरे विवरण पर ध्यान देना और इस खास तरह की शारीरिक चुनौतियों की गहरी समझ महत्वपूर्ण हैं। साइटस इनवर्सस टोटलिस के मरीजों में लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी के प्रयोग के लिए आधुनिक स्तर के विकसित तकनीकी कौशल की अवश्यक्ता होती है, विशेष रूप से दायें हाथ का प्रयोग करने वाले सर्जन्स के लिए। इस प्रक्रिया में बायें ऊपरी क्वाड्रन्ट को नेविगेट करने के लिए विजुअल मोटर स्किल्स में महत्वपूर्ण समायोजन की जरूरत होती है। इसके अतिरिक्त, आतंरिक अंगो की विरोधाभासी स्थिति में कैलोट के त्रिकोण में मौजूद संरचनाओं के विच्छेदन में खास तरह की चुनौती पेश करती हैं, जिससे ऑपरेशन की अवधि सामान्य से ज्यादा हो जाती है। इस तरह के ऑपरेशन गॉलब्लेडर के सामान्य एनाटॉमिकल प्लेसमेंट के मामलों की तुलना में अधिक समय तक चलते हैं।

## द बॉडी शॉप के अब तक के सबसे शानदार दिवाली गिफ्ट कलेक्शन के साथ जलाएं बदलाव के दीप




**लखनऊ।** ओरिजनल एथिकल ब्यूटी ब्रांड, द बॉडी शॉप ने दिवाली के शुभारंभ के तौर पर अपने फेस्टिव कैम्पेन 'स्पार्क ए चेंज' की पेशकश की है। ब्रैंड ने स्टोर में तथा ऑन-लाइन अपने चेंजमेकिंग उपहारों का कलेक्शन लॉन्च किया है। वीगन ब्यूटी के तोहफे से लेकर सौम्य बॉडी केयर तक, द बॉडी शॉप इस दिवाली हर किसी की पसंद और बजट के अनुसार उपहार लेकर आया है। ये उपहार इसे पाने वाले को खुशी देने के अलावा भी बहुत कुछ करता है। यह उन लोगों के जिंदगी में भी खुशियों की चमक लाने में मदद करेगा, जिन्होंने इस बनाने में मदद की है। इसका सारा श्रेय इस ब्रांड के अनूठे कम्युनिटी ट्रेड1 प्रोग्राम को जाता है।

'स्पार्क ए चेंज' कैम्पेन की इस प्रेरक फिल्म में जानी-मानी भारतीय एक्टर, शेफाली शाह (एमी अवॉर्ड 2023 के लिए नामित) इसकी चमक को और भी बढ़ाने का काम कर रही हैं। इस फिल्म में दिखाया गया है कि वह द बॉडी शॉप के स्टोर पर हैं और अपनों के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट तलाश कर रही हैं। इसमें बड़ी ही खूबसूरती से टेडी एक्सपोर्ट्स2 की एक अनुभवी महिला को दर्शाया गया है। यह भारत में द बॉडी शॉप की लंबे समय से कम्युनिटी ट्रेड का पार्टनर है। इन प्रतिभाशाली कलाकारों ने कॉटन गिफ्ट बैग्स को रीसाइकिल कर अपने हाथों से तैयार किया है। द बॉडी शॉप ने त्योहारों के सीजन के लिए खासतौर से इन्हें बनाया है। टेडी एक्सपोर्ट्स की यह महिला, शेफाली शाह के साथ अपने अंदाज में बदलाव की लौ जलाने और खुशियां फैलाने में मदद करती है। पूरी दुनिया में यह द बॉडी शॉप के सकारात्मक बदलाव लाने की मूल सोच के ही अनुरूप है।

हरमीत सिंह, वीपी मार्केटिंग, ई-कॉमर्स एवं प्रोडक्ट, एशिया साउथ, द बॉडी शॉप का कहना है, ÷द बॉडी शॉप का हर गिफ्ट, हमारे कम्युनिटी फेयर ट्रेड सहयोगियों की सामग्रियों या पैकेजिंग के साथ तैयार किया गया है। इसलिए, हर खरीद के साथ, ग्राहकों को ना केवल एक उपहार मिलेगा, बल्कि पूरी दुनिया में कम्युनिटीज की भी मदद कर पाएंगे, खासकर भारत के, टेडी एक्सपोर्ट्स के कलाकारों द्वारा बड़ी ही कुशलता से तैयार किए ये पाउचेस उन्हें मिलेंगे। इस बार त्योहारों में, उनके पास कई लोगों की जिंदगियों को रोशन करने की ताकत है।÷

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार; सेंसेक्स 261 अंक चढ़ा, निफ्टी 19811 के पार

**नई दिल्ली।** सोमवार को एचडीएफसी बैंक के बेहतर तिमाही नतीजे और अच्छे वैश्विक संकेतों के बाद बाजार हरे निशान पर खुला और हरे निशान पर ही बंद हुआ। हालांकि बाजार में आखिरी घंटों में हल्की सुस्ती देखी गई। मंगलवार के कारोबारी सेशन के दौरान बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में तेजी रही। वहीं एफएमसीजी, एनर्जी, कमोडिटी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस मेटल्स, ऑटो और आईटी सेक्टर के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर केवल कंज्यूमर ड्यूरेबल्स से जुड़ी कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। आज के ट्रेड में एक बार फिर मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स के 30 शेयरों में 23 शेयर बढ़त के साथ जबकि और निफ्टी के 50 शेयरों मे 38 मजबूत के साथ बंद हुए।

**सरकार हुडको में अपनी सात प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी**

सरकार हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) में बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये अपनी सात प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। यह बिक्री 18 से 19 अक्तूबर के बीच की जाएगी। एक नियामकीय फाइलिंग में यह जानकारी दी गई है। इस पेशकश के लिए न्यूनतम मूल्य 79 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जो 17 अक्तूबर को बीएसई पर कंपनी के शेयरों के बंद हुए भाव 89 रुपये के मुकाबले 12 प्रतिशत कम है। सरकार को इस बिक्री से लगभग 1,100 करोड़ रुपये हासिल होने की उम्मीद है, कंपनी के कुल 14 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। ओएफएस के पहले दिन बिक्री के लिए कुल 7 करोड़ शेयरों की पेशकश की जाएगी, जो हुडको की कुल हिस्सेदारी का 3.5 प्रतिशत है। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि बेस ऑफर के बाद अगले दिन ओवरसब्सक्रिप्शन विकल्प मिलेगा, इस ग्रीनशू विकल्प में भी 7 करोड़ शेयर या 3.5 प्रतिशत शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे।

**डाबर को 321 करोड़ रुपये के कर भुगतान का नोटिस**


एफएमसीजी कंपनी डाबर को करीब 321 करोड़ रुपये का जीएसटी भुगतान का नोटिस मिला है। डाबर इंडिया ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) अधिनियम-2017 की धारा 74(5) के तहत कर देनदारी के बारे में सूचना मिली है। इसमें जीएसटी के रूप में 320.60 करोड़ रुपये ब्याज और जुर्माने के साथ भुगतान करने की सलाह दी गई है। ऐसा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। कंपनी ने कहा, वह संबंधित प्राधिकरण के पास मामले को गुण-दोष के आधार पर चुनौती देगी। डाबर ने साफ किया कि कर मांग से कंपनी की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## ओला ने भारत ईवी फेस्ट की घोषणा की

### त्योहारों के लिये आकर्षक ऑफर पेश किए

**बेंगलुरु।** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने 16 अक्टूबर से देश में इलेक्ट्रिक वाहन ख़रीदने के लिए अपने सबसे बड़े उत्सव, ओला भारत ईवी फेस्ट की घोषणा की है। इसके साथ ही त्योहारों से पहले ओला द्वारा भारत का सबसे बड़ा टू-व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) एक्सचेंज कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें कई शानदार ऑफ़रों के साथ आकर्षक छूट और बैटरी एश्योरेंस योजनाएं प्रदान की जा रही हैं।

ओला के भारत ईवी फेस्ट में ग्राहकों को ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने पर ?24,500 तक के बेनेफ़िट्स मिलेंगे, जिनमें बैटरी पर 5 साल वॉरंटी (?7,000* तक मूल्य की), एक्सचेंज बोनस (?10,000* तक), और नो-कॉस्ट ईएमआई (पार्टनर बैंकों से ?7,500* तक की छूट) के साथ आकर्षक फ़ाइनेंसिंग स्कीम शामिल हैं। यह इलेक्ट्रिक वाहन ख़रीदने के लिए सबसे उपयुक्त समय है, क्योंकि इन त्योहारों के दौरान ओला स्कूटर की




टेस्ट राइड लेने वाले ग्राहकों को कई रोमांचक पुरस्कारों के साथ हर दिन एक एस1एक्स+ जीतने का मौका मिलेगा।

ओला इलेक्ट्रिक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अंशुल खंडेलवाल ने कहा, ÷हम त्योहारों की तैयारी सामूहिक रूप से कर रहे हैं, इसलिए भारत ईवी फेस्ट शुरू करके हम बहुत उत्साहित हैं। टू-व्हीलर सेगमेंट में #श्वठ्ठस्त्रढ्ढष्टश्चद्द की प्रतिबद्धता के साथ हम इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सबसे अनोखा जश्न लेकर आये हैं। इस दिवाली भारत ईवी फेस्ट में हमारे ग्राहकों को ईवी ख़रीदने का सबसे उपयुक्त समय मिल रहा है। हम सभी से आग्रह करते हैं कि वो हमारे एक्सपीरिएंस सेंटर आएँ और हमारे हाई परफ़ॉर्मेंस स्कूटरों की टेस्ट राइड लेकर देखें।÷

5-इयर बैटरी प्रॉमिज़

ग्राहकों का विश्वास जीतने के लिए ओला ने ÷5-ईयर बैटरी प्रॉमिज़÷ प्रोग्राम पेश किया है। कंपनी अपने फ्लैगशिप उत्पाद एस1 प्रो (सैकंड जनरेशन) पर 5 साल की एक्सटेंडेड बैटरी वॉरंटी निशुल्क और एस1 एयर के लिए 5 साल की एक्सटेंडेड बैटरी वॉरंटी में 50त्न की छूट दे रही है।

एक्सचेंज प्रोग्राम

त्योहारों का जोश बढ़ाते हुए ओला ने अपने 1000 एक्सपीरिएंस सेंटर्स में अब तक का सबसे बड़ा आईसीई-टू-ईवी एक्सचेंज कार्यक्रम शुरू किया है। ग्राहकों को अब अपने पुराने आईसीई टू-व्हीलर के बदले में ओला स्कूटर ख़रीदने पर 10,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस दिया जाएगा।

## कलर्स के 'बिग बॉस' ने अपने प्रतियोगियों के लिए पक्षपात के नए नियम की घोषणा की है



**कानपुर।** अपने बेहद मनोरंजक भव्य प्रीमियर के बाद, कलर्स का 'बिग बॉस' अपनी थीम इस बार गेम नहीं होगा सबके लिए सेम टू सेम से जुड़े रहस्य को धीरे-धीरे उजागर कर रहा है। इस सीज़न के लिए, 'बिग बॉस' की जादूई दुनिया को तीन मकानों में बांटा गया है - मकान नंबर 1 - दिल, मकान नंबर 2 - दिमाग और मकान नंबर 3 - दम। पहले एपिसोड में, दर्शकों ने प्रतियोगियों को अपनी पसंद का मकान चुनकर शो में अपनी किस्मत चुनते हुए देखा। समानता के अपने पुराने सिद्धांत को खत्म करते हुए, बिग बॉस सभी को लिविंग एरिया में इकट्ठा करते हैं और कुछ नए बुनियादी नियम तय करते हैं। वह अनुमान लगाते हैं कि देर-सबेर वह घर के सदस्यों को यह शिकायत करते हुए सुनेंगे कि प्रतियोगी अंकिता लोखंडे और ऐश्वर्या शर्मा के प्रतिष्ठित काम और लोकप्रियता के कारण उनका पक्ष लिया जाएगा। वह सीज़न की शुरुआत में ही इस आसन्न मुद्दे को संबोधित करते हैं और घोषणा करते हैं कि वह पक्षपाती और स्वार्थी होंगे। वह हर किसी को चेतावनी देते हैं कि वह इस महान शो के पक्ष में रहने वाली हर बात का समर्थन करेंगे, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि जो लोग इस सीज़न का महत्व नहीं बढ़ाते हैं, वे बिग बॉस के लिए कोई महत्व नहीं रहेंगे। अब जब पक्षपात का खेल शुरू हो गया है तो क्या दिल, दिमाग और दम के मंत्र इन प्रतियोगियों को एलिमिनेशन से बचाएंगे?

## साधारण शुरुआत से लेकर मास्टरशेफ इंडिया तक

### मोहम्मद आशिक की कहानी जूनून और बहादुरी की ताकत का सबूत है

वर्ल्ड फूड डे के अवसर पर सोनी लिव पर मास्टरशेफ इंडिया शो की शानदार वापसी होने जा रही है। इस शो में आपको पाक-कला का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिलेगा जिसमें स्वाद और सुगंध की कोई सीमा नहीं है। बहुत बारीक चयन प्रक्रिया के बाद चुने गए 12 उत्साही शेफ्स मास्टरशेफ इंडिया के किचन में अपनी मनपसंद जगह प्राप्त करेंगे। अनेक आकांक्षी कहानियों में से एक प्रतियोगी की कहानी दर्शकों का दिल जीतती रही हैं, और उनका नाम है मोहम्मद आशिक। 24-वर्षीय कर्मठ और उत्साही शेफ, मोहम्मद आशिक मंगलौर के तटीय शहर के निवासी हैं।

आशिक अपने परिवार के कर्ता-धर्ता हैं। इन्होंने होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने का सपना देखा था। लेकिन आर्थिक मजबूरियों के कारण उन्हें दूसरा रास्ता पकड़ना पड़ा। विपरीत परिस्थितियों से अविचलित, आशिक ने अपने फूड के लिए अपने जूनून को उद्यमिता की दिशा में मोड़ा और अपनी खुद की जूस की दुकान

**कहानी**

> **अनेक आकांक्षी कहानियों में से एक प्रतियोगी की कहानी दर्शकों का दिल जीतती रही हैं, और उनका नाम है मोहम्मद आशिक।**

खोल ली। इस दुकान में उन्हों ने अनूठी रेसिपीज बनाकर अपनी रचनात्मक प्रवृत्ति का प्रदशन किया जिनके स्वाद को उनके ग्राहकों ने बेहद पसंद किया। पिछले सीजन के जाने-पहचाने चेहरे, आशिक की यात्रा कुकिंग की कला के प्रति उनकी मुहब्बत का प्रतीक है। पिछले सीजन में डिस्वाअप लिफाई कर दिए जाने के बावजूद, उन्होंने अपने उत्साह को कमजोर नहीं होने दिया, बल्कि इसे




अपनी क्षमता साबित करने के लिए मास्टरशेफ इंडिया में दोबारा प्रवेश के लिए शक्ति के रूप में प्रयोग किया।

अपने सफ़र के बारे सोचते हुए, मोहम्मद आशिक ने बताया कि, मेरे लिए मास्टरशेफ इंडिया महज एक प्रतियोगिता नहीं है, यह दुनिया को अपना जूनून दिखाने का एक मौक़ा है। मेरी पाक-कला का सफ़र चुनौतियों के बीच शुरू हुआ था, लेकिन फूड के प्रति मेरा प्यार मुझे आगे बढ़ाता रहा। मेरा तैयार किया गया हर जूस और डिश मेरे सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिबिम्ब है। इस सीजन में मैं नए संकल्प के साथ और पिछली असफलता पर काबू करते हुए अपनी छाप छोड़ने के लिये वापस आया हूँ। मैं यहाँ केवल जीतने के लिए नहीं, बल्कि बाधाओं को चुनौती देने का साहस करने वाले प्रत्येक सपने देखने वाले के पक्ष में खड़ा होने आया हूँ।

तो, शेफ विकास खन्ना, शेफ रणवीर ब्रार, और शेफ पूजा धिंगरा के साथ स्वाद-सुगंध, भावनाओं और पाव-कला संबंधी प्रतिभाओं से भरे इस सीजन के लिए तैयार हो जाएँ। मास्टरशेफ इंडिया का प्रसारण केवल सोनी लिव पर होगा जिसमें खाने के शौकीनों को शानदार और आनंदपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा।मास्टरशेफ इंडिया देखें केवल सोनी लिव पर!

## सैमसंग ने Galaxy Z Flip5 को भारत में एक नए येलो कलर में किया पेश



**गुरुग्राम।** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी, सैमसंग ने आज फेस्टिव सीजन में सैमसंग की पांचवीं पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए येलो कलर में एकदम नया Galaxy Z Flip5 को पेश करने की घोषणा की है। नया Galaxy Z Flip5 येलो इस फेस्टिव सीजन में सैमसंग का बेहतरीन पॉकेटेबल डिवाइस खरीदने के इच्छुक ग्राहकों को अधिक विकल्प प्रदान करेगा। Galaxy Z Flip5 भारत में चार रंगों - मिंट, ग्रेफाइट, क्रीम और लेवेंडर - में पेश किया गया था। तरोताजा नए येलो रंग के शामिल होने से, Galaxy Z Flip5 उपभोक्ताओं के पास उन रंगों के अधिक विकल्प होंगे, जो उनकी व्यक्तिगत स्टाइल के अनुरूप होंगे। त्योहारों के उत्साह को बरकरार रखते हुए, सैमसंग ने नए Galaxy Z Flip5 वेरिएंट पर सीमित अवधि के लिए आकर्षक ऑफर्स की भी घोषणा की है। Gala&y Z Flip5 8+256 GB और 8+512 GB में क्रमशः 99,999 रुपए और 109,999 रुपए की कीमत पर Samsung.com और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा।

## डीजे के धुन पर होगी नवरात्रि सेलिब्रेट

**लखनऊ।** नवरात्रि की बात हो और डांडिया नाइट्स ना हो ऐसा हो ही नहीं सकता, क्योंकि नवरात्रि डांडिया के बिना अधूरा है, तो अगर आप भी डांडिया की धुन में थिरकने का मन बना रहे हैं, तो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने जा रही है शानदार डांडिया नाइट्स। जहां पर रेवटेक, ब्रोकोड और डीजे झलक की धुन पर लखनऊ वासियों को नचाएंगे।




सांवरिया इवेंट्स की नेहा जायसवाल और स्वेता गुलाटी ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि लखनऊ में अब कल्चरल इवेंट्स का ज़ोर पकड़ रहा है और अब लखनऊ में बड़े इवेंट्स कि ज़रूरत है जिससे लखनऊ के यूथ और एज्ड लोग एन्जॉय कर सके। इसी ट्रेंड को देखते हुए हमने सांवरिया इवेंट्स की शुरुआत करी और आने वाला डांडिया इवेंट प्लान किया।5 उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 23 अक्तूबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा, जिसमें बॉलीवुड डांस ढोल नाइट, कई डांस ट्रूप्स और ढेरों आर्टिस्ट अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। इसके अलावा लोगों के खाने पीने के कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन और ड्रिंक्स आदि के स्टाल भी होंगे। नेहा ने बताया कि हमारा प्रयास है कि इस बार लखनऊवासियों को डांडिया नाइट पर एक अलग अहसास हो। इसके लिए हमने पूरे कार्यक्रम को अलग तरह से प्लान किया है। उन्होंने बताया कि डांडिया नाइट की ज्यादातर टिकटें बुक हो गई हैं। अगर फिर भी कोई लेना चाहता है, तो वह आनलाइन बुक माय शो और ऑफ लाइन 9369401480, 8808062222 मोबाइल नंबरों से ले सकता है।

## वरेनियम क्लाउड को वित्त वर्ष-24 की पहली छमाही में 96.25 करोड रूपये का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ

**लखनऊ।** मुंबई स्थित टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस कंपनी, वरेनियम क्लाउड लिमिटेड ने कुल आय और शुद्ध लाभ में मजबूत वृद्धि के साथ व्यवसाय संचालन में तेजी से वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने सितंबर 2023 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 के छह महीनों (एच1) के लिए 96.25 करोड़ रूपये का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की पहली छमाही में रु. 26.37 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ था, जो कि साल-दर-साल 265 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 23-24 की पहली छमाही के लिए परिचालन से कुल आय रु. 377.33 करोड़ बताई गई, जो कि वित्त वर्ष 22-23 की पहली छमाही में रु. 123.55 करोड़ की कुल आय की तुलना में 205.4 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही के लिए ईपीएस रु. 22.44 प्रति शेयर थी। हाल ही में, ईवीएलआई इमर्जिंग फ्रंटियर फंड ने 11 अक्टूबर और 12 अक्टूबर, 2023 को कंपनी के कुल 4.76 लाख शेयर खरीदे हैं। कंपनी में 10.45 करोड़ रूपये का निवेश किया हैं। बीते 9 अक्टूबर 2023 को हुयी बोर्ड बैठक में कंपनी ने बिजनेस ऑपरेशन का विस्तार करने के लिए यूएसए और यूएई में सहायक कंपनियां खोलने की मंजूरी दे दी है। श्री विनायक वसंत जाधव को तत्काल प्रभाव से कंपनी का मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किया गया। कंपनी ने हाल ही में कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, फंड कंपनी की विस्तार योजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अपना रु. 49.46 करोड़ का राइट्स इश्यू सफलतापूर्वक पूरा किया है। राइट्स इश्यू में, कंपनी ने रु. 5 अंकित मूल्य के 40,20,574 पूर्ण-भुगतान वाले इक्विटी शेयर रु. 123 प्रति राइट शेयर (118 रूपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर जारी करने का प्रस्ताव रखा जिसका कुल मूल्य 49.46 करोड़ रूपये है। प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1:10 है यानि की रिकॉर्ड तिथि 15 सितंबर 2023 को पात्र इक्विटी शेयरधारकों के पास प्रत्येक रु. 5 के प्रत्येक 10 इक्विटी शेयरों के लिए रु. 5 का 1 राइट इक्विटी शेयर। दिसंबर 2017 में निगमित, वरेनियम क्लाउड लिमिटेड एक प्रौद्योगिकी कंपनी है जो डिजिटल ऑडियो और वीडियो स्ट्रीमिंग सेवाओं के आसपास सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है। कंपनी ने विभिन्न डोमेन में अपने विभिन्न ग्राहकों के लिए पेशकश की विविध सेवाएं है। पिछले वर्ष में कंपनी लगातार विस्तार कर रही है और उसने एड-टेक, मेडिकल टेक, क्लाउड सर्विसेज, बीपीओ के साथ-साथ डेटा सेंटर में समाधान प्रदान करने के लिए सर्वोत्तम श्रेणी की कंपनियों के साथ विभिन्न साझेदारियां की हैं। हाल ही में, क्यूएमएस एमएएस (मेडिकल एलाइड सर्विसेज) के साथ साझेदारी में वरेनियम क्लाउड लिमिटेड ने 21 अप्रैल 2023 को ÷व्याना÷ नाम से एक क्लाउड-आधारित मेडिकल पहनने योग्य डिवाइस का अनावरण किया। महत्वपूर्ण मापदंडों की लगातार निगरानी करने और त्वरित सूचनाएं भेजने के साथ-साथ महत्वपूर्ण उतार-चढ़ाव के मामले में उपयोगकर्ता और उनके आपातकालीन संपर्कों से सीधे संपर्क करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, इसलिए इसका उपयोग उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए किया जाना चाहिए।

# मानसिक मंडित भाई की 30 कट्ठा जमीन हथियाई, गांव वालों का प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के कलवारी पट्टी गांव में एक व्यक्ति ने अपने मंदबुद्धि भाई की जमीन धोखे से अपने नाम करा लिया है। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों हुई तो वह पीड़ित के साथ मिलकर आरोपी के दरवाजे पर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया।

- बड़े भाई के इस करतूत का चहुओर बना चर्चा का विषय

कलवारी पट्टी गांव के बाशिंदों का कहना है कि बृजेश साहनी मंदबुद्धि के साथ साथ नशे का आदि है। लोगों ने जालसाजी करने वाले भाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बृजेश साहनी की पत्नी लालसा देवी ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ मायके में रह रही है। आरोप लगाया कि उसकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर उसके जेठ ने मंदबुद्धि पति को नशे की हालत में 30 कट्ठा भूमि धोखे से अपने नाम करा लिया और किसी को भनक नहीं लग पाई। एक सप्ताह पहले गांव में पहुंचे लेखपाल ने लोगों को बृजेश साहनी की ओर से अपनी भूमि बड़े भाई के नाम कर दिए जाने की जानकारी दी गई। गलत तरीके से भूमि बैनामा करने की बात ग्रामीणों के बताने पर लेखपाल ने आपत्ति करने का सुझाव दिया। उसके बाद बृजेश साहनी के बेटे शिवम और शुभम गांव वालों के साथ एसडीएम कोर्ट में पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई।

### गांव में जुटी थी पंचायत

बडे भाई द्वारा गलत तरीके से अपने मंदबुद्धि भाई का जमीन बैनामा कराने के मामले को लेकर सोमवार को गांव पंचायत जुटी थी, लेकिन आरोपी घर से कहीं चला गया। काफी देर तक इंतजार करने के बाद आरोपी के पंचायत में न आने से नाराज गांव के लोगों ने पीड़ित परिवार के साथ आरोपी के दरवाजे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण तुफानी, भोली, उपेंद्र, रामाश्रय, लल्लन साहनी, अशोक, मुन्नीलाल, सुभाष, विनोद, आनंद और रविंद्र ने कहा कि यह धोखे से जमीन लिखवाया है। यह गलत परंपरा की शुरुआत है। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में अन्य लोग भी किसी कमजोर व्यक्ति की भूमि लिखवा लेंगे। गांव के लोगों ने प्रशासन से बृजेश साहनी की भूमि का बैनामा रद्द करने और धोखे से जमीन लिखवाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# डंफर की चपेट में आने से किशोरी की दर्दनाक मौत



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की डंफर के चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया और डंफर को कब्जे में लिया। उधर मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया था।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त कोतवाली क्षेत्र के गांव जंगल बनबीरपुर टोला कटनवार निवासी 12 वर्षीय अनुराधा गांव के अन्य सहेलियों के साथ परसौनी कला गांव के निकट रेलवे फाटक और सुखपुरा गांव स्थित रेगुलेटर के बीच मुख्य पश्चिमी गंडक नहर पर मंगलवार की दोपहर बडी नहर की पटरी सटे लगी मुज छिलने के गई थी। मुज लेकर अनुराधा घर लौट रही थी कि इसी दौरान पिछे से तेज गति से आ रही डंफर की चपेट में आ गई। अनुराधा की मौके पर ही मौत हो गई।

चौकी प्रभारी सिधुआ बाजार अनुराग शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। परिजन के तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड पर आधारित शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों दवाओं की उपलब्धता स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति टीकाकरण आदि पंचायती राज विभाग समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना वितरण मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पेंशन योजना दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना प्रोबेशन विभाग की योजना ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। उन्होंने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किये जाने आदि विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशानुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत अपूर्ति ग्रामों का ऊर्जीकरण ट्रान्सफार्मरों का प्रतिस्थापन कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण ग्राम विकास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि की योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये।

इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए।

# विकास खण्ड के मुख्य गेट का हुआ लोकार्पण



**भलुअनी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड के मुख्य गेट का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह मंगलवार को सम्पन्न हुआ। उपस्थित महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर मंगल गीत गाया। ब्लाक के गाँधी सभागार में उपस्थित समूह को विधायक दीपक कुमार मिश्र शाका ने कहा कि आप के अन्दर वेहतर करने की ललक पैदा होती है तो जरूर मनुष्य कुछ अच्छा करता है। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत स्तर पर वेहतर करें। गांव में गरीबो के लिए आयुष्मान कार्ड वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आवास, शौचालय देने के साथ साथ नारियों का सम्मान करें। कहा कि समूह के माध्यम से नारी स्वरोजगार कर आत्म निर्भर बनें। अध्यक्षता कर रहे ब्लाक प्रमुख छट्ठु यादव ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार गांव में अमृत सरोवर, खेल का मैदान, आंगनबाड़ी केंद्र आदि जनता के उपयोगिता के लिए बन रहे हैं,सरकार सर्व समाज के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी शान्ति देवी, जेई बद्री कुमार, एडीओ पंचायत राजेश राय, लेखाकार विजय कुमार जायसवाल, विनोद कुमार सिंह गुड्डू, रामजी सिंह, गुड्डू प्रधान, जितेंद्र तिवारी, अंगद तिवारी, राजू मिश्र, प्रणव दूबे, ग्रिजेश सिंह, वाई के तिवारी, धनवंत सिंह, काशीपति शुक्ल,विजय उपाध्याय, विनय तिवारी, प्रभुदेव सिंह, अभिनाश कुमार, बलवंत सिंह,अविनीत शर्मा,हरिकेश तिवारी, लक्ष्मण प्रजापति, सरोज सिंह, शशिबाला सिंह,सुमन सिंह, राबिया खातून, सत्या तिवारी, सुमन यादव, उषा गुप्ता, वंदना भारती, संगीता देवी, अर्चना देवी, रीना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# त्योहारी सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थ रोकने के लिए चलेगा अभियान: डीएम

अवधनामा संवाददाता



- निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने वाले रेस्टोरेंट्स, फ़ास्ट फ़ूड सेंटर को करें प्रोत्साहित: जिलाधिकारी

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, बाँट एवं माप विभाग तथा खाद्य एवं रसद विभाग की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने त्योहारी सीजन को देखते हुए मिलावटी एवं अधोमानकन खाद्य पदार्थों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि त्योहारी सीजन में विभिन्न प्रकार के मिष्ठानों की विशेष खपत रहती है। लोगों को दुग्ध उत्पादों की शुद्धता स्वयं जांचने के लिए जागरूक किया जाए। माह सितंबर में कुल 61 प्रतिष्ठानों से जले हुए खाद्य तेल के उपयोग की रोकथाम के लिए नमूने संग्रहित कर उसकी शुद्धता मापी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि रेस्टोरेंट, फ़ास्ट फ़ूड निर्माताओं और नमकीन उत्पादकों को ष्ठह्लरू24 उपकरण रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। जो रेस्टोरेंट इस उपकरण का प्रयोग करे उसे राइट प्लेस तो ईट के रूप में प्रोत्साहित किया जाए। इस उपकरण के माध्यम से तेल की शुद्धता मापी जाती है। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल में दो बार तलने के बाद उसमे कैंसरकारक कॉर्सेजन तत्व आ जाते हैं। जानकारी के अभाव में कारोबारी एक ही तेल में कई बार तलते है और अनजाने में कैंसर जैसी बीमारी के प्रसार के वाहक बनते हैं। सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त विनय सहाय ने बताया कि जनपद में चलाए जा रहे एफएसडब्लू वाहन के माध्यम से माह मई से सितंबर तक खाद्य पदार्थों के कुल 938 नमूने संग्रहित किये गए जिसमें से 238 फेल पाए गए। सितंबर माह में खाद्य सुरक्षा से जुड़े कुल 44 वादों का निर्णय हुआ जिसमें 3.50 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। जिलाधिकारी ने मीट के रिटेल विक्रय के लिए मॉडल शॉप तथा कियोस्क निर्माण की भी समीक्षा की। बताया गया कि रेलवे स्टेशन रोड पर एक कियोस्क विकसित हो गया है तथा 12 अन्य दुकाने निर्माणाधीन हैं। बाँट व माप विभाग की समीक्षा में डीएम ने निजी दुकानों तथा साप्ताहिक हाट बाजारों में प्रवर्तन कार्यवाही तेज करने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष में 879 जांच में 48 बाँट व माप से जुड़ी सामग्री मानक के अनुरूप नहीं पायी गई है। डीएम ने अन्नपूर्णा भवन निर्माण के प्रगति की भी समीक्षा की। योजना के तहत जनपद में 1465 अन्नपूर्णा भवन का निर्माण होना है जिसमें से 607 के लिए भूमि का आवंटन हो चुका है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** मुख्यमंत्री जी के दिशा-निर्देश के क्रम में नवरात्र में मिशन शक्ति के चौथे चरण के दृष्टिगत कम्यूनिटी पुलिसिंग व महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में महिला बीट आरक्षियों द्वारा गाँव-गाँव चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है तथा शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी/ योजनाओं के बारे में बताया गया। महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष में चौपाल लगाकर बालिकाओं/ महिलाओं को उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## ऑनलाइन ठगी की जांच में कुशीनगर पहुंची सीबीआई

**कुशीनगर।** जिले में एक बार फिर सीबीआई टीम के पहुंचने से हड़कंप मच गया। सीबीआई टीम इस बार आनलाइन ठगी के मामले में पहुंची थी। ठगी करने वालों से टीम करीब आठ घंटे पूछताछ की। इस दौरान सीबीआई के शिकंजे में आए लोगों को जवाब देने में पसीने छूट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह दिल्ली से सीबीआई की टीम कुशीनगर जिले में पहुंची। यहां सीबीआई पटहेरवा थाना क्षेत्र के अहलादपुर के परवेज आलम के घर पहुंचकर उसके पिता मुस्किल अंसारी, भाई फैसल अंसारी और पत्नी रुबीना खातून से रुपये के ऑनलाइन लेनदेन के बारे में पूछताछ की। इनके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 93 के तहत सर्च वारंट जारी किया गया है। सीबीआई टीम ने सुबह सात बजे से दिन के तीन बजे तक तीनों से पूछताछ की। इसके अलावा बैंक पासबुक, पासपोर्ट, वेस्टर्न यूनियन की रसीद, पीएनबी और यूनियन बैंक के खातों से संबंधित जानकारी व आधारकार्ड आदि के बारे में जांच पड़ताल की।

# तरकुलही देवी मंदिर में मथौली अध्यक्ष ने बांधा 1.1 कुंतल का घंटा



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** गोरखपुर जनपद के सरदार नगर के पास स्थित प्रसिद्ध मंदिर तरकुलही देवी स्थान पर मंगलवार को कस्बा के सैकड़ों लोगों के साथ पहुंचे मथौली नगर पंचायत के अध्यक्ष नवरंग सिंह ने विधि विधान से पुजन अर्चन करने के बाद मंदिर परिसर में एक सौ एक (101) किलो का पीटल का घंटा बांधा।

घंटा बांधने से पहले चेयरमैन के पिता ब्यास मुनि सिंह द्वारा पुजन अर्चन किया। उसके बाद चेयरमैन नवरंग सिंह ने कस्बा के सैकड़ों लोगों के साथ मंदिर परिसर में घंटा बांधा गया। इस दौरान लोगों के जयकारे से पुरा मंदिर परिसर गुज उठा। इस मौके पर तरकुलही देवी स्थान के मंहथ दिनेश त्रिपाठी, संजय सिंह, इंद्रजीत सिंह, मनीष सिंह, राम रक्षा सिंह, प्रिंस मद्धेशिया, हेमंत सिंह, काजु कुशवाहा, विवेक चौबे, अदालत प्रसाद, रविन्द्र सैनी, रामकृपाल यादव, उमेश, मानवेन्द्र सिंह, हरे राम शर्मा, महेंद्र यादव, पारस, उमेश, आकाश चौरसिया, दुर्गेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईटी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बताए फायदे

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्विद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेस आयुर्वेद कॉलेज में मंगलवार को दीक्षा पाठ्यचर्या मे वर्चुअल माध्यम से विद्यार्थियों के साथ जुड़े डॉ प्रसन्न कुलकर्णी विभागाध्यक्ष स्वस्थवृत्त विभाग, श्री कालबीरवेश्वर स्वामी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज विजयनगर, बैंगलोर ने आई. टी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दोनों के फायदे के बारे में छात्रों को बताया।

आधुनिक तकनीक हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार आसान किया है कैसे करना है, जैसे महामारी के समय ये तकनीक हमारी मददगार साबित हुई इस बारे में आयुर्वेद के छात्रों को बताया। चिकित्सा के क्षेत्र में डिजिटल रूप में मरीजों की जानकारी रखना स्वास्थ्य सूचना आदान प्रदान में आई.टी एवं ए. आई की उपयोगिता के बारे में बताया। आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में रोगी परीक्षा, रोग परीक्षा औषधियों के चुनाव में चिकित्सा के चुनाव में सम्यक आहार, विहार के चुनाव में आईटी एवं ए.आई के उपयोग के बारे में विद्यार्थियों को बहुत ही सरल तरीके से बताया। दीक्षा पाठ्यचर्या के अगले सत्र मे बीएचयू क्रिया शरीर के आचार्य वैद्य सुशील दूबे ने विद्यार्थियों को नाड़ी एवं प्रकृति चिकित्सा का आयुर्वेद मे उपयोगिता का महत्व बताते हुए कहा कि जिस तरह आधुनिक चिकित्सा पद्धति में बीमारी का पता कुछ लैब टेस्ट और जांचों की मदद से लगाया जाता है। उसी तरह आयुर्वेद में भी बीमारी की पहचान करने के कई तरीके हैं। इनमें नाड़ी परीक्षण प्रमुख है। इसमें मरीज की नाड़ी की गति नापकर बीमारियों का पता लगाया जाता है। नाड़ी की जांच के लिए सबसे सही समय सुबह खाली पेट होता है।आमतौर पर पुरुषों के दायें हाथ की और स्त्रियों के बाएं हाथ की नाड़ी की गति देखी जाती है।बुखार होने पर रोगी की नाड़ी तेज चलती है और छूने पर हल्की गर्म महसूस होती है। उत्तेजित या तेज गुस्से में होने पर नाड़ी की गति तेज चलती है। अगर रोगी की नाड़ी हंस की गति जैसे हो और वह खुश दिखे तो यह दर्शाता है कि मरीज स्वस्थ होगा। इस तरह नाड़ी परीक्षा का महत्व बताया। पाठ्यचर्या के अंतिम सत्र मे विद्यार्थियों को संबोधित करने आयुर्वेद के वरिष्ठ चिकित्सक वैद्य आकाश चन्द त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद की प्राचीन एवं महत्वपूर्ण शोधन चिकित्सा पंचकर्म से अवगत कराया।

## दुर्गा पूजा पंडाल में हुआ नेत्र पूजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नवरात्र के साथ जिले में धूमधाम से दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज हो चुका है। पूजा समितियों की ओर से सजाए गए पंडाल में प्रतिमाओं की स्थापना और नेत्र पूजन का कार्य चल रहा है। स्थानीय विकासखंड के सैदापुर नुवावां गांव में स्थित मां अंबे पूजा समिति में



सोमवार देर शाम प्रतिमा का नेत्र पूजन किया गया। समाजसेवी कृष्ण कुमार शुक्ल मुख्य यजमान बने।विधि विधान से पंडित संदीप शुक्ल द्वारा पूजन अर्चन कराया गया। मां की विधि विधान से आरती हुई।आयोजन समिति के पदाधिकारी महेंद्र मिश्र नरसिंह नारायण कंदर्प नारायण सुरेंद्र नारायण सूर्य नारायण मिश्र कुलदीप विवेक मिश्र दीपक आकाश मोहित विनय हर्षित वैभव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## किसान मेला का आयोजन 18 अक्टूबर को

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि नेशनल मिशन ऑन एडविल (ऑयल सीड) योजनान्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय किसान मेला का आयोजन 18 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से नरेन्द्र देव इण्टर कालेज पथरदेवा में किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही होंगे। किसान मेला में कृषको को कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ स्टालों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाना है। संबंधित विभागो के अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया है कि वे 18 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से नरेन्द्र देव इण्टर कालेज पथरदेवा देवरिया में आयोजित किसान मेला में अपने-अपने विभाग का स्टाल लगवाना सुनिश्चित करें, जिससे किसानों को अधिक से अधिक जानकारी मिल सकें।

## आबकारी टीम ने की छापेमारी

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना क्षेत्र जगदीशपुर के ग्राम रूदापुर देवकली एवं थौरी में ताबड़तोड़ दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। करीब 250 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 03 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई। उक्त कार्यवाही में चन्द्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 व आबकारी स्टॉफ में मोहम्मद साबिर सिद्दीकी शमशेर कुमार सर्वेश कुमार संजय सरोज प्रधान आबकारी सिपाही आबकारी सिपाही आदि शामिल रहे।

# शिविर के माध्यम से दी जाएगी दिव्यांगों को सुविधाएं

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार एवं दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान कराए जाने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर बृहद चिन्हांकन/शिविर का आयोजन दिनांक 22 -6-23 से 7-7-23 तक किया गया था किंतु पर्याप्त संख्या में सहायक उपकरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त न होने के कारण पुनः शिविर के आयोजन की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण योजना अंतर्गत ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी आदि, इसी प्रकार शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना अंतर्गत दिव्यांग दंपतियों को प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से लाभान्वित करने, काक्लियर इंप्लांट,/ शल्य चिकित्सा योजना, दुकान निर्माण /संचालन योजना, दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजना, तथा यू0डी0आई0डी0 प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी दिव्यांग जनों को लाभान्वित कराए जाने हेतु शिविर का आयोजन विकास खण्डवार एवं तिथि वार निर्धारित किए हैं।

- दिव्यांगजनो हेतु आयोजित होने वाले शिविर की तिथियां निर्धारित
- शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित

### ब्लॉकवार निर्धारित की गई तिथि

उक्त के क्रम में विकासखंड मुख्यालय दुदही में 18 अक्टूबर, विकासखंड सेवरही में 19 अक्टूबर, तमकुही राज में 20 अक्टूबर, फाजिलनगर में 21 अक्टूबर, कसया में 25 अक्टूबर, हटा में 26 अक्टूबर, सुकरौली में 27 अक्टूबर, मोती चक में 28 अक्टूबर, कप्तानगंज में 30 अक्टूबर, रामकोला में 31 अक्टूबर, नेबुआ नौरंगिया में 1 नवंबर, खड्डा में 2 नवंबर, पडरौना में 3 नवंबर, बिशुनपुरा में 4 नवंबर को विकास खण्ड मुख्यालय पर समय 11 बजे से 4 तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**कुशीनगर।** चौराखास थाना क्षेत्र के सुमही बुजुर्ग निवासी एक बीस वर्षीय युवती पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया। उक्त गांव निवासी सफरुद्दीन की तीन बेटियां है। घर मे तीन बेटियां व अपनी दादी के साथ रहती है है सफरुद्दीन बाहर किसी निजी कंपनी में काम करता है उसकी पत्नी का मौत हो चुका है। उसकी दादी ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया है कि तीनों अक्सर आपस मे लड़ती झगड़ती रहती थी। हमको लगता था कि बच्चे है इस तरह की लड़ाई झगड़ा हो बच्चों में होता रहता है लेकिन मंगलवार मैं अपनी दो नातिनों को लेकर दोपहर बाद बकरी चराने चली गयी। कुछ देर बाद घर पहुचीं तो एक कमरे का दरवाजा अन्दर से बन्द था मैं काफी आवाज लगायी लेकिन कमरा नहीं खुलने पर आस पड़ोस के लोगों को बतायी जब लोग दरवाजा तोड़ कर अंदर गये तो उसका शव फंदे से लटकता मिला। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष चौराखास चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि मृतका का दादी ने आत्महत्या का तहरीर दिया है।

# यूएस ग्रेन काउन्सिल ने ग्लोबल एथेनॉल समिट का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** यूएस ग्रेन काउन्सिल द्वारा ग्लोबल एथेनॉल उत्पादन प्रक्रिया पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया और यह ग्लोबल संगोष्ठी एस के शुक्ल के नेतृत्व में आयोजित की गयी। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा की बिजनेस हेड व् यूपीडिए के अध्यक्ष एस के शुक्ल द्वारा इस संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बानी कानून व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, औद्योगीकरण ,निवेश और एथेनॉल के उत्पादन पर व्याख्यान दिया गया और इसके साथ ही मक्के से एथेनॉल उत्पादन के बारे में विस्तार से चर्चा हुई।

इस अंतरास्ट्रीय संगोष्ठी में 130 देशो के प्रतिनिधि शामिल हुए और सीमे से सिर्फ 30 चुनिंदा लोगो को यूएस प्रेसिडेंट के साथ डिनर का आमंत्रण मिला। एस के शुक्ल डिनर के दौरान बदले उत्तर प्रदेश के बारे में सबको बताया इस कॉन्फ्रेन्स में एस के शुक्ल के साथ यूपीडीए के उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल एवं जनरल सेक्रेटरी रजनीश अग्रवाल भी उपस्थित रहे और रजनीश अग्रवाल ने बताया की एस के शुक्ल के नेतृत्व में यूपीडिए अपने उद्देशो को पाने में सफल होगा। मनीष अग्रवाल ने कहा की कुछ वर्षो में यूपीडिए के अध्यक्ष के नेतृत्व में हम एथेनॉल उत्पादन का हैब बनेगे। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने उपरोक्त जानकरी दिया और बताया की यह हम सबके लिए गौरव की बात है।

## बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु आवेदन 15 नवंबर से

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा/ ठुमरी/गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक, जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो, को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को रू0 05.00 लाख (पांच लाख मात्र) की धनराशि एवं अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया है कि बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप पर 15 नवंबर 2023 तक किया जा सकता है। पुरस्कार सम्बन्धी नियमावली एवं निर्धारित प्रारूप आवेदन पत्र संस्कृति विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट http://upculture.up.nic.in पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर 15 नवंबर को सायं 05 बजे तक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, नवम् तल, लखनऊ-226001 के कार्यालय में जमा किये जा सकते है। जिलाधिकारी ने बेगम अख्तर पुरस्कार के लिए विचार किये जाने वाले कलाकार के लिए अर्हताओ के विवरण में बताया है कि आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी अथवा उसकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेश होना चाहिये। कलाकार की आयु 40 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये। कलाकार को अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि के भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होनी चाहिए। यह पुरस्कार कलाकार के गायन के क्षेत्र में सम्पूर्ण उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जायेगा न कि किसी एक विशिष्ट संरचना के लिए।

# नवरात्रि पर लगातार तीसरे वर्ष कचेहरी में लगा सामूहिक फलाहार कार्यक्रम



अधिवक्ता दिनेश जायसवाल के प्रयास से पूरी नवरात्रि तक चलेगा फलाहार कार्यक्रम

अवधनामस संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के कचहरी प्रांगण में नवरात्रि के पावन पर्व पर लगातार तीसरे वर्ष अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के लिए अधिवक्ता दिनेश जायसवाल द्वारा सामूहिक फलाहार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे यह कार्यक्रम नवरात्र के सभी दिनों तक लगातार चलता रहेगा।कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करके आरती के साथ की गई। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित मदन गोपाल त्रिपाठी महामंत्री राजकुमार सिंह कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट दिनेश जायसवाल पूर्व अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्रा पूर्व अध्यक्ष राम छबीले शुक्ला पूर्व महामंत्री चंद्रवीर सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख एडवोकेट पुरुषोत्तम सिंह जायसवाल बृजनंदन पाण्डेय प्रमोद तिवारी ओम प्रकाश शुक्ला पूर्व विधायक एडवोकेट राम सागर राव ब्रह्मदत्त वर्मा बृजेंद्र वर्मा दिनेश तिवारी आलोक शुक्ला बाबूराम तिवारी परम प्रकाश पाण्डेय शिव कुमार जायसवाल पंकज कुमार जयसवाल रामकरण मिश्रा विशाल सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज पैथोलॉजी के बाहर मारपीट

**सुल्तानपुर।** डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज में हैरान परेशान हैं। मंगलवार को स्ववित्त पोषित मेडिकल कॉलेज की पैथोलॉजी के बाहर तीमारदारों में मारपीट हो गई। सूचना पर घंटाघर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। भीड़ को देखते हुए पैथोलॉजी विभाग ने डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार समेत अन्य बीमारियों के रक्त नमूने लेने बंद कर दिए हैं। हेल्थ सेंटर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीज और ईमानदार हैरान और परेशान है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी चौधरी कहते हैं कि पैथोलॉजी में जांच बंद होने की उन्हें जानकारी नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से बात कर जल्द इस समस्या को दूर कराया जाएगा।

# मिशन शक्ति जागरुकता अभियान चतुर्थ चरण का हुआ आयोजन

गांव-गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक



अवधनामस संवाददाता

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में नवरात्रों पर्व में मिशन शक्ति के चौथे चरण के दृष्टिगत कम्यूनिटी पुलिसिंग व महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला बीट आरक्षियों द्वारा गांव-गांव चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है तथा शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। महिला बीट आरक्षी द्वारा गांव-गांव जाकर महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चौपाल लगाकर महिलाओं, बालिकाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीडऩ की रोकथाम हेतु समस्त थानों पर शक्ति दीदी, महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल व थाना पर नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शिवालयों, शापिंग मॉल आदि के आस-पास गश्त-चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया जा रहा है। महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष में चौपाल लगाकर बालिकाओं-महिलाओं को उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## एस डी आई ने शिक्षकों को वेतन रोका

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय रोजी सिंह का कारनामा सामने आया है।उन्होंने कार्रवाई की संस्तुति करने के बाद भी चेतावनी दिया है। परिवार सर्वेक्षण की ऑन लाइन डाटा फीडिंग का मामला बताया जा रहा है। पंद्रह शिक्षकों का वेतन रोका गया था। कार्य पूरा होने के बाद भी शिक्षकों का वेतन जारी नही किया जा रहा है। पूर्व में भी कई मामलों की सांसद और तत्कालीन डीएम से बीईओ की शिकायत की जा चुकी है।

# जिला व्यापार सम्मेलन का आयोजन 22 को

**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक स्थानीय एक होटल में संपन्न की गई। जिसमें 22 अक्टूबर दिन रविवार को राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश महामंत्री डा.दिलीप सेठ, भारतीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य देवेश रस्तोगी के जनपद आगमन पर उनकी भव्य अगवानी कारों के काफलों के साथ झांसी रोड स्थित टोल से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि व्यापार मंडल के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों का रास्ते में अनेक स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। सभी अतिथि व्यापारी नेताओं को खुली गाडियों में हाई-वे किनारे स्थित होटल लाया जावेगा। यहां पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक जिला व्यापारी सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें उनके सम्मान समारोह के साथ-साथ उनका मार्गदर्शन व्यापार समाज को प्राप्त होगा। इस बैठक में बताया गया कि आयोजित बैठक में नगर के चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं कर अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। वह व्यापारी कल्याण बोर्ड के समक्ष जीएसटी एवं विविध कानूनों के कारण आ रही समस्याओं, विसंगतियां को दूर किए जाने से संबंधित समस्याओं को रखेंगे और समस्याओं से संबंधित एक ड्राफ्ट बनाकर उन्हें सौंपेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अझुई में कमीशन के खेल पर नहीं लग पा रहा अंकुश




**सुल्तानपुर, कुड़वार।** ब्लॉक क्षेत्र के अझुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीज जब एक रुपये की पर्ची लेकर चिकित्सक के पास जाते हैं तो डाक्टर मेडिकल स्टोरों पर मिलने वाली कमीशन की दवाओं के लिए एक छोटी पर्ची लिखते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी स्वास्थ्य महकमा कार्रवाई व सख्त कदम उठाने का आश्वासन लोगों देकर अपना पल्ला झाड़ लेता है।

## दिलीप पटेल का जगह जगह किया गया स्वागत



**सुल्तानपुर।** काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष का विजेथुआ महावीर आगमन पर जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। जिले के बार्डर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. आर.ए. वर्मा, विधायक राजेश गौतम, प्रमुख डा. सर्वेश मिश्र, योगेंद्र सिँह, भाजपा नेता विक्की वर्मा, जगदम्बा उपाध्याय, धीरेंद्र सिंह सोमवंशी, कमलेश निषाद, मनोज गुप्ता ने स्वागत किया। स्वागत की कडी में बूढापुर, करौदी बाजार, पँ. लालता प्रसाद पब्लिक स्कूल हरीपुर, कनरवल व विजेथुआ में क्षेत्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत हुआ। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने हनुमानजी महाराज का दर्शन पूजन कर आरती ली। विजेथुआ में विक्की वर्मा ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को हनुमानजी की प्रतिमा व अँगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक राजबाबू उपाध्याय, रितेश दूबे, विनोद तिवारी, अमरीश मिश्र, शैलेंद्र सिंह, गुड्डू उपाध्याय, सुनील सिंह, अमित वर्मा, सँजय मिश्र, रत्नेश तिवारी, राजेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अजय बरया पत्रकार ने की सरदारपुरा वार्ड में ऐतिहासिक जीत दर्ज



**ललितपुर।** श्री दिगंबर जैन समाज पंचायत समिति के विगत दिवस अध्यक्ष, महामंत्री एवं संयोजक तथा प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के चुनाव संपन्न हुई जिसमें सभी वार्डो से 159 प्रतिनिधि सभा के सदस्य चुने गए। वहीं सरदारपुरा वार्ड नंबर 18 से अजय बरया पत्रकार ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। बता दें कि अजय बरया पूर्व में जैन पंचायत समिति के सह शिक्षा मंत्री एवं प्रेस क्लब के महामंत्री भी रह चुके हैं। वर्तमान में रेड क्रॉस के जिला प्रभारी होने के साथ-साथ प्रोजेक्ट नई किरण के माध्यम से सैकड़ो बिखरे हुए परिवारों को जोडऩे में अपना विशेष योगदान दे रहे हैं।

## प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने पर सराहा



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के दिशा निर्देश अनुसार जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में 14 एवं 15 अक्टूबर 2023 को आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि यश पाराशर टेक्निकल मेंबर उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, श्रीभारत सेवा मंडल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। श्रीभारत सेवा मंडल व्यायामशाला ने महिला वर्ग में 14 से 18 आयु वर्ग में प्रथम स्थान कशिश कुशवाहा एवं 18 से 21 आयु वर्ग में अनामिका ने प्रथम स्थान तथा 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान आदर्श लोधी ने एवं 9 से 14 वर्ष में द्वितीय स्थान विश्वादित्य प्रताप एवं तृतीय स्थान हार्दिक जोशी ने प्राप्त किया। श्रीभारत सेवा मंडल व्यायामशाला द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसमें आयोजकों द्वारा छात्र वा छात्राओ के अच्छे प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा कर उनको शुभकामनाएं दी। टीम का मार्गदर्शन मल्लखम प्रशिक्षक शैलेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

## श्रीमद भागवत कथा जनकल्याण के आध्यामिक विकास के लिए होती है - कृष्णागिरी महाराज

**ललितपुर।** श्रीसर्वेश्वर धाम मंदिर बांध कॉलोनी तालाबपुरा में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। सुबह पीठ पूजन श्रीगणेश पूजन के साथ वैदिक आचार्याओं के द्वारा वरुण पूजन व्यास पूजन कराया गया। बहुत सारे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे हुए भक्तगण के साथ श्रीसर्वेश्वर धाम मंदिर से कलश यात्रा का आरंभ हुआ, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए तुवन सरकार, उसके पश्चात सुमेरा तालाब पर ऐतिहासिक श्री नरसिंह मंदिर प्रांगण में जल यात्रा के घटों में जल भरा गया। वहां पर संतों के सामने आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रों का वाचन किया गया। कलश यात्रा में भारी पुलिस बल के साथ शहर के गण मान्य नागरिक चल रहे थे। घुड़बग्गी पर कथा प्रवक्ता पूज्य जगतगुरु श्रीश्री 1008 श्रीकृष्णगिरी महाराज के साथ देव प्रतिमा चल रही थीं। बैंड बाजों, डीजे की आवाजों पर थिरक रहे भक्तगण जल यात्रा की शोभा को बढ़ा रहे थे। जल यात्रा के बाद पूज्य जगतगुरु श्रीकृष्णगिरी महाराज ने कथा का प्रारंभ किया। उन्होंने कहा श्रीमद भागवत कथा मोक्षदायक कथा है।

# जनपद के मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों की सूची प्रकाशित

अवधनामस संवाददाता

**बहराइच।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-25 के उपबन्धों के अधीन जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने भारत निर्वाचन आयोग के अनुमोदन के उपरान्त जनपद बहराइच अन्तर्गत संसदीय/विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों की सूची प्रकाशित कर दी गयी है। जनपद बहराइच अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.), 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी, 286-बहराइच, 287-पयागपुर एवं 288-कैसरगंज के लिए कुल कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1384 तथा मतदेय स्थलों की संख्या 2698 है।

जिलाधिकारी द्वारा प्रकाशित मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों की सूची के अनुसार वि.नि.क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.) में 161 मतदान केन्द्र व 371 मतदेय स्थल, 283-नानपारा में 164 मतदान केन्द्र व 363 मतदेय स्थल, 284-मटेरा में 199 मतदान केन्द्र व 375 मतदेय स्थल, 285-महसी में 179 मतदान केन्द्र व 365 मतदेय स्थल, 286-बहराइच में 177 मतदान केन्द्र व 411 मतदेय स्थल, 287-पयागपुर में 254 मतदान केन्द्र व 419 मतदेय स्थल एवं 288-कैसरगंज में 250 मतदान केन्द्र व 394 मतदेय स्थल होंगे।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2023 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22467-SLR-F2-BSB-GNC-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22417-SLR-F1-BSB-NDLS-22-6 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14511-SLR-R1-PYGS-SRE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22688-SLR-F2-BSB-MYS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.10.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2023 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3211/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



G20

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 07.11.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नही किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 13102023 दिनांक 16.10.2023 |
| निविदा संख्या | 1. 31/Sr.DEN-V/LKO/2023-24  2. 32/Sr.DEN-V/LKO/2023-24  3. 33/Sr.DEN-V/LKO/2023-24  4. 34/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 |
| कार्य का नाम | 1.सहायक मण्डल इंजीनियर / द्वितीय / लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता / कार्य / लाइन के खण्ड में पुलों की मरम्मत।<br>2. वरि मण्डल इंजीनियर/पाँच/ लखनऊ के अधीन नमूना संग्रह सहित नीव की मिटटी की खोज करना, सभी प्रासंगिक रिपोर्टों का परीक्षण प्रस्तुत करना और दोनो तरफ ट्रैक/सड़क के साथ क्षेत्र विवरण एकत्र करने सहित सर्वेक्षण का संचालन करना, जीएडी (सॉफट कापी के साथ फिल्म पर मूल मैल पैमाने पर प्रस्तुत करना) समपार के बदले विभिन्न आरओबी /आरयूबी साईटों पर विस्तृत परियोजना तैयार करना।<br>3. वरि. मण्डल इंजीनियर/पाँच/ लखनऊ के अधीन लखनऊ– कानपुर सेक्शन में मगरवारा– कानपुर के बीच एल. डब्ल्यू. आर. अनुमति ब्रिज नं. 108 अप और 109 अप के लिये रेल संरचना इंटरेक्शन विश्लेषण।<br>4. वरि. मण्डल इंजीनियर/पाँच/ लखनऊ के अधीन पुल संख्या 110 (उन्नाव–कानपुर) के नदी तल की 3डी स्कैनिंग। |
| अनुमानित लागत | 1. Rs. 24,99,700.77  2. Rs. 55,94,858.82  3. Rs. 43,57,740.00  4. Rs. 25,21,740.00 |
| धरोहर राशि | 1. Rs. 50,000.00  2. Rs. 1,11,900.00  3. Rs. 87,200.00  4. Rs. 50,400.00 |
| कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 1 एवं 4 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह<br>क्र.सं. 2 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो माह<br>क्र.सं. 3 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह |

निविदा डालने का प्रारंभ : 24.10.2023, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 07.11.2023 15.00 बजे, बेवसाईट : www.ireps.gov.in

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3219/23



# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मौदहा (हमीरपुर)

पत्रांक : 1193/ न0पा0परि0मौदहा/नामान्तरण प्रकाशन/2023-24 दिनांक : 17.10.2023

## धारा 147/(02) के अन्तर्गत

## नामान्तरण प्रकाशन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा -हमीरपुर में गृहकर अभिलेखों में नाम अंकित करने हेतु निम्न आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है।

उक्त सूचना में उल्लिखित आवेदकों में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 30 दिन (एक माह) के अन्दर मूल अभिलेखो सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति अवधि व्यतीत होने के पश्चात् आवेदक का नाम गृहकर अभिलेखों में अंकित करने की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी आपत्ति समय व्यतीत होने के उपरान्त किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र.सं. | मुहल्ला | वार्ड नं. | भवन नं. | वर्तमान में भवन स्वामी का नाम | आवेदक का नाम जिसका गृहकर अभिलेखों में दर्ज होना है। | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फत्तेपुर पूर्वी<br>''<br>'' | 12<br>''<br>'' | -<br>-<br>- | नया<br>''<br>'' | श्री घनश्याम पुत्र छोटेलाल<br>श्री राधेश्याम पुत्र छोटेलाल<br>श्री रामसहोदर पुत्र छोटेलाल | रजि0 बैनामा/ वरासत/ आपसी सहमति |
| 2 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती इन्द्रमुखी पत्नी ओमप्रकाश | रजि0 बैनामा |
| 3 | फत्तुपर पूर्वी | 12 | - | नया | श्रीमती रामप्यारी पत्नी स्व. छंगा | पैतृक |
| 4 | फत्तेपुर पश्चिमी | 03 | - | नया | श्रीमती सम्पत पत्नी गोविन्द गिरि | पैतृक |
| 5 | फत्तेपुर पश्चिमी | 03 | - | नया | श्री जगदीश पुत्र रामस्वरूप | पैतृक |
| 6 | फत्तेपुर पश्चिमी | 03 | - | नया | श्रीमती शान्ती बाई पत्नी नन्द किशोर | पैतृक |
| 7 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती राबिया पत्नी निजाम उद्दीन | पैतृक |
| 8 | फत्तेपुर पूर्वी | 12 | - | नया | श्री संदीप कुमार, सुनील कुमार, कुलदीप कुमार पुत्रगण बाला प्रसाद | पैतृक |
| 9 | तहसील कक्ष | 20 | - | नया | श्रीमती रोशनी पत्नी शिवशरण | रजि0 बैनामा |
| 10 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री सत्तीदीन पुत्र बरदानी लाल | रजि0 बैनामा |
| 11 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री रूखसाना पत्नी अली मुहम्मद | पैतृक |
| 12 | मराठीपुरा | 08 | 42 | श्री कल्लू पुत्र मुन्नालाल | श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी दुर्गा प्रसाद | रजि0 बैनामा |
| 13 | रागौल पूर्वी | 11 | - | नया | श्रीमती सुनीता साहू पत्नी रामशंकर साहू, ममता साहू, पत्नी रामचरन साहू | पैतृक |
| 14 | सिचौली | 19 | - | नया | श्री कुतुब अली पुत्र मेड़े अली | रजि0 बैनामा |
| 15 | फत्तेपुर पश्चिमी | 03 | - | नया | श्री इमाम बक्स पुत्र मुहम्मद उसमान | पैतृक |
| 16 | कायमकुआं | 10 | 233 | श्री मुहम्मद याकूब, मुहम्मद अखलाक मुहम्मद जावेद पुत्रगण मुहम्मद इसहाक | श्री मुहम्मद याकूब पुत्र मुहम्मद इसहाक | रजि0 बैनामा |
| 17 | रागौल पश्चिमी | 16 | - | नया | श्रीमती नेक बानो पत्नी स्व0 नूर मुहम्मद | पैतृक |
| 18 | रागौल पश्चिमी | 16 | - | नया | श्री जुल्फकार पुत्र स्व0 नूर मुहम्मद | पैतृक |
| 19 | रागौल पश्चिमी | 16 | - | नया | श्री नफीस अहमद पुत्र स्व0 नूर मुहम्मद | पैतृक |
| 20 | ब्लाक | 14 | 64 | श्रीमती कल्पना वाजपेयी पत्नी कमलेश कुमार वाजपेयी | श्री शफात मुहम्मद पुत्र हबीब मुहम्मद | रजि0 बैनामा |
| 21 | दीवान सईद बाबा | 02 | - | नया | श्री नकी मुहम्मद पुत्र नूर मुहम्मद | रजि0 बैनामा |
| 22 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती साधना गुप्ता पत्नी कमलेश गुप्ता | रजि0 बैनामा |
| 23 | हैदरिया<br>'' | 17<br>'' | 40/1<br>48/2 | श्री हबीब खॉ पुत्र मंजूर खॉ<br>श्री हबीब खॉ पुत्र मंजूर खॉ | श्री हामिद उल्ला खॉ पुत्र स्व0 हबीब अहमद खॉ<br>श्री हामिद उल्ला खॉ पुत्र स्व0 हबीब अहमद खॉ | वरासत / आपसी सहमति भवन नं0 40 का 1/2 भाग व भवन नं0 48 का 1/4 भाग |
| 24 | हैदरिया<br>'' | 17<br>'' | 40<br>48/3 | श्री हबीब खॉ पुत्र मंजूर खॉ<br>श्री हबीब खॉ पुत्र मंजूर खॉ | श्री साबिर खॉ पुत्र हबीब अहमद खॉ उर्फ हबीब खॉ<br>श्री साबिर खॉ पुत्र हबीब अहमद खॉ उर्फ हबीब खॉ | वरासत / आपसी सहमति भवन नं0 40 का सम्पूर्ण भाग व भवन सं0 48 का 1/4 अंश भाग |
| 25 | सिचौली | 19 | - | नया | श्रीमती गुड़िया पत्नी महेश कुमार | रजि0 बैनामा |
| 26 | बाजार | 25 | - | नया | श्री मो0 शहजादे, मो0 अनवार पुत्रगण मो0 गाजी | रजि0 बैनामा |
| 27 | मीरातालाब | 04 | - | नया | श्रीमती गोमती पत्नी रामबिहारी | रजि0 बैनामा |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मौदहा-हमीरपुर**

# अटल भूजल योजना के संबंध में जिलाधिकारी ने की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** अटल भूजल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी श्री राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। अटल भूजल योजना के संबंध में भूगर्भ जल विभाग उत्तर प्रदेश के विशेषज्ञों द्वारा जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़कर योजना के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

अटल भूजल योजना के अंतर्गत जनपद में सुमेरपुर मौदहा मुस्करा व सरीला विकासखंड की 57 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है। इन चयनित ग्राम पंचायतों में योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कर जल संरक्षण को बढ़ावा देकर भूजल स्तर को बढ़ावा दिया जाना है। इसके अंतर्गत सभी संबंधित विभागों का सहयोग भी प्राप्त किया जाएगा।

अटल भूजल योजना के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के अंतर्गत चयनित सभी 57 ग्राम पंचायतों में सिंचाई कार्य हेतु शत प्रतिशत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर का प्रयोग किए जाने हेतु कृषि विभाग द्वारा कार्य योजना बनाई जाए। इस पद्धति के प्रयोग से भूगर्भ जल का दोहन घटेगा। उन्होंने कहा कि खेतों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने की कार्य योजना भी तैयार की जाए। इस योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ा जाए। चयनित ग्राम पंचायतो में तालाबों, शोकपिट आदि के निर्माण की कार्ययोजना बना लिया जाए। उद्यान विभाग द्वारा पंजीकृत सभी किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से आच्छादित करने हेतु कार्य योजना बनाई जाए। इसके अलावा वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा खेतों के समतलीकरण व वाटरशेड प्लान बना लिए जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि भूगर्भ जल संरक्षण तथा संवर्धन हेतु अटल भूजल योजना एक महत्वपूर्ण योजना है इसके अंतर्गत शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार प्लान/ कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के प्रकरणों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर योजना के संबंध में प्रगति सुधारी जाए तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, पीडी साधना दीक्षित ,डीपीआरओ , उपनिदेशक कृषि हरिशंकर भार्गव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण हेतु एसपी नें महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा-हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना मौदहा पुलिस बल के साथ नवदुर्गा पर्व के दृष्टिगत मौदहा क्षेत्र में दुर्गा पंडाल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया तथा सरस्वती महाविद्यालय रगौल में दीप प्रज्वलित कर मिशन शक्ति अभियान-4 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के क्रम में महिलाओं से वार्ता कर महिलाओं/बालिकाओं के अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया एवं जागरूकता संबंधित पंपलेट वितरित किये गए। इसी क्रम में डायल 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112/ 1090/ 102/ 108/ 1098 आदि से अवगत कराया गया। साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के सबन्ध में भी जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं/ बालिकाओं से सम्बंधित योजनाओं के पैम्फलेट वितरित किये गए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा, पुलिस उपाधीक्षक प्रतिमा सिंह, प्राचार्य सरस्वती महाविद्यालय रगौल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

# डीएपी आते ही लेने को लगी लंबी कतारें



**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** पीसीएफ के किसान सेवा केंद्र एवं क्रय विक्रय समिति में डीएपी खाद आते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोनों केंद्रों में किसानों को दो दो बोरी खाद मुहैया कराई गई। कस्बे के पीसीएफ के दोनों केंद्रो में पिछले एक पखवाड़े से डीएपी खाद नहीं थी। सोमवार को देर शाम खाद मुहैया होने के उपरांत सुबह से वितरण शुरू किया गया। सुबह से ही दोनों केंद्रो में खाद लेने के लिए किसानों की लंबी कतारे लग गई। पीसीएफ किसान सेवा केंद्र प्रभारी शिव सिंह, क्रय विक्रय सहकारी समिति के प्रभारी शुभम त्रिपाठी ने बताया कि प्रशासन के आदेशानुसार प्रत्येक किसान को दो-दो बोरी डीएपी खाद आधार कार्ड एवं खतौनी लेकर वितरित की गई है। खाद पाकर किसानों ने राहत की सांस ली है। इसके अलावा ब्लाक की सहकारी समितियों में भी खाद वितरण कराया गया।

# वोटर चेतना महाअभियान कार्यशाला की बैठक हुई संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर वोटर चेतना महाअभियान की कार्यशाला सम्पन्न हुई कार्यशाला मे बतौर मुख्यअतिथि क्षेत्रीय महामंत्री/जिला प्रभारी अशोक चौरसिया मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी, सदर विधायक भूपेश चौबे जी ने दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि क्षेत्रीय महामंत्री /जिला प्रभारी अशोक चौरसिया जी ने कहा कि युवाओं के मत के महत्व से अवगत करवाने तथा नये मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से वोटर चेतना महाअभियान की कार्यशाला आयोजित की गयी है। भाजपा के वोटर पुनरीक्षण अभियान से नये मतदाताओं मे जागरुकता आयेगी व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान के महत्व का पता चलेगा आगे कहा कि 27 अक्टूबर से मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी वोटर चेतना महाअभियान शुरु करेगी 29 अक्टूबर को सभी बूथो को मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता मतदाता पुनरीक्षण अभियान मे जुटेंगे। 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक और 25 नवम्बर से 3 दिसंबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष अभियान चलेगा। इस दौरान यह वोटर चेतना अभियान हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान है अगर इस अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया तो आगामी 2024 का लोकसभा चुनाव मे एक बार पुनः जनपद में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कार्यकर्ताओं को वोटर चेतना अभियान को सफल बनाने के लिए आवाह्न करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता युवाओं से संपर्क करने के लिए घर घर जायें और यह सुनिश्चित करें की पात्र मतदाताओं का नाम न छूटे और उनका नाम मतदाता सूची में बढ़वाने का काम करें। आगे कहा कि वोटर चेतना अभियान का उद्देश्य नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची मे दर्ज कराना और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराना है। अंत में चोपन मण्डल के जुगैल बूथ अध्यक्ष प्रेममोहन खरवार की निर्मम हत्या होने पर दो मिनट का मौन रख उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा इस संकट की घड़ी में इस असहनीय पीड़ा को उनके परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

# फैक्ट्री कर्मी को ट्रक ने रौंदा, पांच किमी शव को घसीटा

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सोमवार की रात एक फैक्ट्री में ड्यूटी करने जा रहे एक बाइक सवार को अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया। जिससे वह बाइक समेत ट्रक में फंस गया। उसकी बाइक पुलिस चौकी के पास गिर गई। जबकि उसका शव करीब पांच किलोमीटर दूर इगोहटा बस स्टॉप के पास ट्रक से गिरा। इससे उसका शव क्षतविक्षत हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार की रात्रि शिफ्ट में कस्बे के ऊंछा थोक निवासी शशिकांत यादव 28वर्ष पुत्र राजकिशोर यादव उर्फ बाबाजी बाइक से हेलमेट लगाकर एक फैक्टरी में ड्यूटी करने जा रहा था। तभी रात करीब 11=00 बजे हाइवे पर शिवरतन पैलेस के सामने पीछे से आ रहा ट्रक उसे रौंदता हुआ निकला। जिससे वह बाइक समेत ट्रक में ही फंस गया। करीब आधा किलोमीटर दूर फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी के पास उसकी बाइक ट्रक से निकल कर बाहर गिरी। वहीं ट्रक उसे करीब पांच किलोमीटर तक घसीटता हुआ ले गया और इगोहटा बस स्टॉप के पास उसका शव ट्रक से अलग हो सका। जिससे उसका शव बुरी तरह से क्षतविक्षत हो गया। घटना की सूचना मिलने पर फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा व थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# राम व सीता जन्म पर हर्षित हुए लीला प्रेमी

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रामलीला परिषद द्वारा हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर दूसरे दिन की रामलीला का शुभारंभ राजा दशरथ द्वारा किये गये पुत्रेष्ठि यज्ञ के सजीव मंचन के साथ हुआ। पुत्रेष्ठि यज्ञ से राजा दशरथ की तीनों रानियों कौशल्या, कैकेई और सुमित्रा को पुत्र रत्नों की प्राप्ति होती है। रामलला के जन्म की खबर पर पूरे अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ जाती है और रामलला के दर्शन पाकर मैदान पर उपस्थित हजारों दशकों में भी उल्लास छा जाता है और पूरा मैदान श्री राम के जयकारे से गूंज उठता है और इसके बाद की लीलाओं में गुरू वशिष्ठ नामकरण करते हुए चारों भाइयों को क्रमशः राम, लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न का नाम प्रदान करते हैं। आगे चारों भाई गुरू वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा प्राप्त करते हुए अपने बाल सुलभ लीलाओं से दर्शकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके उपरान्त श्री राम एवं लक्ष्मण द्वारा मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा राक्षसों से करने का दृश्य भी बहुत ही सजीवता से मंचित किया जाता है। उधर जनकपुर में पड़े भीषण अकाल से प्रजा की रक्षा हेतु राजा जनक स्वयं हल चलाते हैं और सीता उत्पत्ति का बेहद मनोहारी दृश्य देखकर लीला प्रेमी मंत्र-मुग्ध हो जाते हैं। आगे की लीलाओं में श्री राम द्वारा अहिल्या का उद्धार एवं राम-लक्ष्मण के जनकपुर भ्रमण आदि का दृश्य भी बहुत ही सजीवता से मंचित होता है। दूसरे दिन की लीला से पूर्व मुख्य अतिथि मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह उनकी धर्मपत्नी सीमा सिंह, रामलीला परिषद के अध्यक्ष पी के उपाध्याय एवं निर्देशक सुनील परवाल आदि के साथ विधि-विधान से गणेश पूजन करके लीला का शुभारंभ किया। श्री उपाध्याय ने बताया कि तीसरे दिन सीताजी द्वारा गौरी पूजन, धनुष यज्ञ,लक्ष्मण-परशुराम संवाद, राम-सीता विवाह आदि लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

## ओला पत्थर बरसात लाखों की फसल हुई बर्बाद

**सोनभद्र।** ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने बताया कि बीते सोमवार को देर शाम आंधी पानी के साथ हुई बर्फबारी ओला के चलते कई बिगन की फसल हुई बर्बाद जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा जांच कर कर संबंधित किसानों को मुआवजा दिलाए जाने को जिलाधिकारी से की गुहार। बता दें कि सोमवार शाम तेज आंधी पानी के साथ हुई ओलावृत्ति बरसात में सदर तहसील क्षेत्र के बघुआरी गांव के विजय शंकर दुबे, जनार्दन दुबे, विंध्याचल मिश्रा जैसे तमाम किसानों की फसल पानी औरओले से बर्बाद हुई है वही सुरेश शुक्ला, नरहर नाथ शुक्ला, रमेश चंद शुक्ला, सुभाष चंद्र शुक्ला लगभग 20 बीघा धान की फसल बर्बाद हुई है कुछ फूलों में थी सब बर्बाद हो गई है ग्राम अमौली में सहित आसपास के कई गांव में हुए ओला ब्रिटी से प्रभावित सभी किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस तरफ आकर्षित करते हुए मामले की तत्काल जांच कर कर मुआवजा दिलाए जाने की गुहार लगाई।

# रामलीला में फुलवारी का मंचन देख दर्शक हुए भाव विभोर

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/चोपन।** नगर के रेलवे रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में सोमवार को जनकपुरी में फुलवारी का मंचन किया गया। मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। जनक नंदिनी सीता व अष्टसखी संवाद को सुनने के लिए दर्शकों की भीड़ रामलीला मैदान में डटी रही। जैसे ही प्रभु श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण एवं गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी स्थित बाजार व फुलवारी घूमने मंच पर आए दर्शकों के जय श्रीराम के जयघोष से पूरा लीलास्थल गूंज उठा। फुलवारी में जनकनंदनी सीता ने श्रीराम को देखा तो उन्होंने अपनी सखियों से इस नवयुवक के बारे में पूछा। इस पर रामायण की चौपाई के साथ अष्टसखी संवाद का बेहतरीन मंचन किया गया। मंच पर विराजमान रामायणी के सधे स्वर का भरपूर आनंद दर्शकों ने लिया। कलाकारों के बेहतरीन संवाद, संगीत और अभिनय से लीला मंचन में चार चांद लग गया। स्वागत संचालन संजय चेतन ने किया। इस मौके पर राजन जायसवाल, अशोक सिंघल, पृथ्वी सिंह, विकास चौबे, जितेंद्र जायसवाल, श्याम नारायण दुबे, राजेंद्र जैन, रिंकू अग्रहरी, राजू चौरसिया, तीर्थराज शुक्ला, घनश्याम चौधरी, अरविंद श्रीवास्तव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक सवार युवक को ट्रक ने मारी टक्कर

**भरुआ सुमेरपुर।** बांदा मार्ग में टेढा गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना मे युवक को गंभीर चोटें लगीं और बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकडकर पुलिस के सुपुर्द किया है। बांदा जनपद के पचनेही गांव का निवासी अखिलेश 30 वर्ष बाइक से किसी कार्य से कुरारा जा रहा था। टेढा गांव के समीप इसकी बाइक मे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी और भागने लगा। इस घटना मे युवक बाइक सहित सडक पर गिरकर घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्रक चालक को ग्रामीणों ने पकडकर पुलिस के सुपुर्द किया है। युवक की हालत खतरे से बाहर है

### एनटीपीसी विंध्याचल में दुर्गा पुजा के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता का किया आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में दुर्गा पुजा 15 अक्टूबर 2023 से 24 अक्टूबर 2023 तक बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- फ़ैन्सी ड्रेस, नृत्य, शंखनाद, चित्रकला प्रतियोगिता, डांडिया प्रतियोगिता, गीत-गायन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्री आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनटीपीसी विंध्याचल पुजा समिति द्वारा दुर्गा पुजा के अवसर पर बाल वर्ग कक्षा 05 तक एवं कक्षा 06 से कक्षा 08 तक के बच्चों हेतु भक्ति गीत पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें भारी संख्या में उत्साह एवं उमंग के साथ बच्चों ने भाग लिया तथा अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर प्रतिभागीगण, निर्णायकगण, श्रद्धालुओं के साथ-साथ काफी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवार जन उपस्थित रहें तथा कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में पुजा समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

### नवरात्रि के तीसरे दिन भक्तों ने किये मातारानी के दर्शन

**अतर्रा/बांदा।** शरदीय नवरात्र के तीसरे दिन कस्बे में जहां जगह-जगह माता की भक्तों ने देर शाम देवी प्रतिमाओं को स्थापित कर माता की आरती उतारी वही सुबह से ही कस्बे के प्रसिद्ध देवी स्थलों में माता के भक्तों की पूजा दर्शन के लिए कतार लगी रही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना पुलिस मंदिरों में मुस्तैद रही। शरदीय नवरात्र के तीसरी दिन कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र में माता के भक्तों की सुबह से ही पूजा दर्शन के लिए भीड़ देखने को मिली सभी देवी मंदिर भक्तों से गुलजार दिखे कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम चूड़ी गली स्थित छोटी भवानी सुलक थोक व लाल तोक स्थित बड़ी भवानी सहित बदौसा रोड स्थित शारदा देवी भवानीगंज स्थित काली देवी में सुबह से ही माता के भक्तों ने नारियल पान बताशा फूल चढ़कर वैदिक रीति रिवाज से पूजा पाठ कर माता के दरबार में माथा टेक कर मन्नतें मांगी।

# रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड लगाने वाले दें सूचना

- जिला अधिकारी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** आपकी रक्षा - सड़क सुरक्षा अभियान पर चर्चा की गई। जिसमे मंगलवार को जिलाधिकारी द्वारा ष्आपकी रक्षा-सड़क सुरक्षाष् के सम्बन्ध में सर्वप्रथम अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0 को रोड मैप में दायित्व के बारे में जानकारी ली गई, जिसमें अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि लो0नि0वि0 द्वारा राज्य मार्गो के आबादी भाग, स्कूल, पुलिया इत्यादि स्थानों पर रिपिटेड बार एवं जेब्रा लाइन बनाये जा रहे हैं तथा रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड इत्यादि भी लगाये जा रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त सभी स्थानों पर किये गये कार्यों की सूची बना ली जाये तथा राज्य मार्ग एवं प्रमुख जिला मार्ग पर मुख्य स्थानों (चौराहा इत्यादि) पर चारों ओर जेब्रा लाइन लगाए जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। शहर के मुख्य मार्गो पर जगह-जगह रिफ्लेक्टिव बोर्ड लगाये जाने के सम्बन्ध में यात्री कर अधिकारी, बांदा द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा अलग-अलग स्थानों पर लगभग 6-7 बोर्ड लगाये गये हैं, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि लगाये जाने वाले बोर्ड के प्रारूप पर एकरूपता होना आवश्यक है। सभी रिफ्लेक्टिव बोर्ड एक साइज के होने चाहिए तथा जो भी बोर्ड लगाये जाये उनके फोटोग्राफ अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिए । शहर के मुख्य मार्गो / चौराहों पर जेब्रा लाइन लगाये जाने के सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा कुछ स्थानों पर जेब्रा लाइन लगाई गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहर के सभी मुख्य मार्गो पर जेब्रा लाइन लगाई जाये तथा जेब्रा लाइन के पूर्व स्टॉप साइन का कॉसन बोर्ड लगाये जाने के निर्देश नगर पालिका परिषद् / लो0नि0वि0 के अधिकारियों को दिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सडक सुरक्षा हेतु आम जनमानस को जागरूक करने के लिए आवश्यतानुसार 10-20 व्यक्तियों की टीम बनाकर स्थान-स्थान, गांव-गांव में अभियान के रूप में जागरूकता फैलाई जाये, जिसमें महिला पुलिस को भी सम्मिलित किया जाये जिसे गांव में भेजकर पढी-लिखी महिलाओं को जागरूक करते हुए टीम में जोडा जाये, जिससे जागरूकता फैलाई जा सके। बैठक में यात्री कर अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अवैध वाहनों के चालान की कार्यवाही निरन्तर चलती रहती है, जिस पर जिलाधिकारी निर्देश दिए कि परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा मिलकर अभियान चलाया जाये, जिसमें आम जनमानस को सूचित करने हेतु वृहद रूप से खबर फैलाई जाये कि उनके द्वारा अवैध वाहनों / बिना सीट बेल्ट एवं बिना हेलमेट के वाहनों का चालान किया जा रहा है, जिससे आम जनमानस जागरूक हो सके और एक्सीटेंड की समस्या से बचा जा सके।

# मेरी माटी मेरा देश निकली कलश यात्राः अजित

- सदर ब्लाक ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में परिसर से कर्मचारी निकाली यात्रा
- डीजे के साथ तिरंगा लहराने राष्ट्रगान गाते हुए ब्लॉक से निकली कलेक्ट्रेट के लिए

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** आजादी के अमृत महोत्सव अभियान को लेकर मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा मंगलवार को सदर ब्लाक परिसर से सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में बीडीओ प्रभारी जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान के साथ कर्मचारियों ने डीजे के साथ राष्ट्रगान गाते हुए तिरंगा फहराते हुए कलश लेकर निकाला शोभायात्रा। सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ के नेतृत्व में देश में चलाई जा रही आजादी के अमृत महोत्सव पावन पर्व के अभियान के तहत मंगलवार को सदर ब्लाक परिसर से मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा बेहद ही धूमधाम से निकल गया जिसमें ब्लॉक के बीडीसी प्रधान कर्मचारी मौजूद रहे वह श्री रावत ने बताया कि आजादी के इस पावन पर्व को लेकर हर घर के आंगन से एकत्रित की गई आंगन की मिट्टी व अक्षत को लेकर डीजे के साथ राष्ट्रगान गाते हुए देश का शान तिरंगा फहराते हुए कलश शोभा यात्रा निकालकर कलेक्ट पहुंचाया गया जहां से देश के शहीदों के सम्मान में एकत्रित मिट्टी भेजी जाएगी इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, आलोक चौबे ,दयाशंकर पांडेय, अमन वर्मा ,आलोक रावत, एडीओ पंचायत अजय सिंह, ग्राम विकास अधिकारी दिनेश गिरी ,मनोज दुबे शाहिद अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिला को चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर महिला घायल

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे के कमासिन रोड ओरन तिराहे के पास पैदल जा रही, महिला को चार पहिया वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव की रहने वाली महिला शिवदेवी पत्नी शिवपूजन उम्र करीब 60 वर्ष यह मंगलवार की दोपहर बबेरू सामान खरीदने के लिए आई हुई थी, तभी ओरन तिराहे के पास पैदल दुकान जा रही थी, तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे महिला शिवदेवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था पर राहगीरों ने देखा तो परिजनों को सूचना दिया। और बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उपचार करने के बाद पैर में गंभीर चोट लगने की वजह से जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है।

# मिशन शक्ति अभियान फेज 4 के निर्धारण के संबंध में हुई बैठक

**26 अक्टूबर 2023 को होगा मिशन शक्ति फेज -4 का भव्य समापन**

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** शारदीय नवरात्र के पर्व पर आयोजित मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 4 के समापन कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की मौजूदगी में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 26 अक्टूबर 2023 को राजकीय महिला महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित होने वाले मिशन शक्ति अभियान के समापन कार्यक्रम को भव्यता से आयोजित किया जाए। इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा पहले से ही तैयारी कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि समापन कार्यक्रम के दौरान सभी संबंधित विभागों द्वारा अपने विभागों का स्टाल लगाकर अपनी विभागीय योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा तथा उसके माध्यम से विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रचार किया जाए। सभी संबंधित विभागों द्वारा इस कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के आवेदन लेने तथा तत्काल योजना से आच्छादित करने अथवा लाभ देने की व्यवस्था भी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत समापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित किया जाए तथा इनके माध्यम से महिलाओं के हित में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार किया जाए। मेले में वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र जैसे कार्यों से तत्काल लाभान्वित करने की व्यवस्था रखी जाए। कार्यक्रम में महिला लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि समापन कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम ,नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। कार्यक्रम में मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम को भी जोड़कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र,सीएमओ डॉ गीतम सिंह,डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह, सभी अधिशासी अधिकारी, संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## झाड़ फूक के चक्कर में चली गई महिला की जान

**बांदा।** झाड़ फूक के चक्कर में महिला की जान चली गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतर्रा थाना क्षेत्र के सेमरिया मिरदहा गांव निवासी रेखा (35)पत्नी बाबादीन सोमवार की रात जमीन पर सो रही थी। तभी सर्प ने पेट के पास डस लिया। महिला के चीखने पर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। आनन फानन परिजनो ने ओझाओ को बुलवा कर झाड़ फूक करवाई। लेकिन उसकी हालत में सुधार नही हुआ। परिजन एक देव स्थान ले गए। जिससे रेखा की हालत और विगड़ गई। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज लाया गया। जहां उपचार होने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मृतका अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री छोड़ गई है।

# विकास की हर योजना के केंद्र में रहते हैं खंड विकास अधिकारी: केशव

- खण्ड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक को बनाएं आदर्श ब्लॉक
- अपने ब्लॉक क्षेत्र की विकास से संबंधित हर समस्या का समाधान करें, खण्ड विकास अधिकारी
- अपनी कलम और वाणी से ग्रामीण जनता को सामाजिक सरोकारों से जोड़े, खंड विकास अधिकारी गांव और गरीब के विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारें
- प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री की अगुवाई में चलाए जा रही विकास योजनाओं को पहनायें अमलीजामा
- डबल इंजन सरकार में विकास का बना है, अनुकूल वातावरण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। केशव प्रसाद मौर्य आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब में आयोजित खंड विकास अधिकारियों के 15दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खंड विकास अधिकारी विकास की हर योजना के केंद्र में रहते हैं । खण्ड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक को आदर्श ब्लॉक बनायें।अपने ब्लॉक क्षेत्र की विकास से संबंधित हर समस्या का समाधान करें ।अपनी कलम और वाणी की ताकत से ग्रामीण जनता को सामाजिक सरोकारों से जोड़े।

खंड विकास अधिकारी गांव और गरीब के विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारें।प्रधानमंत्री जी के विजन और मुख्यमंत्री जी की अगुवाई में चलाए जा रहे विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनायें।डबल इंजन सरकार में विकास का अनुकूल वातावरण बना है।विकास युक्त ,भ्रष्टाचार मुक्त अपराधमुक्त उत्तर प्रदेशबनाना है।उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है। खण्ड विकास अधिकारी लक्ष्य तय करें , रणनीति बनाएं ,मन से काम करें कामयाबी जरूर मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने ओजस्वी व सारगर्भित उद्बोधन में जहां खण्ड विकास अधिकारियों में नयी ऊर्जा व नये उत्साह का संचार किया, वहीं देश व समाज के प्रति उनके दायित्वों का बोध भी कराया । उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर ग्राम, बनेंगे,तभी आत्मनिर्भर ब्लॉक बनेंगे,तभी उत्तर प्रदेश और भारत आत्मनिर्भर बनेगा। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।कहा कि महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर विशेष रूप से फोकस करें। 2047 तक भारत को हर हाल में विकसित देश बनाना है ।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक ब्लॉक की 2 ग्राम पंचायतों में हो रही ग्राम चौपालों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाए ।

अधिकारी अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझें ।सरकार की मंशा और जन भावनाओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करें। खण्ड विकास अधिकारी अपनी पूरी प्रतिभा दिखाते हुए नवाचार करके दिखाएं । कहा कि खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड की 10-10 सबसे पिछड़ी ग्राम पंचायतों का चयन करके वहां पर विशेष रूप से फोकस करें और उन्हें उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम सभाओ की बराबरी पर लायें।

# एलडीए ने बीकेटी में अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

- पारा में गेस्ट हाउस समेत चार अवैध निर्माण सील किये गये

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा शहर में अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को बी0के0टी क्षेत्र में लगभग 04 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही एक अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। वहीं, पारा व काकोरी क्षेत्र में 04 अवैध निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि संजय अग्रवाल व अन्य द्वारा



बी0के0टी0 में सीतापुर रोड पर फौजी ढ़ाबा के बगल में लगभग 04 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे।

# कांग्रेस ने मनाई सर सय्यद की जयंती

- धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में भारत की कल्पना करने वाले भारतीय नेताओं में अग्रणी थे सर सय्यद



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक और प्रख्यात शिक्षाविद सर सैय्यद अहमद खान की जयंती मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने सर सैय्यद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में भारत की कल्पना करने वाले भारतीय नेताओं में सबसे अग्रणी थे। कांग्रेस सरकार में ही अलीगढ़ मुस्लिम विवि का अल्पसंख्यक चरित्र सुरक्षित रहता है। अल्पसंख्यक चरित्र को सुरक्षित रखते हुए सर्वसमा में शिक्षा का प्रसार करने का सर सैय्यद अहमद खान का जो विचार था वह काम कांग्रेस करती रही। इस मौके पर आल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष तारिक सिद्दीकी ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विवि ने कभी धर्म के आधार पर छात्रों और कर्मचारियों में भेदभाव नहीं किया। डॉ. ईश्वरी प्रसाद उपाध्याय विवि की प्रथम ग्रजुटए थीं। सर सैय्यद अहमद का सपना था कि हर व्यक्ति तालीम हासिल करे ताकि उसमें सही-गलत का फर्क करने की समझ विकसित हो। कांग्रेस प्रवक्ता प्रो. मनीष हिंदवी ने कहा कि आज अगर हमें झूठी और फेक न्यूज से बचना है तो सर सैय्यद अहमद खान के दिखाए रास्ते और उनके बताए ज्ञान पर चलना होगा। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अलीमल्लाह खान ने कहा कि सर सैय्यद अहमद का पहला विरोध मुस्लिम मौलानाओं ने किया जो नहीं चाहते थे कि समाज में रूढ़िवादित खत्म हो और वैज्ञानिक सोच विकसित हो। उन्हें लगता था कि पश्चिमी विचार युवाओं की धार्मिक मान्यताओं को कमजोर कर देंगे। पार्टी नेता व अमुवि के पूर्व छात्र अरशद खुर्शीद ने काा कि यह विडम्बना है कि सर सैय्यद अहमद को केवल एक समुदाय के मसीहा के रूप में देखा जाता है, जबकि वह महान चिंतक और मानवतावादी व्यक्ति थे।

# गड्ढामुक्त अभियान: लगभग 21 हजार किलोमीटर सड़कें गड्ढामुक्त

- गड्ढामुक्त हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 50 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई
- सड़कों के पैच मरम्मत, विशेष मरम्मत तथा नवीनीकरण कार्य हेतु धनराशि की गई आवंटित: जितिन प्रसाद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चलाये जा रहे गड्ढामुक्ति अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 50 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में लोक निर्माण विभाग का 44,869 किलोमीटर सड़कों को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य है, जिसमें लगभग 21,000 किलोमीटर सड़कों को गड्ढामुक्त किया जा चुका है। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश की समस्त सड़कों को गड्ढामुक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस लक्ष्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं। साथ ही नियमानुसार धनराशि का आवंटन भी किया जा रहा है।

अब तक सड़कों के पैच मरम्मत हेतु 27482.73 लाख रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। मण्डलवार आवंटित धनराशि में आगरा को 1155.53 लाख रुपये, अलीगढ़ को 913.08 लाख रुपये, प्रयागराज मण्डल को 1997.30 लाख रुपये, आजमगढ़ को 1078.58 लाख रुपये,



बरेली को 1254.61 लाख रुपये, अयोध्या को 1805.09 लाख रुपये, गोण्डा को 1589.54 लाख रुपये, गोरखपुर को 2000.44 लाख रुपये, बस्ती को 1382.19 लाख रुपये, झांसी को 894.24 लाख रुपये, बांदा 1075.31 लाख रुपये, कानपुर को 2423.14 लाख रुपये, लखनऊ को 3148.19 लाख रुपये, मेरठ को 1380.85 लाख रुपये, सहारनपुर को 845.80 लाख रुपये, मुरादाबाद को 1694.80 लाख रुपये, मिर्जापुर को 1078.04 लाख रुपये तथा वाराणसी को 1766.00 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। लोक निर्माण मंत्री जी ने बताया कि इसी प्रकार प्रदेश भर में 6686 की संख्या में क्षतिग्रस्त सड़कें जिनकी लम्बाई 7816 किलोमीटर है, जिसके विशेष मरम्मत के लिए 132787.56 लाख रुपये जारी किये जा चुके हैं। मण्डलवार जारी धनराशि में आगरा को 6560.34 लाख रुपये, अलीगढ़ को 3807.19 लाख रुपये, प्रयागराज मण्डल को 7224.59 लाख रुपये, आजमगढ़ को 8555.44 लाख रुपये, बरेली को 5527.54 लाख रुपये, अयोध्या को 12181.30 लाख रुपये, गोण्डा को 5877.65 लाख रुपये, गोरखपुर को 8071.81 लाख रुपये, बस्ती को 5534.66 लाख रुपये, झांसी को 3306.74 लाख रुपये, बांदा 2016.38 लाख रुपये, कानपुर को 9338.82 लाख रुपये, लखनऊ को 15695.99 लाख रुपये, मेरठ को 9109.29 लाख रुपये, सहारनपुर को 8168.28 लाख रुपये, मुरादाबाद को 7922.25 लाख रुपये, मिर्जापुर को 3993.79 लाख रुपये तथा वाराणसी को 9895.50 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है। प्रसाद ने बताया कि गड़ढामुक्ति अभियान के साथ-साथ सड़कों के नवीनीकरण का कार्य भी प्राथमिकता पर कराया जा रहा है। जिसके लिए कुल 334383.53 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृति की गई है और 164318.72 लाख रुपये की धनराशि सभी 18 मण्डलों को निर्धारित कार्यों की संख्या के अनुसार आवंटित कर दी गई है।

# अपना दल (एस) जाति आधारित जनगणना की मांग करती रही है: अनुप्रिया

## अपना दल एस केवल बातें नहीं करता है, बल्कि दलित-पिछड़ों के लिए रिजल्ट भी देता है: आशीष पटेल

- केंद्रीय मंत्री ने की ओबीसी मंत्रालय का गठन की मांग

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ/प्रतापगढ़।** यशः कायी डॉ.सोनेलाल पटेल सदैव कहा करते थें कि मुझसे मत जुड़ो, मेरी विचारधारा से जुड़ो, क्योंकि विचारधारा न थकेगी और न रुकेगी, विचारधारा अमर है। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल आज प्रतापगढ़ के जीआईसी कॉलेज मैदान में डॉ.सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित संकल्प सभा में यह विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम सभी को संकल्प लेना है कि हम सभी मिलकर डॉक्टर साहब की विचारधारा को और आगे बढ़ाना है।

केंद्रीय मंत्री पटेल ने कहा कि अपना दल (एस) अपने स्थापना काल से जाति आधारित जनगणना की मांग करती रही है। डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी ने सबसे पहले यह नारा दिया था-

जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय मंत्री पटेल ने कहा कि हमारा देश विविधताओं का देश है। यहां विविधता में एकता है। हमारी सामाजिक संरचना का आधार 'जाति' है। 1931 के बाद देश में जाति आधारित जनगणना नहीं हुई। आज समय की मांग है 'जाति जनगणना'। जाति जनगणना से हर जाति की प्रमाणिक संख्या ज्ञात होगी। समाज में खुशहाली के लिए जाति जनगणना जरूरी है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि लोकतंत्र के चारों स्तंभों में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो। इसके लिए जाति जनगणना जरूरी है।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि ओबीसी क्रीमीलेयर का दायरा बढ़ाकर 15 लाख होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने ओबीसी क्रीमी लेयर का दायरा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख किया गया, लेकिन आज समय की मांग है।

केंद्रीय मंत्री पटेल ने अल्पसंख्यक मंत्रालय की तर्ज पर पिछड़ों के कल्याण के लिए ओबीसी मंत्रालय का गठन होना चाहिए। हमारी पार्टी निरंतर इस मांग को उठा रही है।

केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने कहा कि अपना दल एस का कारवां निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। डॉक्टर साहब को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि आने वाले समय में इसे आगे बढ़ाएं। हर चुनाव में हम आगे बढ़ें। इसके लिए आप सभी पार्टी की विचारधारा को चौक-चौराहों, चौपालों पर चर्चा करें और लोगों को जोड़ें।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रतापगढ़ की पावन धरती ने सदैव अपना दल एस का झंडा बुलंद करने का कार्य किया है। पार्टी को पहला विधायक भी इसी धरती ने दिया।

कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपना दल एस केवल बातें नहीं करता है, बल्कि दलित-पिछड़ों के लिए रिजल्ट भी देता है। हमारी नेता ने नवोदय स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय व सैनिक स्कूलों में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण लागू करवाने का कार्य किया। मेडिकल एक्जाम नीट में ओबीसी आरक्षण दिलाने का कार्य किया।

# जिलाधिकारी ने राज्य वरिष्ठ नागरिक नीति के क्रियान्वयन हेतु की बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम के पदाधिकारी से भुगतान संबंधी समस्या के बारे में पूछा गया सभी स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा बताया गया कि भुगतान की कोई समस्या नहीं है। परंतु जब कोई वृद्धजन गंभीर बीमारी से पीड़ित हो जाते है, तो उनके उपचार में समस्या आती है। जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये गये कि उनके स्तर से दो नोडल अधिकारियों को नामित करते हुए जनपद में संचालित समस्त वृद्धाश्रमों में निवासरत वृद्धजनों के राशन कार्ड बनवाये जायें जिसके आधार पर स्वास्थ विभाग द्वारा वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना संभव हो सके।




उन्होंने निर्देश दिए की वृद्धाश्रमों में निवासरत सभी वृद्धजनों के जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही समस्त विकास खण्डों के सक्षम अधिकारी , आगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा बहू एवं नगरीय क्षेत्र में नगर निगम एव पुलिस विभाग के सहयोग से ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को चिन्हित किया जाये जो वरिष्ठ नागरिक एकाकी जीवन व्यतीत कर रहें हों, निःसंतान हो या जिनकी संतान बाहर रह रही हों की सूची बनाकर जिला समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध करायी जाये।

# घुड़सवारी के चयन हेतु स्क्रीनिंग एक नवंबर को

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** घुड़सवारी (घुड़सवारी) के लिए लड़कों हेतु खेल कैडेट के लिए एक खुली चयन रैली 01 नवंबर 2023 से 04 नवंबर 2023 तक रिमाउंट वेटरनरी कोर (आरवीसी) और कॉलेज, मेरठ कैंट में आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक स्क्रीनिंग के लिए उम्मीदवारों को 01 नवंबर को सुबह 06 बजे रैली स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। अभ्यर्थी का 01 नवंबर 2023 को आयु सीमा 08 वर्ष से 14 वर्ष होनी चाहिए। राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले अभ्यर्थियों की आयु सीमा 16 वर्ष तक रखी गई है। उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम तीसरी कक्षा उत्तीर्ण और चिकित्सकीय रूप से फिट होनी चाहिए। किसी भी टैटू वाले उम्मीदवारों को अनुमति नहीं दी जाएगी। जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवासीय / निवास प्रमाण पत्र, स्कूल प्रमाण पत्र / मार्क शीट, चरित्र प्रमाण पत्र, घुड़सवारी खेल में उपलब्धियों से संबंधित प्रमाण पत्र (यदि कोई हो) की मूल प्रति आवश्यक है। साथ ही राइडिंग किट के साथ 10 पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ भी साथ में लाना होगा। चयनित उम्मीदवारों को 10वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा, भोजन और आवास, बीमा, चिकित्सा सुविधा और घुड़सवारी में कोचिंग प्रदान की जाएगी। सभी उम्मीदवारों को चयन रैली के दौरान यात्रा, आवास और भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। अधिक जानकारी के लिए, उम्मीदवारों को बॉयज़ स्पोर्ट्स कंपनी, आरवीसी सेंटर एंड कॉलेज, मेरठ, कैंट से संपर्क करने की सलाह दी जाती है।

# कई दर्जन ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलाई जायेंगी: रेखा शर्मा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के जौनपुर जंक्शन एवं जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशन के मध्य कॉर्ड लाइन के निर्माण के लिए 17 से 28 अक्टूबर तक नॉन- इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है।

इस नॉन.इंटरलॉकिंग कार्य के कारण उक्त अवधि में लखनऊ मण्डल से गुजरने वाली मरुधर एक्सप्रेस और साबरमती एक्सप्रेस समेत कई दर्जन ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलाई जायेंगी। यह जानकारी उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने दी। ट्रेन नम्बर 14854 मरुधर एक्सप्रेस 19, 21, 23 एवं 26 अक्टूबर, 19167 साबरमती एक्सप्रेस 17, 19, 21, 23, 24 एवं 26 अक्टूबर, 18104 जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 18, 20, से 25 एवं 27 अक्टूबर, 14018 सदभावना एक्सप्रेस 18, 25 अक्टूबर, 13238 कोटा पटना एक्सप्रेस 19, 20, 22, 26 एवं 27 अक्टूबर, 18103 जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 16, 18, 23 एवं 25 अक्टूबर, 19305 डॉ.आम्बेडकर नगर कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस 19 अक्टूबर, 19313 इंदौर पटना एक्सप्रेस 18 अक्टूबर, 19321 इंदौर पटना एक्सप्रेस 21 अक्टूबर, 15668 कामाख्या गांधीधाम एक्सप्रेस 18 एवं 25 अक्टूबर, 15636 द्वारका एक्सप्रेस 23 अक्टूबर, 14007 सदभावना एक्सप्रेस 18 एवं 20 अक्टूबर, 14015 सदभावना एक्सप्रेस 17 अक्टूबर, 14017 सदभावना एक्सप्रेस 19 एवं 26 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ वाराणसी होकर चलेंगी। ट्रेन नम्बर 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस 17, 18, 19 एवं 27 अक्टूबर, 12370 कुम्भ एक्सप्रेस 17, 19, 20, 22, 23, 24, 26 एवं 27 अक्टूबर, 12328 उपासना एक्सप्रेस 18, 21 एवं 25 अक्टूबर, 22356 चंडीगढ़ पाटलीपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस 19, 23 एवं 26 अक्टूबर, 13240 कोटा पटना एक्सप्रेस 17, 18, 21, 23, 24 एवं 25 अक्टूबर को वाया लखनऊ सुलतानपुर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ वाराणसी चलेंगी। रास्ते में रोककर चलायी जायेंगी ये ट्रेनें ट्रेन नम्बर 13414 फरक्का एक्सप्रेस 18, 21, 23, 25 एवं 28 अक्टूबर को मार्ग में 30 मिनट, 13483 फरक्का एक्सप्रेस 17, 18, 20, 22, 24, 25 एवं 27 अक्टूबर, 13413 फरक्का एक्सप्रेस 16, 19, 21, 23 एवं 26 अक्टूबर को मार्ग में 70 मिनट, 14007 सदभावना एक्सप्रेस 25 एवं 27 अक्टूबर मार्ग में 70 मिनट, 14015 सदभावना एक्सप्रेस 22 व 24 अक्टूबर को मार्ग में 70 मिनट, 19305 डॉ.आम्बेडकर नगर कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस 26 अक्टूबर मार्ग में 120 मिनट, 19313 इंदौर पटना एक्सप्रेस 23 व 25 अक्टूबर मार्ग में 120 मिनट, 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस 20, 21, 22, 23, 24, 25 एवं 26 अक्टूबर मार्ग में 30 मिनट रोक कर चलायी जायेगी।

## शोभन चौधुरी ने किया रेलवे महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप का किया उद्घाटन

**लखनऊ/नई दिल्ली।** रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में उत्तर रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एनआरएसए) द्वारा आज से 23 अक्टूबर तक करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में 46वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2023-24 का शुभारम्भ हुआ।



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में 46वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2023-24 के उद्घाटन की घोषणा की। इस चैंपियनशिप में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर शोभन चौधुरी ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों से सच्ची खेल भावना का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बास्केटबॉल एक टीम रूप में खेलने का खेल है और इसके सभी पहलुओं में एकता और ताकत की आवश्यकता होती है। सभी खिलाड़ी एकजुट हो कर खेले भावना का प्रदर्शन करें।

## निरस्त गाड़ियां निर्धारित मार्ग पर चलेगी



**लखनऊ।** रेल प्रशासन ने सूचित किया है की बुढ़वल सुधिआमा के मध्य लगभग 11 किमी रेल लाइन पर दोहरीकरण कार्य के चलते 7 से 15 अक्टूबर तक प्री.नॉन इंटरलॉकिंग तथा 16 से 19 अक्टूबर तक नॉन.इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। उक्त इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व में गाड़ी संख्या 11123 ग्वालियर बरौनी यात्रा प्रारंभ करने की तिथि 11 से 19 अक्टूबर को निरस्त गया था। अब यह गाड़ी निरस्त होने के बजाय अपने निर्धारित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर, छपरा, सोनपुर जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, न्यू वेस्ट केबिन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, पाटलीपुत्र व सोनपुर के रास्ते अपने गंतव्य जायेगी। वहीं गाड़ी संख्या 11124 बरौनी ग्वालियर यात्रा प्रारंभ करने की तिथि 12 से 20 अक्टूबर को निरस्त किया था उसमें भी परिवर्तन किया गया है। अब यह गाड़ी निरस्त होने के स्थान पर अपने निर्धारित मार्ग सोनपुर जंक्शन, छपरा, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सोनपुर जंक्शन, पाटलीपुत्र, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, न्यू वेस्ट केबिन, मिर्जापुर, प्रयागराज, कानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी के रास्ते चलेगी।

# चिरंजीव ने छात्राओं को यूपीपीएससी में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** क्रिश्चियन कॉलेज में कलेक्टर बिटिया जागरूकता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में एडीसीपी वेस्ट लखनऊ चिरंजीव नाथ सिन्हा ने ऑडिटोरियम में मौजूद छात्राओं को यूपीपीएससी परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित कर परीक्षा की तैयारी के टिप्स देकर अपनी कहानी अपनी जुबानी सुना कर मंत्र मुग्ध कर दिया। अम्बर फाउंडेशन के चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने मुख्य अतिथि का शाल ओढ़ाकर मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वफ़ा अब्बास ने आगे कहा कि भारत के रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद शेर ए हिन्द राजनाथ सिंह की प्रेरणा और आशीर्वाद से हमारी सामाजिक संस्था अम्बर फाउंडेशन द्वारा गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए चलाए जा रहे निःशुल्क समाजिक नेत्र चिकित्सा एवं शैक्षिक सेवा कार्यक्रम के माध्यम से नेत्र चिकित्सा शिविर द्वारा 25000 चश्मा वितरण 3000 मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं 1000 प्राइमरी स्कूल के बच्चों की फीस जमा करना तथा निम्नवर्ग आय के परिवार की 300 बेटियों के लिए ध्येय आई.ए.एस के साथ सहयोग से उनकी मुफ्त कोचिंग किताबें पढ़ाई और परीक्षा के साथ ''कलेक्टर बिटिया'' प्रोग्राम सफलता की ओर अग्रसर हैं।